हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 05.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 100 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये



## एक नजर

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**बरही** : बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गुड़ियो शिवांगी धाम कलवर्ट के पास खराब सड़क के कारण बाइक सवार महिला सड़क पर गिर गई। गिरने से महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सोनी देवी उम्र 30 वर्ष पति रविन्द्र यादव तुर्कबाद,केंदुआ बरकट्ठा की रहने वाली थी। सोनी देवी अपने घर तुर्कबाद से तिलैया डैम जा रही थी। इसी बीच गुड़ियो शिवांगी धाम कलवर्ट के पास खराब सड़क के कारण बाइक असंतुलित हो गया और वह सड़क पर गिर गई सिर पर गहरी चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गुड़ियों शिवांगी धाम कल्वर्ट के पास रोड दब कर गड्ढा हो जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसके कारण उक्त महिला का मृत्यु हो गई।

### उर्दू प्राथमिक विद्यालय की रसोइया झुलसी बरही में इलाज के बाद रेफर



**बरही** : बरही के कोनरा उर्दू प्राथमिक विद्यालय में रसोईया का काम करने वाली महिला झुलस गई। मंगलवार को रसोइया शकीला खातून उम्र 50 वर्ष पति मो निसार विद्यालय में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बना रही थी। भोजन बनाने के क्रम में गैस चूल्हा की आग महिला शकीला खातून के कपड़ा में पकड़ लिया और कपड़ा तेजी से जलने लगा। शिक्षक और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। घर वाले ग्रामीणों की मदद शकीला खातून को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया बर्निंग लगभग 60 प्रतिशत है।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग की सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**बरही** : बरही चकुरा टांड़ स्थित बरही के उपकारा के जेलर राज मोहन के आवास पर सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर महेश प्रसाद एवं संचालन रामलखन महतो ने किया। वहीं सत्संग में ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। जबकि उद्घोष कृष्ण गुप्ता, ज्ञान गुदड़ी किंतु साव ,स्वर्वेद पाठ राजमोहन राजन, भजन सुनीता देवी, कैलाश केशरी एवं रविन्द्र सिंह एवं प्रवचन पंकज मिश्रा ने किया। इस दौरान कृष्ण गुप्ता ने मौके पर मौजूद लोगों को ब्रह्मा विद्या विहंगम योग के उद्देश्य को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। मौके पर कृष्ण गुप्ता, भोलानाथ महतो, अनमोल राणा , कैलाश पति सिंह, कैलाश प्रसाद केशरी, उपेंद्र पांडेय, सुनीता देवी, रामचंद्र राम एवं कैलाश प्रसाद केशरी, किशोर सिंह, प सहित कई लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

### एंबुलेंस के चपेट आने से दो लोग घायल

**बरही** : बरही थाना क्षेत्र के बरसोत चौक पर एंबुलेंस के चपेट में आने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की पहचान जीतपुर गांव के रामकुमार यादव उम्र 50 पिता गोपी यादव तथा पवन कुमार उम्र 30वर्ष पिता रामकुमार यादव के रूप में हुई। ग्रामीणों के मदद से दोनों को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया है एंबुलेंस बरकट्ठा से बरही की ओर जा रहा था इसी दौरान दोनों घर जाने के लिए रोड पास करने के दौरान घटना घटी। खबर को सुनते ही ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव अस्पताल पहूंच घायलों से मिले।

## शहीद सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता पर पटेरियापानी की टीम ने जमाया कब्जा

# खेल समाज का आईना है : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत अंतर्गत कुशवाहा खेल मैदान शिवाडीह में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2025 का आयोजन कुशवाहा समाज शिवाडीह के द्वारा ग्राम अध्यक्ष खिरोधर कुमार की अध्यक्षता में किया गया। संचालन ग्राम सचिव वास्तव प्रसाद दांगी व कमेंट्री पंचम कुमार ने किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फटरीया पानी बनाम जोराकाठ के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में फटेरिया पानी की टीम ने जोराकाठ को 01 से हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। मौके पर खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जनता की मांग है जल्द ही गार्ढवाल का निर्माण



कराया जाएगा। खेल समाज का एक विशेष अंग है। खेल से शारीरिक मानसिक विकास तो होता ही है। साथ ही साथ खेल से टीम बनाकर कार्य करने सीख मिलता है। कार्यक्रम को बारी-बारी से प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी , मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया ललिता देवी सहित कई अतिथियों ने अपनी अपनी बातों को रखते हुए संबोधित किया। तत्पश्चात फटरियापानी की टीम को प्रथम पुरस्कार शील्ड व बड़ा खस्सी देकर एवं जोराकाठ की टीम को द्वितीय शील्ड व खस्सी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से डीएसपी रोबिन कुमार, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, श्रीकांत निराला, पूर्व पंसस बासमती कुमारी, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, समाजसेवी भवानी प्रसाद दांगी, मनोज दांगी, यददू प्रसाद दांगी, संजय महतो, राजकुमार राणा, सुखदेव प्रसाद, अजीत प्रसाद, वहीं आयोजक टीम से कोषाध्यक्ष मुकुल देव कुमार, भानु प्रताप त्रिदेव, मुकुल देव प्रसाद, टेकलाल प्रसाद, अरविंद कुमार, धनुषधारी महतो, चंदन कुमार, नागेश्वर प्रसाद, दिलीप प्रसाद दांगी, रंजीत कुमार, रोमाल कुमार कुशवाहा, डॉक्टर पवन कुमार, राजेश कुमार त्रिदेव, टेकलाल प्रसाद, धनंजय प्रसाद धीरज, निवेश कुमार, अजीत प्रसाद, कार्तिक प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, विक्की प्रसाद, नितिन कुमार, अभय कुमार, धोनी कुमार, अरुण कुमार, सेवक कुमार दीपचंद महतो, स्नेहा कुमारी, अनुज कुमार, खेल रैफरी दीपक कुमार सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## शिलापट्ट में जिप सदस्या का नाम अंकित होना दुर्भावना को दर्शाता है : मंजू देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : पिछले 2 नवंबर को खोड़ाहार पंचायत के दौरवा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से बनाए जाने वाले सड़क का शिलान्यास स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था। हैरत की बात है कि शिलान्यास पट्ट में सांसद मनीष जयसवाल, विधायक मनोज कुमार यादव, प्रमुख मनोज कुमार रजक, मुखिया अनीता देवी एवं यहां तक कि उप मुखिया रोहित कुमार यादव का नाम है, लेकिन इसी क्षेत्र इसी पंचायत से ताल्लुक रखने वाली बरही मध्य क्षेत्र के जिला परिषद सदस्या मंजू देवी का नाम शिलान्यास पट्ट पर अंकित नहीं है। शिलान्यास पट्ट पर जिप सदस्या मंजू देवी का नाम अंकित नहीं होने से जिप सदस्या ने कड़ा ऐतराज जताया है। जिप सदस्या मंजू देवी ने कहा




कि यह कृत्य जिनके द्वारा भी किया गया है, वह दुर्भावना से ग्रसित है। इसमें राजनीति साफ झलकती है। विकास के मामले में इस तरह की कृत्य शोभनीय नहीं है। उन्होंने इसके लिए संवेदक को जिम्मेदार ठहराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि का यह अपमान है। जनता उन्हें चुनी है तो जनता का ही यह अपमान माना जाएगा। जिप सदस्या ने उपायुक्त, विभागीय अधिकारियों को इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## रखोतिया टोला में 35 हाथियों का तांडव किसानों की 4.5 एकड़ धान की फसल तबाह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुशा** : थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैयडीह के रखोतिया टोला में खेत में लहलहाती धान की फसल को बीती रात हाथियों के झुंडों ने किसानों की लह लहाती धान की फसलें को रौंदकर नष्ट कर दिया है। हाथियों के इस आतंक से सलैयडीह के रखोतिया टोला के किसान सुखदेव यादव पिता उगर यादव, राजेन्द्र यादव पिता तुलसी यादव, दीपक यादव पिता मंगन यादव, सुरेन्द्र यादव पिता बुलाकी यादव, अर्जुन यादव पिता बिहारी यादव, किशुन यादव पिता लाखों महतो, तिलक महतो पिता लक्ष्ु महतो, ने बताया की हमलोग के खेत मौजा रखोतिया में लगभग 4.5 एकड़ में लगे धान को हाथियों के झुंडों ने रौंदकर पूरी तरह नष्ट कर दिया है। वहीं मुखिया सुखदेव यादव ने बताया



की मेरे गोतिया के खेत मौजा रखोतिया में 4.5 एकड़ में लगे धान की फसल हाथियों के झुंडों ने रौंदकर नष्ट कर दिया है।हाथियों के झुंड ने खेतों में घुसकर धान की खड़ी फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार हाथियों का झुंड रात में जंगल से निकलकर खेत में प्रवेश कर गया। हाथियों ने खेतों में उत्पात मचाया। हाथियों ने धान की फसल को खाया कम बर्बाद ज्यादा किया। जिससे किसानों कोभारी क्षति पहुंचा है। किसानों ने बताया कि यह उनकी साल भर की मेहनत थी और इस नुकसान से उनके परिवार के सामने भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने वन विभाग से तत्काल मुआवजे और भविष्य में हाथियों के हमले को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है।

## चौपारण की संघर्षशील शिक्षिका अमीना बानो बनीं महिला सशक्तिकरण की मिसाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : चौपारण की रहने वाली अमीना बानो ने संघर्षों के बीच अपनी पढ़ाई पूरी कर समाज में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। उन्होंने पीजी और बी.एड. की पढ़ाई पूरी करने के बाद अब तक दर्जनों बच्चियों को शिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। अमीना बानो का कहना है कि झारखंड देश की लगभग 40 फीसदी खनिज संपदा का धनी राज्य है, जिसमें कोयला, लोहा, बॉक्साइट और यूरेनियम जैसे बहुमूल्य खनिज भरे पड़े हैं। इसके बावजूद राज्य अपने गठन के 25 वर्ष बाद भी रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद उद्योग, शिक्षा और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं आज भी अधूरी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दामोदर



वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) की बिजली से देश के कई राज्य रोशन होते हैं, लेकिन इसका मुख्यालय आज तक रांची नहीं लाया गया है। नतीजतन, हजारीबाग और कोडरमा जैसे जिलों में आज भी बिजली संकट बना रहता है। इसी तरह, बराकर नदी का पानी पश्चिम बंगाल के खेतों को सींचता है, जबकि झारखंड के विस्थापित किसान सूखे खेतों से जूझ रहे हैं। अमीना बानो ने राज्य में रोजगार के अभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा की व्यवस्था तो है, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के अवसर नहीं मिलते। यदि सरकार स्थानीय नीति को सख्ती से लागू करे और कंपनियों को रोजगार सृजन के लिए बाध्य करे, तो युवाओं का पलायन रुक सकता है। अमीना बानो ने सरकार से अपील की कि डीवीसी, सीसीएल, बीसीसीएल, एनटीपीसी जैसी बड़ी कंपनियों को स्थानीय नीति का पालन करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए जाएं। उनका कहना है कि यदि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए और उद्योग नीति का सही क्रियान्वयन हो, तो हजारों युवाओं को रोजगार मिल सकता है। उन्होंने कहा झारखंड तभी आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बन पाएगा, जब यहां के संसाधनों का लाभ यहां के लोगों तक पहुंचे और हर युवा को अपने ही राज्य में काम करने का अवसर मिले।

## हजरत दाता मदारा शाह रहमतुल्लाह अलैह का 368वां उर्स मुबारक 5 से 7 नवंबर तक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : नवाबगंज, हजारीबाग स्थित तकिया मजार शरीफ पर हजरत दाता मदारा शाह रहमतुल्लाह अलैह का 368 वां सालाना उर्स मुबारक आगामी 5, 6 और 7 नवंबर 2025 को बड़े ही धूमधाम, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस तीन दिवसीय उर्स को लेकर मैनेजिंग कमेटी हजरत दाता मदारा शाह रह.अ. की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मैनेजिंग कमेटी के सदर परवेज अहमद ने आयोजित कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि उर्स मुबारक के दौरान होने वाला कव्वाली का महा मुकाबला कार्यक्रम इस वर्ष का मुख्य आकर्षण रहेगा। इस मुकाबले में देश के प्रसिद्ध कव्वाल, साबिर सैफ अली चिश्ती, जुनैद अजमेरी और जुनैद सुल्तानी अपनी बेहतरीन कव्वालियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। कव्वाली का यह आयोजन स्थानीय के.एन. इस्लामिया स्कूल परिसर, झील रोड, हजारीबाग में बने भव्य पंडाल में किया जा रहा है, जहाँ लाइटिंग, साज-सज्जा और दर्शकों की सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। मैनेजिंग कमेटी के सदर परवेज अहमद ने बताया कि कव्वाली के इस आयोजन में 7 नवंबर को बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी शरीक होंगे। मैनेजिंग कमेटी के सचिव ने बताया कि 5 नवंबर को नमाज-ए-फजर के बाद कुरानखानी और मिलाद शरीफ होगा, शाम को नातिया मुशायरा एवं उल्मा-ए-किराम की तकरीर के बाद कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। 6 और 7 नवंबर को कव्वाली का महा मुकाबला कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेगा। पूरे मजार शरीफ परिसर की साज-सज्जा, रोशनी और स्वागत तैयारी भव्य रूप से की जा रही है।

## हजारीबाग में नव झारखंड फाउंडेशन ने लेबर कमिश्नर से की मुलाकात

### प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और पुनर्वास को लेकर रखीं मांगें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : प्रवासी श्रमिकों की लगातार बिगड़ती स्थिति और राज्य से बाहर काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा, पुनर्वास तथा रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में नव झारखंड फाउंडेशन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने को जिला श्रम अधीक्षक (लेबर कमिश्नर) रवि शंकर से मुलाकात कर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की और मांगे रखी। राणा ने कहा कि झारखंड विशेषकर हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और गिरिडीह क्षेत्रों से प्रतिवर्ष हजारों मजदूर आजीविका की तलाश में



दिल्ली, पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु जैसे राज्यों में पलायन करते हैं। वहां उन्हें बिचौलियों के माध्यम से ठेकेदारों के पास भेजा जाता है, जहां कई बार न तो मजदूरी समय पर मिलती है, न ही रहने और सुरक्षा की व्यवस्था होती है। कई मजदूर बीमार पड़ने या दुर्घटना के शिकार होने पर बिना किसी सहायता के घर लौट आते हैं। मृत्यु के उपरान्त सरकार के द्वारा मदद के लिए दिए जाने वाले पैसे मिलने में भी देरी होती है। श्री राणा ने लेबर कमिश्नर से मांग की कि जिला स्तर पर प्रवासी श्रमिक सहायता प्रकोष्ठ का गठन किया जाए, ताकि बाहर काम करने वाले मजदूरों का डेटा रजिस्टर में दर्ज हो और किसी संकट की स्थिति में उनकी पहचान व सहायता आसानी से की जा सके। साथ ही श्रीमिको के फायदे के स्कीम की जानकारी उन्हें मिले इसके लिए हर ब्लॉक में कैंप लगाकर उनके साथ जानकारी साझा करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार को प्रवासी मजदूरों के लिए बीमा सुरक्षा, आकस्मिक सहायता कोष, और स्थानीय स्तर पर कौशल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करनी चाहिए, जिससे उन्हें पलायन की विवशता से मुक्ति मिले। लेबर कमिश्नर रवि शंकर ने संगठन के प्रतिनिधियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और भरोसा दिलाया कि विभाग स्तर पर जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों के लिए नई नीतियाँ है। उसकी भी जानकारी दी जायेगी। यह मुलाकात हजारीबाग में प्रवासी मजदूरों के अधिकारों को लेकर एक नए संवाद की शुरूआत मानी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्णपुरा महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की ओर से सेमिनार का हुआ आयोजन




**बड़कागांव** : कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव के सेमिनार हॉल में प्राचार्य डॉ.कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में समाजशास्त्र विभाग के द्वारा - शहरीकरण और पारिवारिक संरचना में परिवर्तन विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार की शुरूवात मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं मुख्य वक्ता पूर्व प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि लोकनाथ महतो ने कहा कि शहरों में शिक्षा रोजगार और आधुनिक जीवन शैली के बढ़ते प्रभावों ने लोगों को अपने ओर आकर्षित किया है। मुख्य वक्ता टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि पहले भारतीय समाज में संयुक्त परिवार की परंपरा मजबूत थी परंतु शहरी जीवन की भागदौड़, आर्थिक दबावों के कारण अब संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों ने ले ली है। प्राचार्य डॉ कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि शहरीकरण आज के युग की एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है, गांव से शहरों की ओर लोगों का पलायन भौगोलिक परिवर्तन के साथ, सामाजिक और पारिवारिक जीवन में भी गहरे बदलाव लाया है। पूर्व प्राचार्य प्रो. ज्योति जलधर ने कहा कि शहरीकरण की प्रक्रिया ने परिवार के लिए चुनौतियां भी उत्पन्न किया है। जैसे पारिवारिक एकता में कमी, बुजुर्गों की उपेक्षा और बच्चों में भावनात्मक असुरक्षा की भावना। शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ने कहा कि झ्र शहर के परिवारों में हम एवं अपनत्व की भावना की कमी देखी जा रही है, वहीं ग्रामीण परिवारों में आज भी एकता एवं अपनत्व की भावना विद्यमान है। छात्र-छात्राओं ने भी सेमिनार में अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार का संचालन समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार द्वारा किया गया। इन्होंने शहरीकरण और पारिवारिक संरचना पर विस्तृत चर्चा किए और कुछ पंक्तियों को रखे - दूर शहर में बैठा हूं घर की याद सताती है, दिल को हर पल तड़पाती है, वो गांव हमें वापस बुलाती है , वो गांव हमें वापस बुलाती है। सेमिनार का समापन की घोषणा परीक्षा नियंत्रक प्रो. फजरूद्दीन अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए किया। इस सेमिनार में प्रो.सुरेश महतो, प्रो.नरेश कुमार दांगी, डॉ. अन्नु कुमारी, प्रो ऋतुराज, प्रो रंजीत प्रसाद, डॉ ललिता कुमारी, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो राम किशोर प्रसाद दांगी, प्रो. लालदेव महतो, और सैकड़ो छात्र -छात्राएँ शामिल थे।

### ठंडक ने दी दस्तक, बड़कागांव में नवंबर की शुरूआत से महसूस होने लगी सर्द हवाएं

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में 28 अक्टूबर से लेकर 2 अक्टूबर तक रिमझिम बारिश के बाद मानसून समाप्त हो गया। बादल छटने के साथ ही ठंड ने दस्तक दे दी है तेजी से तापमान नीचे गिरने लगा है। बड़कागांव प्रखंड में सुबह 8:00 बजे के पश्चात दोपहर तक थोड़ी गर्मी का एहसास होता है तो वही सूर्यास्त के बाद ठंड बढ़ने लगती है। लोगों ने अपने गर्म वस्त्र निकाल रखे हैं ,ताकि विशेष ठंड पड़ने पर उपयोग किया जा सके। ज्ञात हो की पिछले वर्ष 2024 -25 में दिसंबर माह तक गर्मी का एहसास हो रहा था परंतु इस वर्ष 2025 में पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ बारिश होने के कारण नवंबर माह में ही ठंड का एहसास लोगों को होने लगा है। बुजुर्गों का मानना है कि पहली ठंड में सभी को बचाने की आवश्यकता है इसलिए शुरूआती ठंड पड़ने से ही लोगों को गर्म वस्त्र पहन कर रहना चाहिए ताकि ठंड की बीमारी से बचा जा सके। मौसम विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष 2025 -26 में कड़ाके की ठंड पड़ पड़ने की पूरी संभावनाएं है । पिछले वर्ष बड़कागांव प्रखंड में न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड दर्ज की गई थी।

### चौबे के किसान बीज भंडार में किसानों को 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर मिलेगा बीज

**चलकुशा** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चौबे बाजार टांड स्थित किसान बीज भंडार में 50प्रतिशत अनुदानीत पर किसानों को मिलने वाली बीज भंडार केंद्र का उद्घाटन 20सुत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी एवं चौबे मुखिया कुमार अंशु ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट किया।इस दौरान किसानों के बीच बीज का वितरण भी किया गया। किसान बीज भंडार के संचालक संतोष चौधरी ने बतलाया कि 50प्रतिशत अनुदान पर गेहूं HD1967 1987 रुपए प्रति क्विंटल दर से एवं सरसों RH768 5145 प्रति क्विंटल दर पर उपलब्ध है प्रखंड तकनीक प्रबंधक संजय यादव द्वारा बताया गया कि बीज ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी द्वारा वितरण की जाएगी क्षेत्र के किसान आधार कार्ड एवं मोबाइल साथ में लेकर आएंगे। इस बार सरकार द्वारा रवी मौसम आते ही बीज उपलब्ध करा देने से किसानों में हर्ष है। मौके पर पसंस उदित राम उप मुखिया प्रतिनिधि भुनेश्वर स्वर्णकार मथुरा यादव, संजीत चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, गफ्फार अंसारी, भोला रविदास, बाबूजन अंसारी, सरयू चौधरी, गोविंद चौधरी, किशुन चौधरी, लक्ष्मण राणा, सकलदेव पासवान, धीरज सोनी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### केबीएसएस +2 विद्यालय में बाल संसद का गठन समारोह संपन्न




**चौपारण** : शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर यदि व्यवहारिक जीवन से जुड़ जाए, तो छात्र सच्चे अर्थों में भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर मंगलवार को के.बी.एस.एस +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में बाल संसद के पुनर्गठित सांसदों के बीच मंत्रीमंडल के चयनित मंत्रियों को नया बैच प्रदान किया गया। यह आयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार राणा की अध्यक्षता में बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य कालीचरण राम थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाल संसद बच्चों में नेतृत्व, निर्णय क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने चयनित सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और समर्पण के साथ करना चाहिए, ताकि विद्यालय में अनुशासन और शिक्षा का वातावरण और मजबूत हो सके। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में महेश प्रसाद वर्णवाल, नागेश्वर वर्मा, राजेन्द्र कुमार, कमाल अहमद अंसारी, महेश महतो, संजय कुमार राम, राधा कृष्ण पाठक, राजा राम रवि, शिव कुमार, सतेन्द्र मिश्र, अमित रंजन सिंह, विवेक कुमार, विजय कुमार, सुषमा कुमारी, सुभाषिनी कुमारी, रेशमी कुमारी, अंकुर कुमार, इन्द्रजीत कुमार, मनोतोष प्रमाणिक, जितेंद्र कुमार, विनय कुमार, नीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुबोधकांत राणा, विभा कुमारी और पप्पू कुमार सहित कई शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● बुधवार ● 05.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 100 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

# 8 नवंबर से 15 दिसंबर तक राज्यभर में आयोजित होगा 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम'

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में इस वर्ष फिर 18 नवंबर से 15 दिसंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव द्वारा जल्द ही इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, सचिवों, प्रमंडलीय आयुक्त और जिला उपायुक्तों कार्यक्रम आयोजित करने का आधिकारिक निर्देश जारी कर दिया जाएगा। सरकार ने आपकी योजना, आपकी सरकार.. कार्यक्रम की तिथि को 14 नवंबर को घाटशिला उप चुनाव का आने वाले परिणाम और 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस जैसी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया है। साथ ही 15 दिसंबर को आपकी योजना... कार्यक्रम को इसलिए भी समाप्त किया जा रहा है ताकि 20 दिसंबर से राज्य में क्रिसमस का त्योहार शुरू हो जाता है।

## उपायुक्तों को निर्देश

उपायुक्तों को लगभग एक महीने तक आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन करने तथा लोक कल्याण कारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जा रहा है। साथ ही उपायुक्तों और अन्य अधिकारियों को व्यक्तिगत योजनाओं को सैचुरेशन मोड में लागू करने की दिशा में पहल करने का सुझाव है।थ ताकि कोई भी आहर्ता प्राप्त व्यक्ति किसी योजना के लाभ से वंचित नहीं हो सके। यह भी सुनिश्चित करने का सुझाव है कि प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन हो। आयोजित होनेवाले शिविर, स्थल और तिथि की जानकारी जनप्रतिनिधियों को




भी देने का निर्देश दिया जा रहा है। प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर रजिस्टर्ड किया जाएगा एवं उसका ऑन स्पॉट निवारण की भी कोशिश की जाएगी। पूर्व की तरह शिविरों में आमजनों राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आमजनों से उन शिविरों में लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। मौके पर ही आवेदनों का निष्पादन करने की कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवरद्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति-आवासीय-आय प्रमाण पत्र और किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े आवेदन लिए जाएं एवं उसका निष्पादन भी किया जाएगा। उपायुक्तों से कहा जा रहा है कि जिन योजनाओं को लेकर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उसके लिए प्रतीक्षा सूची का निर्माण किया जाएगा। शिविरों में सभी प्रकाश की पेंशन योजनजाएं, आयुष्मान कार्ड वितरण, सामुदायिक व व्यक्तिगत वन पट्टा के भी आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच बनाया जाएगा। धोती साड़ी और एसएचजी कलस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्य का वितरण किया जाएगा।

### स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र और साइकिल क्रय के लिए चेक दिया जाएगा

पूर्व में स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत निर्मितजाति प्रमाण पत्रों को लैमिनेशन करा कर वितरित किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में छात्र छात्राओं के बीच साइकिल क्रय के लिए प्रतिकात्मक रूप से चेक भी दिया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी में टक्कर, 10 की मौत

## रेलवे ने की मृतकों के परिजनों को ₹10 लाख, गंभीर रूप से घायलों को ₹5 लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा

एजेंसी

**बिलासपुर :** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। बिलासपुर-कटनी सेक्शन पर कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी में जोरदार टक्कर हो गई। इसमें 10 यात्रियों की मौत हो गई है जबकि कई यात्री घायल हुए हैं। इनमें से कुछ हालत अति चिंताजनक बतायी गई है। इसके कारण रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। रेलवे प्रशासन ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को ₹10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को ₹5 लाख तथा सामान्य रूप से घायल यात्रियों को ₹1 लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

बिलासपुर के जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने ट्रेन हादसे में अभी तक चार लोगों की मौतों की पुष्टि की है और दो यात्रियों की हालत अत्यंत गंभीर बताई है, जिसमें एक महिला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद रेलवे और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस हादसे के कारण ओवरहेड वायर और सिग्नल सिस्टम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे रूट पर परिचालन ठप हो गया है। कई ट्रेनों को रद या डायवर्ट किया गया है।



### आपातकालीन संपर्क नंबर

- बिलासपुर - 7777857335, 7869953330
- चांपा - 8085956528
- रायगढ़ - 9752485600
- पेंड्रा रोड - 8294730162
- कोरबा - 7869953330
- उसलापुर - 7777857338

रेलवे ने मेडिकल यूनिट और राहत दल मौके पर भेजे हैं। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

जनसंपर्क अधिकारी विपुल विलासराव ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन के पास लगभग 16:00 बजे मेमू ट्रेन गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन (68733) मालगाड़ी से टकरा गई। इसमें प्रभावित लोगों के इलाज लिए रेलवे ने सभी संसाधन उपलब्ध करा दिए हैं और सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। रेलवे की तरफ से आपातकालीन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिसमें यात्रियों के परिजन दिए गए नंबरों पर कॉल करके अपने परिजनों की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह हादसा गतोरा और बिलासपुर स्टेशन के बीच अप लाइन पर बिलासपुर स्टेशन से करीब 5 किलोमीटर दूर हुई है। ट्रेन गेवरा से बिलासपुर जा रही थी। मालगाड़ी बिलासपुर से आ रही थी। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक लाल खदान के पास दोनों ट्रेनें एक ही ट्रैक पर आ गई, जिससे उनकी टक्कर हो गई।

जनसंपर्क अधिकारी विपुल ने बताया कि रेलवे ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है और मेडिकल यूनिट भेजी गई हैं। यात्रियों के लिए सभी तरह की जरूरी मदद मुहैया कराई जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश और बिलासपुर के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। हादसे के बाद रूट पर ट्रेन का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया है। यात्रियों के लिए अन्य विकल्प की व्यवस्था की जा रही है। हादसे में ओवरहेड वायर और सिग्नल सिस्टम को नुकसान पहुंचा है, जिससे बहाली में समय लग सकता है। रेलवे ने हादसे के बाद जांच शुरू कर दी है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं तथा घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया है। रेलवे प्रशासन प्रभावित यात्रियों को हरसंभव सहायता एवं समन्वय प्रदान कर रहा है।

इस घटना की विस्तृत जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त स्तर पर कराई जाएगी, ताकि कारणों की समुचित जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। यात्रियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए निम्न हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

यात्री एवं उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । रेल प्रशासन स्थिति पर निरंतर नजर रखे हुए है और समुचित राहत, बचाव एवं सहायता सुनिश्चित कर रहा है।

# मुख्यमंत्री ने 'झारखंड जागरण गौरव यात्रा' रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर से मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक अखबार द्वारा आयोजित "झारखंड जागरण गौरव यात्रा" रथ को मशाल जलाकर एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ राज्य के सभी जिलों का भ्रमण करेगा और स्थानीय युवाओं के माध्यम से लोगों को "युवा झारखंड" की अवधारणा से परिचित कराएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक दैनिक अखबार को प्रदेश के सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गठन से लेकर आज तक इस अखबार ने राज्य के विकास, संघर्षों और उपलब्धियों की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि झारखंड ने अलग राज्य बनने के बाद विकास की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं और यह गर्व की बात है कि आज यह राज्य "युवा झारखंड" के रूप में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा गांव-गांव जाकर लोगों के उत्साह, उमंग और विचारों को समझने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पारितोष झा, शशि शेखर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# हाई कोर्ट के जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय की माता का निधन, सीएम ने दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय के आवास पहुंचकर उनकी माता रीना मुखर्जी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा शोकसंतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महाधिवक्ता राजीव रंजन व अन्य गणमान्य भी थे।



## एक नजर

### डिजिटल अरेस्ट की ठगी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर, सख्त कार्रवाई के संकेत

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों और विशेष रूप से 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे ठगी के मामलों पर गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने कहा कि इन अपराधों के कारण अब तक 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम लोगों से ठगी जा चुकी है, जिनमें कई वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह टिप्पणी जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुयान और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान की। यह मामला उन धोखाधड़ी गिरोहों से जुड़ा है जो पुलिस या न्यायिक अधिकारी बनकर नकली कोर्ट आदेश दिखाते हैं और लोगों को डिजिटल तरीके से 'गिरफ्तार' करने की धमकी देकर पैसे वसूलते हैं।

# बिहार में पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा, 121 सीटों पर वोटिंग कल

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी गहमागहमी जारी है। मंगलवार को पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान थम गया। राज्य की 243 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव दो चरण में 6 नवंबर और 11 नवंबर को होने जा रहे हैं। पहले चरण में 6 नवंबर को राज्य की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे जबकि दूसरे चरण में प्रदेश की 122 सीटों पर वोटिंग होगी। बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। प्रचार अभियान के अंतिम दिन मंगलवार को बीजेपी, जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस समेत अनेक पार्टियों के दिग्गज नेता प्रदेश के अलग-अलग जिलों में धुंआधार चुनाव प्रचार किया और अपनी-अपनी जीत का दावा किया। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पहले फेज में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन 18 जिलों में पटना, नालंदा, बक्सर, भोजपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण,



## बिहार में पहले फेज में 18 जिलों में मतदान

मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा जिले की विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के खिलाफ बिहार के विपक्षी नेताओं को लेकर विवादित टिप्पणी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।

### नीतीश जी जा रहे हैं और तेजस्वी आ रहे हैं : अशोक गहलोत

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बिहार के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा है कि बिहार की जनता की आवाज से ऐसा लग रहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग की सरकार जा रही है और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

राजधानी पटना में मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान अशोक अशोक गहलोत ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को मौका देने की बिहार के मतदाताओं से अपील की। उन्होंने कहा कि आप एक मौका दीजिए नौजवान को,क्योंकि एक नौजवान आएगा, तो उसको चिंता रहेगी भविष्य की, 20 साल तक आपने नीतीश जी को देख लिया। अब आप तेजस्वी को देखेंगे, तो वो जो वादे किए आपसे, उन वादों को निभाने की उन्हें चिंता रहेगी।

### बिहार में बने तोप के गोले से पाकिस्तान को जवाब दिया जाएगा : अमित शाह

बिहार में पश्चिम चंपारण ज़िला के मैनाटाड़ स्थित हाई स्कूल के खेल स्टेडियम ग्राउंड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए प्रत्याशी समृद्ध वर्मा के समर्थन में मंगलवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में रक्षा कौरिडॉर बनेगा। जिसमें बने तोप के गोले से पाकिस्तान को जवाब दिया जायेगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पहलगाम की घटना का जवाब हमारे देश के पीएम नरेन्द्र मोदी जी ने आपरेशन सिंदूर अभियान चला कर दिया। कश्मीर में विगत साढ़े पांच सौ साल से चला आ रहा 370 धारा को हमारे पीएम ने हटाया। जब 370 धारा हटा तो विपक्षियों ने कहा कि कश्मीर में खून की नदियां बहेगी। लेकिन खून की नदियां को तो छोड़ो किसी को कश्मीर में कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है।

### राजग सुशासन और विकास की, तो राजद-कांग्रेस जंगलराज और गुंडाराज की पहचान : योगी आदित्यनाथ

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के आखिरी दिन मंगलवार को लखीसराय में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राजद पर तीखा प्रहार किया। इस मौके पर उन्होंने जनसमूह से राजग के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। योगी आदित्यानाथ ने कहा कि बिहार में जंगलराज और गुंडाराज की वापसी नहीं होने देंगे। राजग ही सुशासन और विकास की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सुशासन की नई मिसाल कायम की है।

# विकास और स्वाभिमान के इस संघर्ष में झामुमो उम्मीदवार को विजयी बनाएं : कल्पना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की जीत को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मंगलवार को घाटशिला पहुंचीं। उन्होंने गालूडीह आंचलिक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया, जहां हजारों शामिल हुए।

इस दौरान कल्पना सोरेन के साथ मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री सुदित्य सोनू और झामुमो के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सभा के दौरान पूर्व मंत्री रामदास सोरेन की पत्नी मतदाताओं को संबोधित करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने मौजूद लोगों से पुत्र सोमेश सोरेन को आशीर्वाद देने की अपील की। इस पर कल्पना सोरेन ने 11 नवंबर को जनता को रामदास सोरेन के सपनों को साकार करना होगा। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि झामुमो की सरकार ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने जनता से अपील किया कि वे विकास और स्वाभिमान के इस संघर्ष में झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान भिलाईपहाड़ी गांव के युवा कलाकार सूरज चालक ने कल्पना सोरेन को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हस्तनिर्मित तस्वीर भेंट की। सूरज चालक ने बताया कि उन्होंने यह चित्र दिशोम गुरु के निधन के बाद उनकी स्मृति में बनाया था और आज उन्हें व्यक्तिगत रूप से सौंपकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है।

# एक ही परिवार के पांच सदस्य हुए फूड पॉइजनिंग के शिकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले में फूड पॉइजनिंग का एक मामला मंगलवार को सामने आया है। डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बेहराडीह गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्य फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए हैं। एक परिवार के मां सहित बच्चे दस्त की शिकायत से पीड़ित हो गए हैं। मामले की जानकारी देते हुए फूड पॉइजनिंग की शिकार उक्त परिवार की पीड़िता 18 वषीर्या रीना कुमारी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों ने चावल और लिट्टी का सेवन किया था। खाना खाने के तुरंत बाद सभी सदस्यों की धीरे-धीरे तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद पहले तो उनलोगों द्वारा घरेलू उपचार किया गया। लेकिन तबियत में सुधार नहीं होने पर वे लोग स्थानीय चिकित्सक के पास गए। जहां चिकित्सकों द्वारा दिए गए दवाइयों का सेवन करने के पश्चात भी तबियत में जब सुधार नहीं हुआ और उनकी हालत गंभीर होने पर परिजनों द्वारा सबों को कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में डॉक्टरों की ओर से आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टर के मुताबिक सभी फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए हैं।



**ये हुए हैं बीमार**

बीमार पड़े लोगों की पहचान कंचन देवी (40), उनकी पुत्री स्वीटी कुमारी (13), रोशनी कुमारी (16), रीना कुमारी (18 ) और पुत्र अस्मित राजवंश (9) के रूप में हुई है।

## एक नजर

### शिक्षक गायत्री कुमारी को सेवानिवृत पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी।



**बोकारो** : चास के श्री महावीर जी +2 उच्च विद्यालय बिजुलिया में विद्यालय के साइंस विभाग के वरिय शिक्षिका गायत्री कुमारी के सेवानिवृत पर विधालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी शिक्षकों के द्वारा विद्यालय के संस्थापक साधक स्व सविता रंजन पाठक जी के मुर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देखर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि गायत्री मैडम जिनका जन्म बिहार के बेगुसराय में कैलाश राम-राजो देवी के घर 1965 को हुई। प्रारंभिक शिक्षा बिहार में ही हुआ। उनकी शादी 1983 में शालिग्राम प्रसाद जी के साथ हुई। गायत्री मैडम ने दो नवंबर 1994 में श्री महावीर जी स्कूल में प्रस्थापन हुए। गायत्री कुमारी ने पुरी 31 वर्षों के शिक्षिका का जीवन इसी विद्यालय में सेवा प्रदान किए ओर इसी विद्यालय से सेवानिवृत हुई। क्षेत्र में लोकप्रिय रही। यह काफी भावुक क्षण था। गायत्री कुमारी को विधालय परिवार व छात्र छात्राओं की ओर अंग वस्त्र, मोमेटो, डायरी आदि भेंटकर सम्मानित कर भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सोरेंगव शिक्षक शिक्षिकाओं ने संबंधित किया। अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लखन राजवार,एच एम प्रदीप कुमार सोरेंग शिक्षा प्रेमी राधेश्याम सिह, नवल कुमार उपाध्याय, विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाऐ छात्र छात्राओं उपस्थित थे। विधार्थियो ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर भावुक कर दिया। संचालन शिक्षिका रेणु कुमारी व अख्तर अंसारी ने किया। विधालय प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सोरेंग ने कहा शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। सेवानिवृत्त के बाद भी समाज की सेवा व दिशा देते हैं। गायत्री कुमारी विधालय में दो नवंबर 1994 में योगदान दिये। 31 बर्षो के सेवाकाल निष्कलंक व वे दाग रही। इसी विधालय से रिटायर्ड किया। निराले अद्भुत प्रबंध कोशल कर्तव्य का निर्वाह न सदैव अनुकरणीय रहा।

### गुरु नानक देव जी के 556वें जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



**झुमरी तिलैया** : सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव (गुरु पर्व) मंगलवार को शहर में अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा द्वारा भव्य नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से शुरू हुई। गुरुद्वारा रोड, सब्जी मंडी होते हुए यह सामंतो पेट्रोल पंप पहुंची। इस पड़ाव पर अरदास की गई, जिसके बाद लंगर की सेवा की गई, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लंगर ग्रहण किया। नगर कीर्तन का आकर्षण: शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण श्री गुरु ग्रंथ साहिब को सुंदर पालकी साहब में विराजमान करना था। पालकी साहब की सेवा में हरपाल सिंह, गुरभेज सिंह, कवलजीत सिंह और जगदीश लाल अजमानी सहित कई श्रद्धालुओं ने सहयोग दिया। भक्तिमय माहौल: संपूर्ण शहर 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गुंजायमान रहा। साध संगतें 'मिटी धुंध जग चानन होया' और 'जित्थे मेरा सतगुरु बैठा आए' जैसे पवित्र शब्द (कीर्तन) गाते हुए चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# मारवाड़ी युवा मंच ने झुमरीतिलैया में शुरू किया वार्ड-वाइज स्वच्छता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से वार्ड-वाइज स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान की शुरूआत वार्ड नंबर 9 से की गई, जिसके अंतर्गत चांडक कॉम्प्लेक्स मोहल्ला कमेटी का गठन किया गया। वार्ड 9 की कमेटी में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राहुल जैन, संजय अग्रवाल, प्रतीक संघई, शुभम चौधरी, ईशान सेठी, अरविन्द चौधरी, मोहित संघई, आशा बजाज, निशा संघई, प्रियंका अग्रवाल, प्रगति चौधरी, नेहा बजाज एवं नेहा जैन शामिल हैं। इनके नेतृत्व में नगर परिषद के सुपरवाइजर लोकेश कुमार, सोनू अग्रवाल, शशि जैन, सुरेंद्र जैन , दीपक दारूका, गुड्डू सिंह, रीता जैन एवं अन्य स्थानीय सदस्य भी सक्रिय रूप से जुड़े। अभियान के दौरान चांडक कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था शुरू की गई तथा जेसीबी की सहायता से सड़कों एवं नालियों की सफाई कराई गई। साथ ही स्थानीय निवासियों को जागरूक किया गया कि वे घर का कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और मोहल्ले को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए उपायुक्त ऋतुराज, नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता एवं सीटी मैनेजर लेमांशु कुमार द्वारा समय-समय पर दिशा-निर्देश और सुझाव दिए जा रहे हैं।

# भदोडीह मोहल्ले के इकबाल हुसैन की विधवा को मिला पांच लाख का मुआवजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तेलैया :** शहर के भादोडीह मोहल्ले में बीते 2 सितंबर 2024 को हुई दर्दनाक घटना के बाद मंगलवार को एक सुकून देने वाली खबर सामने आई। तिलैया बायपास स्थित 33 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आकर जान गंवाने वाले मोहल्ले के निवासी मोहम्मद इकबाल हुसैन की पत्नी तनुजा खातून को झारखंड सरकार के ऊर्जा विभाग, रांची द्वारा पांच लाख रुपये का पूरा मुआवजा चेक के रूप में सौंपा गया। यह पहली बार है जब इस तरह के मामले में विभाग द्वारा पूरा मुआवजा परिवार को दिया गया है। इस कदम से मृतक के परिवार और स्थानीय लोगों में संतोष और प्रसन्नता का माहौल देखा गया।मौके पर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता रंधीर कुमार, एसडीओ गजेन्द्र टोप्पो, जे.ई. उज्ज्वल तिवारी, बड़ा बाबू शुभम कुमार, कैशियर विक्रम कुमार सिंह, समाजसेवी सह भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अरशद खान खान, नवनीत ओझा, भरत बक्शी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने तनुजा खातून को सांत्वना देते हुए विभाग की ओर से संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।तनुजा खातून ने मुआवजा राशि प्राप्त करते हुए कहा कि हालाँकि मेरे पति अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन सरकार का यह कदम हमें न्याय और सम्मान का अहसास दिलाता है।



# सेल शाबाश योजना के तहत सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट के मानव संसाधन विभाग द्वारा बोकारो क्लब में सेल शाबाश योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही में चयनित कर्मचारियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा के साथ अधिशासी निदेशक सहित मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाप्रबंधक सुश्री प्रांजलि ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए "सेल शाबाश योजना" की रूपरेखा, उद्देश्य एवं इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "सेल शाबाश योजना" सेल की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य उन कर्मचारियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करना है जो अपने कार्य में उत्कृष्टता, निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन करते हैं. यह सम्मान उनके प्रयासों, संस्था के लक्ष्यों में उनके योगदान और अनुकरणीय कार्य संस्कृति को रेखांकित करता है। उन्होंने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुल 36 कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह न केवल कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय रहा, बल्कि उनके परिजनों के लिए भी एक हर्ष का क्षण बना, जिन्होंने अपने प्रियजनों की उपलब्धियों को प्रत्यक्ष रूप से साझा किया।



# भाजयुमो ने बोकारो में जगाई आत्मनिर्भरता की चेतना, युवाओं को किया प्रेरित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर-9 स्थित रणविजय स्मारक महाविद्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आत्मनिर्भर भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिला अध्यक्ष विनोद महतो ने की।संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं, उद्यमियों और नागरिकों में स्वावलंबन, नवाचार और आर्थिक सशक्तिकरण की भावना जागृत करना रहा।मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल आर्थिक अभियान नहीं, बल्कि देश के युवाओं के आत्मविश्वास और सृजनशीलता को जगाने का राष्ट्रीय संकल्प है। वहीं भाजपा बोकारो के पूर्व जिला अध्यक्ष भरत यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत दृष्टि को भारतीय आत्मविश्वास और उत्पादन क्षमता से जोड़ते हुए हर नागरिक को सशक्त बनाने का आह्वान किया।भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को लक्ष्य बनाकर हम स्वदेशी विचार से देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के राष्ट्रीय सह संयोजक कौशल किशोर राय ने कहा कि इस अभियान ने युवाओं में उद्यमिता और स्थानीय संसाधन उपयोग की चेतना जगाई है। संगोष्ठी के दौरान स्थानीय उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों, स्टार्टअप्स और विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित लाल सिंह ने कहा कि आने वाला समय भारत के विश्व गुरु बनने का है और इसके लिए हर नागरिक को राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करना चाहिए।



# रिगिंग एंड लिफ्टिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल में कर्मियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा से सम्बंधित हर पहलु पर दक्ष बनाने तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के तहत मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में रिगिंग एंड लिफ्टिंग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मेसर्स टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के अनुभवी फैकल्टी राम मोहन सिंह के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 अधिशासी प्रक्षिणार्थी के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 अधिशासी प्रक्षिणार्थी के रूप में शामिल हैं। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे शरद गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक,बी के सरतापे मुख्य महाप्रबंधक, प्रकाश कुमार मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। अपने सम्बोधन मे शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक ने स्टील प्लांट के लिये कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम से अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। बी के सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज के बदलते तकनीकी परिवेश में लगातार सीखना और कौशल-विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रकाश कुमार मुख्य महाप्रबंधक ने भी सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम से अपनी जानकारी बढ़ाने की अपील की। टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के अनुभवी फैकल्टी राम मोहन सिंह ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के थीम सेफ्टी फर्स्ट - लिफ्ट स्मार्ट & लिफ्ट सेफ संबंध में जानकारी देते हुए रिगिंग और लिफ्टिंग का परिचय, सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियम, सुपरवाइजर की भूमिका और जिम्मेदारी, मुख्य उपकरण और उनका उपयोग, लिफ्टिंग के प्रकार, रिगिंग प्लान, इंस्पेक्शन और डॉक्यूमेंटेशन, आपातकालीन तैयारी, व्यवहार और संचार जैसे विषय पर विस्तृत जानकारी दी। यह पहल कर्मचारियों की तकनीकी दक्षताओं को सुदृढ़ करने तथा भविष्य की स्वचालन चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## संक्षिप्त खबरें

### बोकारो स्टील प्लांट में फिर हादसा एसएमएस-2 में पोकलेन में लगी आग



**बोकारो** : देश के प्रमुख इस्पात केंद्र बोकारो स्टील प्लांट में एक बार फिर हादसा हुआ है। सोमवार की देर रात एसएमएस-2 विभाग के कन्वर्टर सेक्शन में खड़ी पोकलेन मशीन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरी मशीन को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद ऑपरेटर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते मशीन से कूदकर अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड टीम ने तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक पूरी मशीन जलकर खाक हो चुकी थी। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।सूचना मिलते ही बीएसएल के सुरक्षा अधिकारी और एसएमएस-2 के डीजीएम सहित अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और आग लगने के कारणों की जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि इंजन सिस्टम में तकनीकी खराबी से यह आग लगी।हाल के महीनों में बोकारो स्टील प्लांट में हादसों की यह एक और कड़ी है। सितंबर में हॉट मेटल गिरने की दो घटनाओं में तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए थे, जबकि ब्लास्ट फर्नेस-04 में एक मजदूर का हाथ मशीन में फंसकर कट गया था। श्रमिक संगठनों ने इन हादसों को सुरक्षा लापरवाही का नतीजा बताया है। उनका कहना है कि लगातार घटनाएं इस बात की ओर इशारा करती हैं कि प्लांट प्रबंधन सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहा है। बीएसएल प्रबंधन ने जांच कमेटी गठित कर घटना के कारणों का पता लगाने और सुरक्षा उपायों की समीक्षा कराने की बात कही है। लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि देश के इस प्रमुख इस्पात संयंत्र में आखिर सुरक्षा व्यवस्था कब सख्त होगी।

### कैराली पब्लिक स्कूल में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट, 50 खिलाड़ी हुए सफल



**बोकारो** : कैराली पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में सोमवार को कराटे खेल का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के तीसरी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कराटे खेल के कोच सिंहान खेदु गोराई ने खिलाड़ियों के कराटे खेल के प्रदर्शन के आधार पर बेल्ट ग्रेडिंग किया। इस कराटे बेल्ट ग्रेडिंग में कुल 50 खिलाड़ी सफल हुए। जिसमें सभी सफल कराटे खिलाड़ियों को स्कूल के प्राचार्य रूमा मिश्रा ने बेल्ट व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कर्ष कुमार येलो बेल्ट यश राज ऑरेंज बेल्ट देवांश तिवारी शिवांश कुमार ,लक्ष्य कुमार, जीत कुमार, अयांश रुद्र प्रताप, आर्य कुमार,श्रेयांश कुमार, दीक्षित आयशा सिंह, आराध्या, अनमोल भारती ,नियति कुमारी, सिया कुमारी ,श्रेया कुमारी, भव्य राय, इशिता प्रसाद, वैष्णवी सिंह,रानी राणा, स्वामी प्रसाद, शौर्य राज मंथन, अर्णव कुमार,सत्यम कुमार, शिवम चौरसिया, आदर्श कुमार, सिद्धांत राज ,सिद्धांत कुमार, अंशिका कुमारी, आंचल कुमारी, जिया सिंह, ग्रीन बेल्ट पाने वाले खिलाड़ियों में संध्या कुमारी, सृष्टि महतो ,डोली गोस्वामी ,हर ' बेल्ट पाने वाले में सुरक्षा महतो ,एलीना ,सारा टोपनो ,साक्षी कुमारी, अक्षत कुमार, आकृति कुमारी ,दीपशिखा ,आदित्य सिंह व इसी बरनवाल शामिल है।

### तंबाकू छोड़ने के अगले 24 घंटे में ही हार्ट-अटैक का खतरा कम हो जाता है : मोहम्मद असलम




**बोकारो** : मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के आदेशानुसार राजकीय कृत प्लस टू हाई स्कूल पेंक बोकारो एवं हाई स्कूल गोनियाटो मे तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने से क्या फायदे है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला परामर्शी मोहम्मद असलम एवं छोटेलाल दास द्वारा बच्चों को बताया गया कि 13 से 15 आयु वर्ग के 5.1 प्रतिशत बच्चे झारखण्ड में तम्बाकू का सेवन करते हैं जो कि कक्षा 7 से 10 के छात्र होते हैं। अगर हम लोगो में से कोई तम्बाकू खाता है और वह आज से छोड़ना शुरू करता है तो उसका आगे चलकर बहुत फायदा नजर आयेगा जो निम्न है :-तम्बाकू छोड़ने के अगले 8 घण्टे में ही आक्सीजन का स्तर सामान्य होने लगता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 24 घण्टे में हार्ट-अटैक का खतरा कम होने लगता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 72 घण्टे में फेफडों की कार्य क्षमता में सुधार होने लगता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 1 महीने में खांसी और सांस की तकलीफ कम होने लगती है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 12 महीने में दिल की बीमारी का खतरा कम हो जाता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 5 वर्षो में स्ट्रोक का जोखिम कम हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू न लेने हेतु शपथ दिलाया गया साथ ही अपने स्कूल को तंबाकू मुक्त रखने हेतु जानकारी दी गई कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य स्वास्थ्य विभाग से जिला परामर्शीय मोहम्मद असलम छोटेलाल दास सोशल वर्कर बोकारो, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# किसानों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करें अधिकारी : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में मंगलवार को राज्य स्तरीय रबी कर्मशाला 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कहा कि वे किसानों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि के कारण इस वर्ष किसानों को 25 से 30 प्रतिशत तक फसल का नुकसान हुआ है, जो 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। ऐसे में अधिकारियों को किसानों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके लिए राहत और सहयोग की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। मंत्री ने कहा कि फसल बीमा योजना से आच्छादित किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि मिले और जो किसान योजना से वंचित हैं, उन्हें आपदा प्रबंधन से सहायता दिलाने में अधिकारी तत्परता दिखाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसान परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है, इसलिए विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। राज्य में केसीसी लाभुकों की संख्या बढ़ाने पर भी विशेष पहल करने की जरूरत है। विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीकी ने कहा कि रबी या खरीफ, हर फसल के लिए निश्चित कृषि कैलेंडर होना जरूरी है, ताकि कार्य समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि मिट्टी की जांच के अनुसार फसल चयन से पैदावार बढ़ाई जा सकती है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि अतिवृष्टि से धान की फसल को नुकसान हुआ है, पर इसकी नमी रबी फसल के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने किसानों को जागरूक और संगठित होने की अपील की। इस मौके पर कृषि विभाग द्वारा तैयार पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक जीशान कमर, निबंधक शशि रंजन, निदेशक माधवी मिश्रा, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, संजय शांडिल्य सहित कई किसान और वैज्ञानिक मौजूद थे।

## एक नजर


### राज्यपाल ने दी झारखंड एमएसएमई विशेष छूट विधेयक को मंजूरी

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखण्ड विधानसभा से पारित झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025 पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के माध्यम से औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देना और निवेश को बढ़ावा देना है। इस विधेयक के तहत उद्योगों की स्थापना एवं संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न अनुमतियों और निरीक्षणों से छूट प्रदान की गई है, जिससे नए उद्यमों की स्थापना प्रक्रिया अधिक सरल और सुगम होगी। साथ ही, सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से लाइसेंस एवं अनुमतियों से संबंधित सभी सुविधाएँ एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यह विधेयक राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को गति प्रदान करने, छोटे व्यवसायों के विकास को प्रोत्साहन देने और निवेश आकर्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### झारखंड में ब्लड रिप्लेसमेंट पर रोक के बाद खून की भारी कमी

**रांची:** थैलेसीमिया बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले के बाद रिप्लेसमेंट ब्लड सिस्टम पर रोक लगने का असर अब पूरे झारखंड में दिखने लगा है। राज्य के कई ब्लड बैंकों में रक्त की भारी कमी दर्ज की जा रही है। गंभीर मरीजों जैसे थैलेसीमिया, कैंसर, डेंगू और प्रसूति मामलों के इलाज में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ब्लड उपलब्धता रिपोर्ट के अनुसार, आज राज्य के ब्लड बैंकों में कुल उपलब्ध रक्त मात्र 1008 यूनिट रह गया है, जो सामान्य आवश्यकता की तुलना में बेहद कम है। कई प्रमुख अस्पतालों में स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है कुछ निजी व ट्रस्ट संचालित ब्लड बैंकों में सीमित स्टॉक है, लेकिन वह भी तेजी से खत्म हो रहा है। गोड्डा जिला अस्पताल में 27 यूनिट और राज हॉस्पिटल रांची में 10 यूनिट दर्ज किए गए, लेकिन उनकी सप्लाई भी बढ़ती मांग के सामने बेहद कम है। चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की घटना के बाद राज्य सरकार ने रिप्लेसमेंट ब्लड सिस्टम पर तत्काल रोक लगा दी थी। इसका उद्देश्य अनियमितताओं पर लगाम लगाना था, लेकिन इसके कारण ब्लड सप्लाई चेन अचानक बाधित हो गई।

### लिंक रेक कार्य के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित



**रांची:** लिंक रेक के सुचारू संचालन हेतु आज दिनांक 04 नवंबर 2025 को ट्रेन संख्या 68041/68042 (आद्रा-बरकाकाना-आद्रा) वाया मुरी को रद्द कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस परिवर्तन को ध्यान में रखें। इसके साथ ही, लिंक रेक के विलंब से चलने के कारण ट्रेन संख्या 12366 रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में भी परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 14:25 बजे के स्थान पर अब 16:25 बजे रांची से प्रस्थान करेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आवश्यक सहयोग की अपील की है।

# आयुष्मान मरीजों को दवा के लिए करना पड़ रहा इंतजार, डीएस के आदेश ने बढ़ाई परेशानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज करा रहे मरीजों के लिए इन दिनों सदर हॉस्पिटल में दवा लेना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। अब डिप्टी सुपरिंटेंडेंट (डीएस) के आदेश के बिना कोई भी दवा मरीजों को नहीं दी जा रही है। इस नियम ने मरीजों की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं रात के समय जब डीएस उपलब्ध नहीं रहते तब मरीजों की परेशानी और बढ़ जा रही है। इतना ही नहीं दवा के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

**अमृत फार्मेसी से देनी है दवाएं**

जानकारी के अनुसार सदर हॉस्पिटल कैंपस में संचालित अमृत फामेर्सी से आयुष्मान मरीजों के लिए दवाएं उपलब्ध कराई जानी हैं। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के मुताबिक सभी जरूरी दवाएं मरीजों को निःशुल्क और समय पर मिलनी चाहिए। लेकिन हाल ही में डीएस के आदेश से बिना उनकी स्वीकृति के दवा वितरण पर रोक लगा दी गई है। इससे इनडोर में इलाज करा रहे मरीज परेशान हैं। डीएस से अनुमति मिलने के बाद दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**रात में मरीजों को देर से मिल रही दवा**

इस आदेश के कारण स्थिति यह है कि रात के समय जब इमरजेंसी या भर्ती मरीजों को तुरंत दवा की जरूरत होती है तो उन्हें इंतजार करना पड़ता है। कई मामलों में मरीजों के परिजन मजबूर होकर प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स से दवा खरीदकर लेकर आए हैं। परिजनों का कहना है कि ऐसी स्थिति में कैशलेश इलाज कैसे संभव होगा जब दवाएं बाहर से खरीदकर लाना पड़ेगा।

**आयुष्मान से ज्यादातर मरीजों का इलाज**

सदर हॉस्पिटल रांची में सबसे ज्यादा आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के इलाज का लक्ष्य रखा गया है। इलाज के लिए ज्यादातर मरीजों को आयुष्मान योजना से जोड़ा भी जा रहा है। जिससे कि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। ऐसे में फिलहाल की स्थिति मरीजों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। वहीं एक्सपर्ट का मानना है कि अस्पताल प्रशासन को पारदर्शिता और सुविधा के बीच संतुलन बनाना चाहिए। अगर गड़बड़ियों पर रोक लगानी है तो और भी तरीके अपनाए जा सकते है। जिससे मरीजों को समय पर दवा भी मिले और अनियमितता भी न हो।

**डीएस का दावा, गड़बड़ी की मिली शिकायत**

डीएस डॉ बिमलेश सिंह ने कहा कि हॉस्पिटल में बीते दिनों दवा वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं। ये भी जानकारी मिली कि महंगी दवा की आपूर्ति में हेराफेरी की गई थी। इन गड़बड़ियों को रोकने और दवा वितरण की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए ये कदम उठाया गया गया है। उन्होंने कहा कि मरीजों को परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। अमृत फामेर्सी संचालक को ये निर्देश दिया गया है कि आयुष्मान के मरीजों को जो भी दवाएं दी जा रही हैं उसकी जानकारी मुझे भी दी जाए। जिससे कि पारदर्शिता बनी रहेगी।

### झारखंड में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के करीब पहुंचा

**रांची :** झारखंड के लोगों के अब सर्दी सताने लगी है। राज्य के जिला लातेहार में तो न्यूनतम तापमान गिरकर 15.8 डिग्री तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में ठंड के और बढ़ने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल झारखंड में मौसम साफ रहेगा। रात और सुबह में कई जिलों में कुहासा छाया रहेगा और दिन में कभी-कभी आंशिक बादल भी रहेंगे। इससे तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 32.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान राज्य में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि एक हफ्ते पूर्व चार-पांच दिनों तक हुई लगातार बारिश के कारण जमीन गीली हो गई है, जिससे वातावरण में नमी बरकरार है।

# घाटशिला में झामुमो ने नहीं किया विकास, जनता को ठगा : लंबोदर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** आजसू पार्टी के पूर्व विधायक और केंद्रीय महासचिव डॉ लंबोदर महतो ने कहा है कि झामुमो ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया है और आदिवासीझमूलवासी को ठगने का काम किया है। पूरे क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव दिखा रहा है। एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन इस क्षेत्र का विकास करेंगे। महतो ने मंगलवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के ढालभूमगढ़ और मुसाबनी प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने माटीगोड़ा और बांसकटिया सहित कई गांवों में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि घाटशिला में बदलाव की हवा चल रही है। उन्होंने कहा कि घाटशिला में सड़क नहीं, पानी नहीं, डाक्टर नहीं, विकास के नाम पर झामुमो ने सिर्फ वादों की गठरी दी। दुखद है कि वर्षों से यहां की जनता बदहाली का दंश झेल रही है। अब जनता आवाज उठाने लगी है। वहीं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस और केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने घाटशिला विधानसभा के कालाचिति पंचायत में प्रचार अभियान चलाया। सहिस ने घाटशिला में एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में बांसगढ़ा की जनता से सहयोग और समर्थन की अपील की। उन्होंने कालाचिति पंचायत के बांसगढ़ा और माझीटोला में ग्रामीणों के साथ बैठक भी की। इस अवसर पर सत्यनारायण महतो, राजेश महतो, राजू कर्मकार, सुखलाल हेंब्रम, प्रमुख रामदेव हेंब्रम, मुखिया राकेश मुर्मू सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कैरम प्रतियोगिता में जेवीएम श्यामली के छात्रों ने मारी बाजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल, हरमू में मंगलवार को रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से इंटर स्कूल कैरम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली के छात्रों ने असाधारण खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के आठ टीमों के कक्षा छठी से दसवीं 10 तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। जेवीएम के छात्रों ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। आयुष कुमार (कक्षा 10-ई) ने अंडर-18 श्रेणी में विजेता बनकर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं, अंडर-14 लड़कों की श्रेणी में राजवीर सिंह (कक्षा 9-ई) भी विजेता रहे। लड़कियों की अंडर-14 श्रेणी में भी जेवीएम का दबदबा रहा। आराध्या सिंह (कक्षा 6-एफ) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। इसी श्रेणी में, जोबिया जाफरीन (कक्षा 6-सी) और इशी सिंह (कक्षा 8-ए) ने दूसरा स्थान (रजत पदक) हासिल किया, जबकि इशानवी गुप्ता (कक्षा 8-एफ) ने तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया। जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के प्राचार्य समरजीत जाना ने छात्रों के इस शानदार सफलता पर सभी विजेता और प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी।

# झारखंड में मतदाता बचाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान शुरू करेगी कांग्रेस : कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि झारखंड में चुनाव आयोग की ओर से सर्वे का काम शुरू किया जा रहा है। यह सर्वे केंद्र सरकार के इशारे पर चलाया जा रहा राजनीतिक अभियान है। सर्वे सामान्य मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया नहीं, बल्कि मतदाता पहचान की चोरी और मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह बातें मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्त्ता में कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश में राहुल गांधी ने यह तथ्य उजागर किया है कि चुनाव आयोग के सर्वर से वोटरों की फोटो और निजी जानकारी चोरी कर फर्जी पहचान बनाई जा रही है। अब झारखंड में भी उसी पैटर्न पर यह साजिश की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि असली मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं नकली या फर्जी नाम जोड़े जा रहे हैं। एक ही व्यक्ति के नाम से कई जगह वोटर कार्ड बनाए जा रहे हैं। यह सब चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस मतदाता बचाओ - लोकतंत्र बचाओ नामक अभियान शुरू करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कहा कि महागठबंधन का प्रत्याशी घाटशिला में भारी मतों से चुनाव जीतेंगे। इसे लेकर महागठबंधन एकजुट है। पार्टी के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि उपचुनाव में महागठबंधन भारी मतों से चुनाव जीतेगा। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हमलोगों ने पूरी शक्ति झोंक दी है आगे भी हम इस पर काम करेंगे। मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के दो वर्षों के कार्यकाल में किये गये कार्य और योजनाओं के संकलन प्रयास नामक शीर्ष पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस पुस्तिका का संकलन झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी, रविन्द्र सिंह, ज्योति सिंह मथारू, सुलतान अहमद, अभिलाष साहु, कमल ठाकुर, राजन वर्मा मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से इंडियन बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार, महाप्रबंधक चंद्रशेखरन वी, मुख्य महाप्रबंधक विवेक एवं क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश शरण ने मुलाकात की।

### 177वां श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 177 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता अश बार दिन जानकी माता के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढानढनिया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। प्रशांत खेमका ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। प्रशांत खेमका ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया मंत्री विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया स्नेह पोद्दार रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

### मारवाड़ी सम्मेलन के वेबसाइट और ऐप का उद्घाटन 10 को


**रांची:** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से निर्मित वेबसाइट और मोबाइल ऐप का उद्घाटन आगामी 10 नवंबर को होगा। यह जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी। अग्रवाल ने बताया कि इस वेबसाइट और मोबाइल ऐप का उद्घाटन 10 नवंबर को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय कार्यालय में किया जाएगा। मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्यत अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद महुआ माजी संयुक्त रूप से करेंगे। इस दौरान कई गणमान्य मौजूद रहेंगे।

### संगरवाला परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय समापन



**रांची :** भागवत सप्ताह में वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक भवानी शंकर शास्त्री ने हजारों श्रद्धालुओं को प्रभु श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े कई कथाओं का रसपान करवाया श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह के समापन के पश्चात गौ रक्षा के कामना के साथ हवन में आहुति दी गई तथा महाप्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री रांची के विधायक सी पी सिंह से शामिल हुए उनका स्वागत नूतन वीणा छात्र संघ के उपाध्यक्ष कौशल शर्मा ने किया इस कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश मुक्त नूतन वीणा छात्र संघ के अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद सोनी उपाध्यक्ष सोनू गुप्ता एवं श्री श्याम सेवा परिवार रांची के सदस्य अंकित सिंह शामिल हुए

### हिंदपीढ़ी माली टोला शिव मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ



**रांची :** हिंदपीढ़ी स्थित माली टोला शिव मंदिर चौक में स्थित श्री महावीर मंडल शिव मंदिर, जो वर्ष 1926 में स्थापित हुआ था, एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिव मंदिर है। मंदिर के आस-पास अभी सात हिंदू परिवार निवास करते हैं, जो पीढ़ियों से इस मंदिर की सेवा, देखरेख और पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। पूर्व में मंदिर की जर्जर अवस्था और आर्थिक अभाव के कारण पूजा-पाठ का कार्य बाधित हो गया था। मंगला, अष्टमी, नवमी, दशमी जैसे धार्मिक आयोजनों की परंपरा भी थम गई थी। परंतु वर्ष 2023 में सात हिंदू परिवारों की साझा पहल, श्रमदान और कुछ श्रद्धालु हिंदुओं के सहयोग से मंदिर में पुनः पूजा-पाठ आरंभ हुआ। वर्ष 2025 से मंदिर के नए शिरे से पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ किए गए हैं। श्री श्याम मित्र मंडल के संस्थापक विश्वनाथ नर्सरिया के अथक प्रयास से उद्योग पति समाजसेवी ओम प्रकाश छावनीका ललिता छांवनिका वैभव छांवनिका शिल्पा छावनिका दाता के सहयोग से मंदिर के अधूरे कार्य को पूरा कराया जा रहा है। आज 11:30 बजे पूर्वाह्न में विधि-विधान से पूजा, आरती एवं मूर्ति हटाने का कार्य संपन्न हुआ। पुनर्निर्मित मंदिर में भगवान शिव परिवार, बजरंगबली, माँ दुर्गा और राधा-कृष्ण की भव्य मूर्तियाँ स्थापित की जाएँगी। विश्वनाथ नर्सरियां ने कहा कि अल्पसंख्यक हिंदू एरिया के सभी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा इस मंदिर के बाद बंशी चौक हिंदपीढ़ी मेंप्रस्तावित पांच तल्ला मंदिर का विकास कार्य शंकर प्रसाद के नेतृत में किया जाएगा प्रसिद्द वास्तुकार निशांत बक्शी और आयुषी पोद्दार के देखरेख में कार्य हो रहा है इस पुनीत कार्य में प्रमुख रूप से फूलों देवी, अजय वर्मा, विश्वनाथ नर्सरिया, कुंदन राम, राजेश अग्रवाल, पवन कुमार, सुमित वर्मा, किरण देवी, सुधा देवी, नीतू देवी, कृष्णा राम, निशांत पोद्दार, करण राम, उज्ज्वल गुप्ता, संगीता देवी, विक्रांत राम, पीयूष राम और शंकर प्रसाद की सक्रिय भूमिका रही।

## गुरुनानक देव जी: महान संत और दिव्य विभूति

सिख समाज के महान गुरु और संत गुरुनानक देव जी का जन्म 1469 ई में रावी नदी के किनारे स्थित राय भोई की तलवंडी में हुआ था जो अब ननकाना साहिब के नाम से जाना जाता है। यह स्थान देश के विभाजन के पश्चात पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में चला गया। इनके पिता मेहता कालू गांव के पटवारी थे और माता का नाम तृप्ता देवी था। इनकी एक बहन भी थी जिनका नाम नानकी था। बचपन से ही नानक में प्रखर बुद्धि के लक्षण दिखाई देने लगे थे किन्तु उसी समय से वे सांसारिक चीजों के प्रति उदासीन रहते थे। पढ़ाई-लिखाई में इनका मन कभी नहीं लगा। सात वर्ष की आयु में गांव के विद्यालय में जब अध्यापक पंडित गोपाल दास ने पाठ का आरंभ अक्षरमाला से किया तो बालक नानक ने अध्यापक महोदय से अक्षरमाला का अर्थ पूछ लिया। अध्यापक के कहने पर नानक ने प्रत्येक अक्षर का अर्थ लिख दिया। यह बालक नानक के द्वारा दिया गया पहला दैविक संदेश था। लज्जित अध्यापक ने उनके पैर पकड़ लिये। कुछ समय बाद उन्होंने विद्यालय जाना ही छोड़ दिया। अध्यापक स्वयं नानक को घर छोड़ने आये। ऐसी कई चमत्कारिक घटनाएं घटित हुई जिससे गांव के लोग नानक को दिव्य शक्ति संपन्न मानने लगे। बचपन से ही इनके प्रति श्रद्धा रखने वाले लोगों में इनकी बहन नानकी तथा गांव के शासक प्रमुख थे। कहा जाता है कि 14 से 18 वर्ष के बीच गुरुदासपुर जिले के बटाला के निवासी भाईमुला की पुत्री सुलक्खनी के साथ नानक का विवाह हुआ। उनकी पत्नी ने दो पुत्रों को जन्म दिया किन्तु नानक पारिवारिक बन्धनों में नहीं जकड़े। उनके पिता को भी शीघ्र समझ में आ गया कि विवाह के बाद भी नानक अपने लक्ष्य से पथभ्रष्ट नहीं हुए थे। वे शीघ्र ही अपने परिवार का भार अपने श्वसुर पर छोड़कर अपने चार शिष्यों मरदाना, लहना, नाला और रामदास को लेकर यात्रा के लिए निकल पड़े, अब उनका परिचय गुरु नानक देव के रूप में हो चुका था। गुरुनानक देव जी ने संसार के दुखों को घृणा, झूठ, छल-कपट से परे होकर देखा और इस धरती पर मानवता के नवीनीकरण के लिए निकल पड़े। वे सच्चाई की मशाल लिए, अलौकिक प्यार, मानवता की शांति और खुशी के लिए चल पड़े। वे उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम चारों तरफ गये और हिंदू, मुसलमान, बौद्ध, जैनियों, सूफियों, योगियों और सिद्धों के विभिन्न केद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने अपने मुसलमान सहयोगी मदार्ना जो एक भाट था, उसके साथ पैदल यात्रा की। उनकी यात्राओं को पंजाबी में उदासियां कहा जाता है। इन यात्राओं में आठ वर्ष बिताने के बाद वे घर वापस लौटे। गुरुनानक देव जी एक प्रकार से सर्वेश्वरवादी थे। उनके दर्शन में वैराग्य तो है ही साथ ही उन्होने तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक स्थितियों पर भी नजर डाली है। संत साहित्य में नानक ने नारी को उच्च स्थान दिया है। इनके उपदेश का सार यही होता था- ईश्वर एक है। कुछ लोगों ने ईर्ष्या वश तत्कालीन शासक इब्राहीम लोधी को उनके विरुद्ध भड़का दिया जिसके कारण कई दिनों तक कैद में भी रहे। कुछ समय बाद जब पानीपत की लड़ाई में इब्राहीम लोधी पराजित हुआ तब गुरुनानक देव जी कैद से मुक्त हुए। जीवन के अंतिम दिनों में इनकी ख्याति बढ़ती चली गयी तथा विचारों में भी परिवर्तन हुआ। उन्होंने करतारपुर नामक एक नगर बसाया था। अपने दैवीय वचनों से उन्होंने उपदेश दिया कोई भी धर्म जो अपने मूल्यों की रक्षा नहीं करता वह आने वाले समय में अपना अस्तित्व खो देता है। उनके संदेश का मुख्य तत्व इस प्रकार था- ईश्वर एक है, ईश्वर ही प्रेम है, वह मंदिर में है, मस्जिद में है और चारदीवारी के बाहर भी वह विद्यमान है। ईश्वर की दृष्टि में सारे मनुष्य समान हैं। वे सब एक ही प्रकार जन्म लेते हैं और एक ही प्रकार अंतकाल को भी प्राप्त होते हैं। ईश्वर भक्ति प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उसमें जाति-पंथ, रंगभेद की कोई भावना नहीं है। 40वें वर्ष में ही उन्हें सतगुरु के रूप में मान्यता मिल गयी। उनके अनुयायी सिख कहलाये। उनके उपदेशों के संकलन को जपुजी साहिब कहा जाता है। प्रसिद्ध गुरु ग्रंथसाहिब में भी उनके संदेश हैं। सभी सिख उन्हें पूज्य मानते हैं और भक्तिभाव से इनकी पूजा करते हैं। कवि ननिहाल सिंह ने लिखा है कि, गुरुनानक देव जीः महान संत और दिव्य विभूतिवे पवित्रता की मूर्ति थे उन्होंने पवित्रता की शिक्षा दी।

### सूडोकु नवताल- 7604
★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7603 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# वैश्विक एकता के प्रवर्तक - श्री गुरु नानक देव जी



डॉ. सुरिन्दर कौर नीलम

सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी का अवतार ग्रहण करना कलयुग की ऐसी विपरीत परिस्थितियों का परिणाम था, जहाँ अनीति एवं अधर्म के विष को निर्विरोध पी जाने हेतु जनता विवश थी। ऐसे कठिन समय में गुरुनानक जी ने अपनी दूरदृष्टि, व्यवहारों और उपदेशों द्वारा परंपरागत धर्म, समाज और संस्कृति को एक नया आयाम देकर लोगों में आत्मबल का संचार किया तथा विश्व एकता की भावना को जागृत करने हेतु जनता के दिलों को झकझोरा।

सन 1469 , कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाहौर के ननकाना साहिब ( तलवंडी) में गुरुनानक रूपी सूर्य का उदय हुआ। पिता मेहता कालू एवं माता ' तृप्ता ' की कोख से जन्म लेने वाले इस विलक्षण बालक को ईश्वर ने अपने अवतार के रूप में भेजा।

गुरु नानक जी को जो समाज मिला वह विसंगतियों से भरपूर था। तत्कालीन राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक व्यवस्था अस्त- व्यस्त थी। समाज में अन्धविश्वास, कर्मकांड, बाह्य आडंबरों का बोलबाला था। समय की आवश्यकता भाँपकर ही उन्होंने 15 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में सिख - धर्म की नींव डाली।

उनकी महानता यह नहीं कि उन्होंने सिख- धर्म की नींव डाली बल्कि वे इसलिए महान हैं उन्होंने तत्कालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों और विसंगतियों को न केवल रेखांकित किया बल्कि वे हर अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े हुए। एक उच्च कोटि के साहित्यकार के रूप में उनकी ख्याति इसलिए भी बढ़ गई कि उन्होंने मध्ययुगीन भक्ति काव्य परंपरा को नये तेवर दिए।तत्कालीन मुगल साम्राज्य के जुल्मों को उन्होंने अपनी सरल भाषा में लिखे सादगीपूर्ण काव्य से दृढ़ता पूर्वक प्रतिकार किया।

उन दिनों जब कहीं कोई आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं थे, गुरु जी ने विश्व कल्याण हेतु पूरे विश्व की पैदल यात्राएँ की। एक मुसलमान भाई ' मरदाना' हमेशा उनके साथ रहा करते थे जो कीर्तन के समय गुरु जी के साथ रबाब भी बजाते थे। गुरु जी की इन यात्राओं को चार 'उदासियाँ' भी कहा गया है।

पहली यात्रा सन 1497 से 1501 तक की गई जिसमें वे हिंदु तीर्थ स्थलों, कुरुक्षेत्र, हरिद्वार, वृंदावन, बनारस एवं जगन्नाथ पुरी गये एवं अपने उपदेश दिये। दूसरी यात्रा में सन 1510 से 1515 तक गुरु जी ने दक्षिण की ओर सुमेर पर्वत, जैन व बौद्ध धर्म से संबंधित स्थलों का भ्रमण किया एवं श्रीलंका तक गये। तीसरी यात्रा सन 1515 से 1517 तक जम्मू, श्रीनगर, कैलाश मानसरोवर आदि हिमालय की श्रृंखलाओं और तिब्बत तक गये। चौथी यात्रा में सन 1517 से 1521 तक मक्का -मदीना, ईराक, ईरान, अफगानिस्तान आदि देशों में गये। बगदाद में आज भी उनकी स्मृति में गुरुद्वारा सुशोभित है।

अपनी रचना 'जपु जी' द्वारा उन्होंने अपना दार्शनिक दृष्टिकोण आरंभ किया और 'एक ओंकार' पर अपने दर्शन की नींव रखी।मूल मंत्र दिया

'एक ओंकार, सतनाम, करता पुरख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजूनी, सैभंग, गुर प्रसाद' अर्थात ईश्वर एक है, वह सत्य है,वह सृष्टिकर्ता है, उसे किसी का डर नहीं, उसे किसी से वैर नहीं,उसका कोई स्वरूप नहीं,वह पैदा नहीं होता,वह नष्ट नहीं होता और उसे गुरु की कृपा से ही प्राप्त किया जा सकता है।

### क्रांतिकारी नारा

गुरु जी ने एक क्रांतिकारी नारा दिया - 'न हिन्दु न मुसलमान'

अर्थात न कोई हिन्दु है और न कोई मुसलमान। सभी एक ईश्वर की संतान हैं और बराबर हैं।

### जातिभेद

गुरु जी के अनुसार - जाति का गर्व न करियंहु कोई

### ब्रह्म बिंदे सो ब्राह्मण होई

अर्थात कोई भी अपनी जाति का घमंड न करे। जो ब्रह्म का विचार करता है वही सच्चा ब्राह्मण है। मानवीय समता की राह में वर्ण और जाति का जो काँटा चुभ रहा है, उसे निकाल फेंकने से ही भाईचारे की भावना का विकास हो सकता है। जाति -पाति के विभाजन को समाप्त करने के लिए उन्होंने स्वयं मुसलमानों के साथ नमाज पढ़ी और हिन्दुओं के साथ आरती की।

### संगत, कथा और कीर्तन

एक महान साहित्यकार होने के साथ ही गुरु जी एक संगीतज्ञ भी थे।कथा और कीर्तन के द्वारा वे संगत के अवगुणों को दूर करने का प्रयास किया करते थे। कथा के माध्यम से गुरुवाणी के सही अर्थों का ज्ञान होता है और कीर्तन से मनुष्य मोहमाया त्याग कर भक्ति में लीन हो जाता है जिससे हृदय में प्रेमपूर्ण पवित्र भावनाओं का संचार होता है।

### लंगर

आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए गुरु जी ने लंगर की प्रथा चलाई। जिसमें सभी भक्तजन जमीन पर पंक्तिबद्ध होकर एक साथ,एक जैसा भोजन करते हैं। जिससे आपसी वैमनस्य दूर होता है। लंगर में छोटे -बड़े ,अमीर -गरीब, ऊँच -नीच आदि का भेदभाव समाप्त हो जाता है।

### स्त्री सम्मान

गुरु जी ने कहा - सो क्यों मंदा आखिए जित जम्मे राजान

अर्थात उसे क्यों बुरा कहा जाता है जो बड़े -बड़े राजाओं को जन्म देती है। उन्होंने नारी को सम्मान देते हुए अपनी भक्ति का आधार 'सुहागन 'का जीवन बनाया। प्रियतम के रूप में ईश्वर को रखा तथा एक सुहागन का सर्वोच्च आदर्श अपने प्रियतम की प्राप्ति बताया।

### तीन मूल सिद्धांत

1. नाम जपना -- अर्थात सच्चे मन से ईश्वर को याद करना। जिसने हमें जन्म दिया, सभी सुख साधन दिए, उस सृष्टिकर्ता को याद करना, उसका गुणगान करना, उसका शुक्रिया अदा करना, हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए।

2. किरत करनी-- अर्थात मेहनत और ईमानदारी की कमाई ही सफल जीवन का आधार है। अपने श्रम से कमाई गई दौलत से ही अपनी आजीविका चलानी चाहिए।पराई संपत्ति पर अपना हक जताना गुनाह है।

3. वंड छकना-- अर्थात बाँटकर खाना। परोपकार करना। जरूरतमंद की सहायता करने से भाईचारा बढ़ता है और स्वयं को भी सुख तथा आनन्द मिलता है।

गुरु जी ने जिस अभिनव दर्शन द्वारा विश्वबन्धुत्व का संदेश दिया वह समय की आवश्यकता थी।आज दरकते मानवीय मूल्यों के इस नाजुक दौर में पुनः गुरु जी के संदेशों और उपदेशों का अनुसरण करने की अत्यंत आवश्यकता है ताकि प्रेम भाव में वृद्धि कर हम सभी एकता के सूत्रों को मजबूत कर विश्व शांति स्थापित करने में अपना योगदान दे सकें। गुरु नानक जी के प्रकाशोत्सव पर संपूर्ण मानवता को कोटि-कोटि बधाइयाँ और शुभकामनाएँ।

# अराजक तत्वों से सुरक्षित हों चुनाव

गिरीश्वर मिश्र

लोकतंत्र की शासन-विधा जितना उन्मुक्त करती है उतनी ही सतर्कता की भी अपेक्षा करती है। इसके सार्थक संचालन के लिए कुछ मर्यादाओं का पालन आवश्यक होता है। उन मयार्दाओं में जो उसके अस्तित्व की रक्षा करती हैं उसमें आम चुनाव की बेहद खास भूमिका है। चुनाव के माध्यम से जनता के सरोकारों का पता चलता है तथा उसकी पसंद और नापसंद की अभिव्यक्ति होती है। इसी से सरकारें बनती हैं और शासन-प्रक्रिया की नींव भी पड़ती है। हम सब देख रहे हैं कि विश्व में वे देश जो ठीक समय पर आम चुनाव करा पाते हैं और आम चुनाव की गरिमा की रक्षा कर पाते हैं वहां लोकतंत्र का स्वास्थ्य प्रायः ठीक रहता है। इसलिये यह जरूरी हो जाता है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि चुनाव शांतिपूर्ण हों और उसकी शुचिता सुरक्षित बनी रहे। इसके लिए सभी राजनैतिक दलों को चुनाव की मयार्दाओं का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। साथ ही यह भी आवश्यक होगा कि चुनाव का तंत्र निष्पक्ष रूप से चुनाव का कार्य पूरा करे और उसे काम करने की पूरी छूट दी जाय। निर्वाचन आयोग मुस्तैदी से चुनाव कराने और उसके लिए उचित व्यवस्था बनाये रखने की भरपूर कोशिश करता रहा है। इस काम में उसे सफलता भी मिली है।

चूँकि चुनाव राजनीति के जीवन-चक्र की धुरी होता है और उसके परिणामों पर ही राजनेताओं का भविष्य निर्भर होता है, उसका प्रलोभन भी अत्यन्त आकर्षक होता है। लोग चुनाव को प्रभावित कर अपने पक्ष में करने को लालायित और व्यग्र रहते हैं। इससे जुड़े सब लोगों की नजर अपने लिए प्रतिस्पर्धा के बीच चुनावी सफलता को सुनिश्चित करने पर ही टिकी होती है। राजनैतिक पार्टियां भी उसी उम्मीदवार को चुनावी टिकट देकर अपना दाँव लगाती हैं जिसे जीत सकने की संभावना होती है। आज के दौर में यह चुनौती बहु आयामी हो चली है जिसमें राजनैतिक विचारधारा के साथ प्रतिबद्धता कम और कर्मठता तथा योग्यता पर जनता जनार्दन की ज्यादा नजर होती है। इसके साथ ही जाति, क्षेत्र, और भाषा भी मुख्य किरदार बन कर खास भूमिका निभा रहे हैं।

यह दुर्भाग्य ही है कि जाति आज की राजनीति की प्रमुख भाषा होती जा रही है। जाति को दूर करने के लिए कटिबद्ध राजनेता चुनाव में जाति के प्रति जिस तरह समर्पित दिखते हैं वह निराशाजनक है और जाति की जड़ों को मजबूत करने वाला है। आज इन सबके जटिल समीकरण बिठाने पर ही चुनावी रणभूमि में कामयाबी मिल पाती है। जातियों के छत्रप और बाहुबली इसी तरह चुनाव जीतते हैं और मंत्री भी होते हैं। हमारे सामने खड़े उम्मीदवारों में ऐसे सफल खिलाड़ी भी दिखते हैं जो धन और बाहुबल की बदौलत आगे बढ़ते हुए अपनी पहचान बना चुके होते हैं। बढ़ती दबंगई इस परिदृश्य को नैतिक रूप से तेजी से प्रदूषित कर रही है। चुनाव आने पर अन्तर सामूहिक हिंसा बढ़ने लगती है और जोर-जबरदस्ती से डरा-धमका कर या फिर रुपये और शराब आदि की लेन-देन के जरिए मतदाताओं को रिझाने-फुसलाने और अपने पक्ष में करने का कार्यक्रम चल पड़ता है।

आज राजनीति का पूरा माहौल जिस तरह बदल रहा है सभी दल तरह-तरह के जुगाड़ और तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। चुनावी प्रचार कार्य में तमाम हथकंडे अपनाए जाते हैं। स्टार प्रचारकों को साथ लेकर रैली, रेला, रोड शो और रथारूढ़ जुलूस के साथ भौंडा प्रदर्शन आम होता जा रहा है। इन सब युक्तियों की सहायता से जन-समर्थन जुटाने या जनता पर धौंस जमाने की भरपूर कोशिश की जाती है। जनसभा में प्रत्याशियों के लिए मत बटोरने में सहायता पहुँचाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की आमद होती है जिनके लिए भीड़ जुटाने की जोरदार कवायद होती है। ये दुर्लभ नेता अपने लाव-लश्कर के साथ देर-सबेर जनसभा में उपस्थित होते हैं। जनता उनको देखने और एक झलक पाने को उत्सुक रहती है। अपने संबोधन में ये नेता अवसर भांपते हुए जनता से नाता बना कर जुड़ने की जी तोड़ कोशिश करते हैं। उनके प्रवचनों में विरोधी पार्टियों और उसके नेताओं की छवि को हास्यास्पद बनाते हुए उसे धूमिल करने की कोशिश होती है। यह बड़ा दुखद है कि अपनी बात कहने, विकल्प प्रस्तुत करने और सकारात्मक एजेंडा न पेश कर दूसरों की छवि का हनन करते हुए उसे नुकसान पहुँचाने के प्रयास ही मुख्य रूप से किए जाते हैं। यह भी गौरतलब है कि कुछ नेताओं के संबोधनों में असंयत भाषा का उपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पुराने लोग इस तरह की भाषा को अशिष्ट और असभ्य की कोटि में रखेंगे।

चुनावी दौड़ का एक और खास पहलू यह भी है कि नेता गण अक्सर बड़े-बड़े दावों के साथ तरह-तरह के संभव-असंभव लुभावने वादे करते नहीं थकते। ये वादे उन्हें लोकप्रिय बनाते हैं और जनता के करीब पहुंचाते हैं। फिर अपने दल की उपलब्धियां गिनाते हुए अपने दल के प्रत्याशी के लिए वोट मांगा जाता है। प्रचार के चरम पर पहुचने के करीब राजनैतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र जिसे कभी संकल्प पत्र तो कभी प्रतिज्ञा या प्रणसूची कहा जाता है, उसे उत्सवपूर्वक जारी करते हैं। इसमें वे यह बताते हैं कि अगर उनकी सरकार बनी तो जनता के लिए क्या क्या किया जाएगा। इसकी फेहरिस्त इतनी बड़ी होती है कि उसे इच्छापूरक कल्पतरु या जादुई पिटारे से किसी भी तरह कम नहीं कहा जा सकता। इसके द्वारा जनता को चित्ताकर्षक और मनोहारी सब्जबाग दिखाया जाता है। स्वर्गलोक को धरती पर उतारने और सबकी ज़िन्दगी संवारने के लिए जरूरी सारी योजनाओं का विवरण देते हुए ये घोषणा पत्र बड़े धूमधाम से जारी किए जाते हैं। यह सब करते हुए इस बात का अता-पता नहीं होता कि वादों को निभाने के लिए जरूरी राजस्व कहाँ से आएगा और इसके लिए क्या व्यवस्था करनी होगी। हाँ, यह जरूर है कि इसमें जनता के सभी वर्गों को संतुष्ट करने के लिए कुछ न कुछ जरूर परोसा जाता है। चुनावी वादा करते हुए अपने वर्चस्व की स्थापना ही पार्टी का मुख्य प्रयोजन होता है। चुनाव में भाग लेने वाले विभिन्न दलों में यह होड़ लगी रहती है कि वे एक-दूसरे से बढ़-चढ़ कर वादे करें। चूँकि ये वादे भर होते हैं, इसलिए उनको पूरा करने का प्रश्न उनके लिए कोई महत्व नहीं रखता है। आजकल चुनावी वादों की सूची में क्या कुछ नहीं होता- रुपया-पैसा, कर्ज, नौकरी, मकान, खाने के लिए अन्न, खेती के लिए बीज, पानी, बिजली, तीर्थ यात्रा की व्यवस्था और वृद्धावस्था पेंशन आदि सब कुछ देने की बात की जाती है। यह सब देख कर शिक्षा, स्वास्थ्य, चरित्र-निर्माण और विकास के लिए परिश्रम आदि की बात पिछड़ जाती है। उसकी जगह बैठे रहने और सबकुछ पा लेने की बात गुमराह करने वाली हो जाती है। लगता है चुनावी घोषणा पत्र की कोई सीमा नहीं होती और उसमें क्या दिया जा सकता है, क्या प्रावधान हो सकता है इसे लेकर नियंत्रित करने वाला कोई सक्षम विधि-विधान नहीं है। राजनीतिक कल्पनाशीलता और अपनी सूझबूझ के साथ विभिन्न दल कुछ भी करने के लिए स्वतंत्र रहते हैं। कुछ समय पहले हुए चुनाव में कांग्रेसी और आम आदमी पार्टी ने भविष्य में क्या मिलेगा, इसके लिए मतदाताओं से पूर्व प्राप्ति के फार्म भी भराये थे। और तो और चुनाव के पास आने की आहट आते ही सत्तारूढ़ दल भूली-बिसरी और नई आधिकाधिक कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता से मुखातिब होने लगता है। नई-नई योजनाओं को शुरू करने की दनादन घोषणा भी शुरू हो जाती है। चुनाव में मतदाता सूची की अहम भूमिका होती है। अभी हुई मतदाता सूची की जाँच से पता चला कि एक राज्य में मृत और कई स्थानों से मतदाता के रूप में पंजीकरण जैसी गलतियों को सुधारने पर लाखों की तादाद में पंजीकृत मतदाताओं को बाहर करना पड़ा। मतदाता सूची की जांच और सत्यापन लोकतंत्र की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। यह एक अच्छी और स्वागतयोग्य पहल है जो निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे देश में जल्दी ही शुरू की जाने वाली है। हालांकि कई राजनेता इसे लोकतंत्र के लिए फौरी तौर पर खतरनाक भी बता रहे हैं। मतदाता सूची में सुधार की मुहिम को लेकर उच्चतम न्यायालय में बहस जारी है। सही ढंग से चुनाव हो इसके लिए जरूरी है कि सूची प्रामाणिक हो और उसमें वास्तविक मतदाता सम्मिलित हों। भारत जैसे विशाल देश में चुनाव एक पेचीदा, खचीर्ला और जटिल उपक्रम होता गया है। इसके लिए समय, शक्ति और व्यवस्था का बहुत बड़े पैमाने पर विनियोग करना होता है। ईवीएम के उपयोग से चुनाव और मतगणना के कम में निश्चित ही सुभीता हुआ है परंतु सालभर चुनाव होते रहने के कई दुष्परिणाम भी होते हैं। इसके लिए एकल चुनाव जिसमें राज्य विधानसभा और लोकसभा दोनों का एक साथ ही चुनाव किया जाय, इसे लेकर सहमति बनाने की कोशिशें चल रही हैं। यह सब देखते हुए भारत में बड़े पैमाने पर चुनावी सुधार जरूरी हो गया है। तभी इसकी मयार्दा प्रतिष्ठित हो सकेगी। जो भी हो चुनावी ऋतु आते ही अदृश्य हुए नेता समाज के क्षितिज पर प्रकट होने लगते हैं। जनसंपर्क अभियान शुरू होता है और लोकमत को अपने पक्ष में लेने की हरसंभव कोशिश शुरू हो जाती है। काश चुनाव के निकट आने पर दिखने वाली लोकोभिमुखता वाली यह प्रवृत्ति नेताओं में पहले भी सक्रिय होती।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# महिला क्रिकेट विश्वकप: देश की बेटियों ने लिखी मजबूत मानसिकता की स्वर्णिम कहानी

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारतीय खेल इतिहास का वो लम्हा स्वर्णाक्षरों में सदैव अंकित रहेगा, जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर वर्ष 2025 का क्रिकेट विश्व कप जीत लिया। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उस अदम्य जज्बे, संकल्प और संघर्ष का प्रतीक है जिसने वर्षों से भारतीय बेटियों को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। यह क्षण हर भारतीय के लिए गर्व, उत्साह और प्रेरणा का है क्योंकि यह सिर्फ.मैदान की जीत नहीं, बल्कि मानसिकता की भी जीत है।

भारतीय महिला क्रिकेट का यह गौरवशाली अध्याय उस लंबे सफर का परिणाम है, जो संघर्ष, सीमित संसाधनों और सामाजिक बाधाओं के बीच शुरू हुआ था। एक समय ऐसा भी था जब महिला क्रिकेट को गम्भीरता से नहीं लिया जाता था, न दर्शक होते थे, न प्रायोजक। लेकिन समय बदला और इन बेटियों ने अपने खेल, समर्पण और प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया को दिखा दिया कि खेल का मैदान बेटे और बेटियों में भेद नहीं करता। आज जब भारत विश्व कप जीतकर विश्व का सिरमौर बना है, तो यह जीत हर उस बेटी की आवाज है जिसने अपने सपनों को समाज की बंदिशों से ऊपर रखा।

विश्व कप के रोमांचक फाइनल में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 298 रन बनाए। पारी की शुरूआत शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने की। स्मृति ने संयमित लेकिन महत्वपूर्ण 45 रन बनाकर टीम को मजबूत आधार दिया, जबकि शेफाली वर्मा ने आक्रामक शैली में खेलते हुए 78 गेंदों में 87 रन ठोके। उनकी पारी में चौके-छक्कों की झड़ी लगी रही। कप्तान हरमनप्रीत कौर इस बार जल्दी आउट हो गईं लेकिन युवा बल्लेबाज ऋचा घोष ने 34 रनों की अहम पारी खेली और टीम को एक बार फिर स्थिरता दी। मिडिल ऑर्डर में दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को लगभग 300 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो शुरूआती ओवरों में उसने तेज शुरूआत की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्द ही अपनी पकड़ बना ली। रेणुका ठाकुर और दीप्ति शर्मा ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए विरोधी बल्लेबाजों को बांधे रखा। शेफाली वर्मा ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया- उन्होंने 7 ओवर में मात्र 36 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उनका हरफनमौला प्रदर्शन भारतीय जीत की रीढ़ साबित हुआ। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बढ़ता गया और अंततः भारतीय टीम ने जीत के साथ इतिहास रच दिया। शेफाली वर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए "प्लेयर ऑफ द मैच" चुना गया, जबकि पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दीप्ति शर्मा को "प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट" का सम्मान मिला।

यह जीत केवल एक खेल प्रतियोगिता की विजय नहीं है, बल्कि यह उस मानसिक परिवर्तन का प्रतीक है जो भारत में महिलाओं की स्थिति और दृष्टिकोण को लेकर हो रहा है। कभी जिन बेटियों को कहा जाता था कि "खेल लड़कियों का काम नहीं", वही आज विश्व चैंपियन बनी खड़ी हैं। इस जीत ने समाज को यह संदेश दिया है कि अगर अवसर मिले तो भारतीय महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं। आज ये खिलाड़ी सिर्फ.खेल नहीं रही हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नया रास्ता तैयार कर रही हैं।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यह गौरवशाली प्रदर्शन वर्षों के परिश्रम का परिणाम है। महिला आईपीएल ने खिलाड़ियों को मंच और आत्मविश्वास दोनों दिया। छोटे शहरों और कस्बों से आने वाली खिलाड़ी जैसे कि प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, राधा यादव और रेणुका ठाकुर ने दिखा दिया कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। इन खिलाड़ियों ने न केवल मैदान में बल्कि देश के हर घर में प्रेरणा की नई कहानी लिख दी है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और खेल मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट को लेकर जो नीतिगत बदलाव किए हैं, वे इस सफलता की बुनियाद बने। समान वेतन नीति ने खिलाड़ियों को आत्म-सम्मान दिया, जबकि बेहतर कोचिंग सुविधाएँ और घरेलू टूनार्मेंट्स ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया। यह देखना सुखद है कि अब महिला क्रिकेट को भी वही सम्मान और प्रसारण मिल रहा है जो पुरुष टीम को मिलता है। यह जीत इस दिशा में एक और सशक्त कदम है।

आज इस विजय के साथ भारत के सामने नई जिम्मेदारी भी आई है। अब यह सुनिश्चित करना होगा कि यह उत्साह और समर्थन केवल कुछ दिनों तक सीमित न रहे। जरूरत है कि स्कूल स्तर से लेकर विश्वविद्यालय तक खेलों को शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लड़कियाँ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित हों। खेल मंत्रालय और राज्य सरकारों को ग्रामीण इलाकों में खेल प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ानी चाहिए, जहाँ संसाधन और प्रशिक्षक दोनों उपलब्ध हों। मीडिया की भी बड़ी भूमिका है। महिला क्रिकेट को निरंतर प्रमुखता देना, खिलाड़ियों की कहानियों को सामने लाना, और समाज में इस भावना को मजबूत करना कि यह केवल खेल नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है- यही अब आने वाले समय की सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस जीत के पीछे अनेक अनकही कहानियाँ हैं- वह माँ जो अपनी बेटी के लिए समाज की परवाह किए बिना बैट खरीदती है, वह पिता जो खेत बेचकर क्रिकेट किट दिलाता है, वह कोच जो बिना वेतन के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करता है और वे साथी खिलाड़ी जो रिजर्व में रहकर भी हर समय टीम के साथ खड़ी रहती हैं।

## दैनिक पंचांग

**5 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.03 ब.से |
| चंद्र | मेष में | धनु | 09.19 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.24 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.10 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.43 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 16.14 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.54 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.52 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.05 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.22 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | कन्या | 02.33 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 04.44 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 309 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 18.49 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 09.40 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि( असृक) 11.28 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.45 बजे, बव 18.49 बजे तदनन्तर बालव 04.52 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 41' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872519 **जूलियन दिन** 2460984.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 13 **विशेष** देव दिवाली, कार्तिक पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास, गुरु नानक जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | | रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 | से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 | से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 | से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 | से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 | से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 | से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 | से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 | से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 | से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 | से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 | से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 | से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद** : जिले के बरमसिया स्थित रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची धनसार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक सेवानिवृत रेल कर्मी था। मौके पर पहुंचे धनसार थाना के एएसआई इन ठाकुर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया जाएगा।

## झारखंड में जल सहिया के स्थायीकरण को लेकर समिति का रांची राजभवन घेराव का ऐलान

**बोकारो**: झारखंड असंगठित जल सहिया समिति की एक अतिआवश्यक बैठक आज संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति की केंद्रीय अध्यक्ष शकुंतला देवी ने की और संचालन सुमित्रा मंडल ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य की सभी जल सहिया बहनों के स्थायीकरण की मांग को लेकर निकट भविष्य में राजधानी रांची के राजभवन में जन आंदोलन किया जाएगा। बैठक में भाकपा माले बोकारो जिला के सदस्य भीम रजक ने कहा कि जल सहिया बहनों को स्थाई कर्मचारी का दर्जा और न्यायपूर्ण मानदेय मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से जल्द निर्णय लेने की अपील की। इस मौके पर सोमा चक्रवर्ती, पूर्णिमा देवी, सारथी महतो सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किसी भी हाल में बंद न हो मध्याह्न भोजन योजना : बीडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी** : मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका के सभागार में मंगलवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ज्योति कुमारी और जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने संयुक्त रूप से की। बैठक में शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय संचालन और विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि मध्याह्न भोजन किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने मेन्यू के अनुरूप भोजन बनाने, थाली में हरी सब्ज़ियों की अनिवार्य उपस्थिति और पोषण वाटिका को हरा-भरा रखने पर जोर दिया। साथ ही सभी विद्यालयों में एक-एक नोडल शिक्षक नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो एमडीएम संचालन की नियमित निगरानी करेंगे। उन्होंने पोशाक, जूता-मोजा वितरण से संबंधित डेटा की 100 फीसदी एंट्री अगले दो दिनों में सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले योजना अंतर्गत छूट गई 171 बालिकाओं का डाटा भी दो दिनों के भीतर अपोड करने के निर्देश दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने निर्देश दिया कि सभी विद्यालय एलपीजी आधारित मध्याह्न भोजन व्यवस्था अपनाएं। उन्होंने हर कक्षा में रूटीन प्रदर्शित करने और उसी के अनुसार कक्षा संचालन सुनिश्चित करने को कहा। विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम की खेती से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूकता फैलाने और तंबाकू और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से बच्चों को अवगत कराने पर जोर दिया गया। विद्यालय से 500 मीटर के दायरे में इनके बिक्री पर सख्त रोक से संबंधित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिया गया। बैठक में आधार-खाता सत्यापन, छात्रवृत्ति, पोशाक, प्रयास कार्यक्रम, एफएलएन, आरएआईएल टेस्ट, एसएमसी पुनर्गठन की इवीवी एंट्री, वीर गाथा कार्यक्रम और जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार, अनीता लकड़ा, बीआरपी विजय कुमार शर्मा, सभी सीआरपी एवं बहुसंख्यक विद्यालय प्रभारी उपस्थित थे।

## घाटशिला में भाजपा की चुनावी बैठक, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन बोले- "अबुआ सरकार ने हर वर्ग को ठगा"



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला** : मंगलवार को मुसाबनी के फॉरेस्ट ब्लॉक में भाजपा की चुनावी बैठक में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जी शामिल हुए.लोगों का उत्साह घाटशिला में बदलाव का स्पष्ट संकेत दे रहा था। झारखंड की तथाकथित अबुआ सरकार ने बार-बार, लगातार युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, आदिवासियों एवं मूलवासियों को ठगने का काम किया है। नगड़ी, सिरमटोली, भोगनाडीह से लेकर चाईबासा तक, जब कभी भी, आदिवासी समाज ने अपने हक एवं अधिकार के लिए आवाज उठाई है, उन्हें लाठी-डंडों के सहारे खामोश करने का प्रयास किया गया है। घाटशिला की जनता इस तानाशाही का माकूल जवाब देगी। इस कार्यक्रम में देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास एवं वीर सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू समेत भाजपा परिवार के कई साथी एवं बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित रहे।

## पारगामा में राशन डीलर पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा तीन महीने से नहीं मिला राशन, ग्रामीणों ने किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड के पारगामा पंचायत में ग्रामीणों का गुस्सा उस समय फूट पड़ा जब तीन महीने से सरकारी राशन नहीं मिलने पर लोगों ने राशन डीलर के खिलाफ जमकर विरोध जताया। ग्रामीण ने बैठक कर उपायुक्त के नाम राशन डीलर के विरुद्ध कार्रवाई का आवेदन पर हस्ताक्षर किया। ग्रामीणों का आरोप है की जुन, जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर का उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन नहीं मिला है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से भी मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बावजूद अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि किशुनडीह के डीलर बलभद्र मुर्मू रात के समय चोरी-छिपे राशन वितरण करता है। इंटा,पत्थर रखकर तराजू पर वजन कर अंगुठे लगवाते हैं और 15 -20 दिन बाद अनाज दिया जाता है। हद तब हो गई जब तीन महीने का अनाज कुछ कार्ड धारियों को देकर अनाज खत्म होने का बहाना बनाया एवं सितम्बर का अंगूठा लगाकर राशन देने से इंकार कर दिया। ग्रामीणों ने पूर्व जिला परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू को भी इस संबंध में अवगत कराते हुए न्याय दिलाने में सहयोग करने का गुहार लगाई। कार्डधारियों ने हस्ताक्षरित आवेदन उपायुक्त को देकर राशन दिलाने एवं डीलर पर कार्रवाई कराने का निर्णय लिया। वहीं पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू ने कहा कि गरीबों का हक मारने वाले पर कार्रवाई कराने में हर तरह से सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीलर हर बार इस तरह का रवैया अपना कर 3-4 महिने का अनाज डकार जाते हैं।

## विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित की गई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय के समीप नागरिक अधिकार सुरक्षा मंच,सिल्ली का विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता महेश्वर मंडल ने किया। कार्यक्रम में गोला-मुरी सड़क निर्माण के संवेदक की दादागिरी, अपारदर्शिता, अदूरदर्शिता, एवं असंवेदनशीलता बंद किया जाय ,गोला-मुरी सड़क निर्माण में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा भुगतान के पश्चात निर्माण कार्य किया जाय, प्रखण्ड के विकास योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार बंद किया जाय ,ऑन-लाइन भूमि सुधार का निष्पादन पंचायत स्तर पर शिविर लगा कर किया जाय, सेवा देने की गारण्टी अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय, खनिज संपदा (बालू, पत्थर, मिट्टी) का दोहन बंद किया जाय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनाज कटौती बंद किया जाय ,ग्राम-कुटाम कुतरु बांसारूली के निजी एवं विवादित रास्ता तथा नाला से मिट्टी हटाया जाय, हरिजन छात्रावास, ग्राम विकास उच्च विद्यालय, सिल्ली का जीर्णोद्वार किया जाय, ग्राम-बंसारूली के आम रास्ता से हिण्डालको (मुरी) का अवैध कब्जा हटाया जाय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पार्क के लिए रांची-पुरुलिया मार्ग पर जमीन आवंटित किया जाय आदि मांग पत्र अंचल अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कार्यक्रम में खर्च हुई राशि नहीं मिलने पर उपायुक्त से मिले मुखिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



धनबाद : जिले के सदर प्रखंड के मुखियाओं ने मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए वर्ष 2022, 2023 और 2024 में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में किए गए निजी खर्च की राशि का भुगतान जल्द कराने की मांग की है। मुखियाओं का कहना है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में टेंट, शामियाना, सजावट, एलईडी डिस्प्ले, प्रचार-प्रसार और अन्य व्यवस्थाओं का खर्च अपने निजी स्तर से उठाया था, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके और पंचायत के हर वर्ग को योजना का लाभ मिल सके। मुखियाओं ने बताया कि सभी संबंधित बिल और वाउचर प्रखंड कार्यालय में जमा कर दिए गए हैं, फिर भी अब तक एक भी रुपये का भुगतान नहीं हुआ है। मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में जब सरकार आपके द्वार योजना शुरू हुई, तब से हम लोग अपने जेब से पैसा खर्च करके कार्यक्रम कराते रहे हैं। हर साल यह भरोसा दिया गया कि भुगतान जल्द कर दिया जाएगा, लेकिन 2024 तक एक भी पैसा नहीं मिला। अब 2025 में फिर से कार्यक्रम कराने का निर्देश आया है, जबकि हम पहले ही तीन बार खर्च कर चुके हैं। चौथी बार अपने जेब से खर्च करने की स्थिति में नहीं हैं। मुखियाओं ने उपायुक्त आदित्य रंजन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और भुगतान की मांग की। वहीं, उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा की मुखिया संघ के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में सूचना दी है। तत्काल डीडीसी को निर्देश दिया गया है कि संबंधित फाइलों की जांच कर लंबित भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। पंचायतीराज व्यवस्था में मुखियाओं की भूमिका अहम है, इसलिए सरकार आपके द्वार जैसे कार्यक्रमों में किसी तरह की वित्तीय बाधा नहीं रहने दी जाएगी।

## धालभूमगढ़ थाना प्रभारी पवन कुमार निलंबित

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना प्रभारी पवन कुमार पर सहकर्मी महिला आरक्षी से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप सही पाए जाने के बाद एसएसपी पीयूष पांडेय ने उन्हें निलंबित कर पुलिस लाइन भेज दिया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। सवाल उठ रहा है कि जब थाना परिसर में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी कैसे दी जा सकती है। जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर को एक महिला आरक्षी ने जिला पुलिस कप्तान को लिखित शिकायत दी थी।

संक्षिप्त खबरें

## डॉ. अरुण कुमार को डॉक्टरेट उपाधि मिलने पर सम्मानित



**सरिया**: सरिया कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष सह परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरुण कुमार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त होने पर एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गिरिडीह के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत प्रसाद, खोरठा लेखक डॉ. आनंद किशोर दांगी, एसआई योगेंद्र महतो, एएसआई सरवन कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता गणेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। डॉ. अभिजीत प्रसाद ने कहा कि यह गौरव का क्षण है और डॉ. अरुण कुमार का शोध समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। वहीं, डॉ. आनंद किशोर ने कहा कि उनका शोध गैर-सरकारी संगठनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, जिसके सुझावों को लागू कर एनजीओ महिलाओं के उत्थान में बेहतर कार्य कर सकते हैं।डॉ. अरुण कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि पांच वर्षों की कठिन मेहनत के बाद यह सुखद पल प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके शोध का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के उत्थान में एनजीओ की भूमिका, गिरिडीह जिले में एनजीओ के विकास स्तर, उनकी कार्यशैली, सामाजिक न्याय में योगदान, आम जनमानस और एनजीओ के बीच संबंधों व प्रासंगिकता का अध्ययन करना था।समारोह में मुकेश कुमार, हरिशंकर वर्मा, शिबू महतो, अभय आर्यन सहित कई लोग उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर डॉ. अरुण कुमार को शुभचिंतकों, कॉलेजों के शिक्षकों, छात्रों, सामाजिक कार्यकताओं और राजनेताओं से लगातार बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं।

## गुरु नानक जयंती पर सरिया में निकली भव्य शोभा यात्रा



**सरिया**: मंगलवार को गुरु नानक जयंती के अवसर सरिया में सिख समुदाय द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो गुरुद्वारा साहिब से निकाल कर विवेकानंद मार्ग एफसीआई रोड स्टेशन रोड,झंडा चौक गुथे हुए अपना गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। जिसमें सीक्रेट समुदाय सहित अन्य समाज के शामिल हुए .इस शोभा यात्रा का नगर कीर्तन में पांच प्यारों की आकर्षक झांकी निकाली गई। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान वाहेगुरु जी की खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के नारों से पूरा सरिया बाजार गूंज मान रहा। वही इस शोभा यात्रा में शामिल महिला पुरुषों ने तुम शरणायी आया ठाकुर ..., देख जीवा गुरु तेरा दर्शन...., कहो नानक गुरु बंधन काटे... जैसे भजनों से श्रद्धालु ओत-प्रोत हुए। वहीं ज्ञानी अमरजीत सिंह ने बताया कि बुधवार को गुरुद्वारा साहिब में दोपहर को विशाल लंगर का कार्यक्रम किया जाएगा। जबकि देर शाम गुरु के दीवान सजाए जाएंगे। इस शोभा यात्रा में श्री श्याम ट्रेडर्स सरिया द्वारा श्रद्धालुओं के बीच शरबत तथा नाश्ते पानी का वितरण किया गया। शोभा यात्रा को संपन्न कराने में सरिया पुलिस कि यह भूमिका रही। कार्यक्रम में गुरुद्वारा संगत सरिया के अध्यक्ष मनोहर सिंह बग्गा, सचिन सिमरन सिंह,खजांची राजेंद्र सिंह मखीजा,कंवल प्रीत,रचना गंभीर,शालू चावला, विशाल गंभीर, शैंकी सोनी,विक्की चावला, राहुल गंभीर,मनु चावला ,शमी सोनी, बाबू सिंह,नवीन अजमानी, बलवीर सिंह, नीलम सलूजा, विनय सलूजा, विजय सलूजा, रोहित सलूजा,विशाल सलूजा, मोनू मखीजा, विकास सोनी, श्रुति कौर,कंचन सोनी, सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।**
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई-मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com • फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक................../ **शुद्धि–पत्र** राँची, दिनांक ........./........./2025

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक– 624 दिनांक–25.09.2025 द्वारा e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI F2 - 16/2025-26 PR No.363024 Minor Irrigation (25-26)#D दिनांक 27.09.2025 को प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरण | पूर्व में अंकित निविदा का तिथि एवं समय | संशोधित निविदा का तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of e-tender on website | 18.10.2025 up to 2:00 pm | 13.11.2025 up to 2.00 pm |
| 2 | Last date for /time for submission of e-tender BID's | 25.10.2025 up to 5:00pm | 19.11.2025 up to 3:00 pm |
| 3 | Last date for online Submission of tender fee and EMD | 25.10.2025 up to 5:00pm | 19.11.2025 up to 3:00 pm |
| 4 | Date of opening tender | 30.10.2025 at 2:00 Pm | 12.11.2025 at 4:00 pm |

निविदा की शेष सभी शर्तें पूर्वतः बनी रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।

PR 365257 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

## चांडिल डैम के विस्थापितों ने किया एकदिवसीय पूनर्वास कार्यालय का गेट जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चांडिल** : सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल बाँध विस्थापितों की समस्याओं के स्थायी समाधान की माँग को लेकर 4 नवम्बर मंगलवार को विस्थापित अधिकार मंच फाउंडेशन के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सह गेट जाम आंदोलन किया गया। आंदोलनकारियों ने सरकार से 43 वर्षों से लंबित पुनर्वास और नौकरी से जुड़ी माँगों को तत्काल पूरा करने की अपील की। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि चांडिल बाँध परियोजना के कारण विस्थापित हुए 116 गाँवों के परिवार अब भी अपने वैध अधिकारों और पुनर्वास लाभों से वंचित हैं। कई बार सरकार को आंदोलन, धरना, प्रदर्शन और आमरण अनशन के माध्यम से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। आंदोलन का नेतृत्व राकेश रंजन महतो ने किया, जिसमें 400 से अधिक विस्थापित परिवारों ने भाग लेकर अपना समर्थन दिया। इस आंदोलन को और प्रबल बनाने के लिए सरायकेला खरसावां कालिंदी कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष कृष्णा कालिंदी ने भी समर्थन दिया और विस्थापितों के हक में सरकार से ठोस कदम उठाने की माँग की। आंदोलन के दौरान विस्थापितों ने बाँध अंचल कार्यालय चांडिल का गेट जाम कर अधिकारियों को बाहर बुलाया और अपनी माँग पत्र की प्रति सौंपी। अधिकारियों से सवाल किया गया कि आखिर इतने वर्षों बाद भी विस्थापित परिवारों को न्याय क्यों नहीं मिला।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
(श्रमायुक्त का कार्यालय, श्रम भवन, डोरण्डा–राँची, ईमेल–labcomjhr@gmail.com)

**आम सूचना**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–02/MW-2071/2010 (भाग–3) श्र0नि0–2724 राँची, दिनांक–03.11.2025 के अनुसार 90 अनुसूचित नियोजनों में **दिनांक–01.10.2025 से** प्रभावी परिवर्तनशील मँहगाई भत्ता (VDA) सहित दैनिक एवं मासिक न्यूनतम मजदूरी की दरें निम्नानुसार है :–

| | श्रेणी | श्रेणी के तहत आने वाले क्षेत्र | न्यूनतम मजदूरी परिवर्तनशील मँहगाई भत्ता (MW Basic Rate + VDA) सहित (रूपये में) दैनिक | | | | न्यूनतम मजदूरी परिवर्तनशील मँहगाई भत्ता (MW Basic Rate + VDA) सहित (रूपये में) मासिक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अकुशल | अर्द्धकुशल | कुशल व लिपिकीय | अतिकुशल | अकुशल | अर्द्धकुशल | कुशल व लिपिकीय | अतिकुशल |
| अनुसूचित नियोजनों की श्रेणी 'क' | A | रांची नगर निगम, चास नगर निगम, धनबाद नगर निगम, देवघर नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम एवं जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र एवं आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र। | 502 | 527 | 694 | 800 | 13050 | 13692 | 18042 | 20802 |
| | B | "A" श्रेणी को छोड़कर अन्य सभी जिलों के नगर निकाय क्षेत्र (नगर निगम, नगर परिषद् व नगर पंचायत) | 478 | 502 | 662 | 764 | 12437 | 13050 | 17205 | 19854 |
| | C | राज्य के अन्य क्षेत्र ( A और B को छोड़कर) | 456 | 478 | 631 | 727 | 11851 | 12437 | 16396 | 18906 |

| | श्रेणी | श्रेणी के तहत आने वाले क्षेत्र | न्यूनतम मजदूरी परिवर्तनशील मँहगाई भत्ता (MW Basic Rate + VDA) सहित (रूपये में) दैनिक | | | | न्यूनतम मजदूरी परिवर्तनशील मँहगाई भत्ता (MW Basic Rate + VDA) सहित (रूपये में) मासिक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अकुशल | अर्द्धकुशल | कुशल व लिपिकीय | अतिकुशल | अकुशल | अर्द्धकुशल | कुशल व लिपिकीय | अतिकुशल |
| अनुसूचित नियोजनों की श्रेणी 'ख' | A | रांची नगर निगम, चास नगर निगम, धनबाद नगर निगम, देवघर नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम एवं जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र एवं आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र। | 478 | 502 | 661 | 763 | 12437 | 13050 | 17177 | 19826 |
| | B | "A" श्रेणी को छोड़कर अन्य सभी जिलों के नगर निकाय क्षेत्र (नगर निगम, नगर परिषद् व नगर पंचायत) | 456 | 478 | 631 | 727 | 11851 | 12437 | 16396 | 18906 |
| | C | राज्य के अन्य क्षेत्र ( A और B को छोड़कर) | 434 | 456 | 601 | 693 | 11293 | 11851 | 15616 | 18014 |

नोट– न्यूनतम मजदूरी की मूल दरें एवं परिवर्तनशील मँहगाई भत्ता संबंधी अधिसूचना विभागीय पोर्टल **Shramadhan.jharkhand.gov.in** में **Download Section** में देखा जा सकता है।

(प्रदीप रोबर्ट लकड़ा)
निदेशक,
न्यूनतम मजदूरी, झारखण्ड, रांची।

PR 365264 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

# 264 नवनियुक्त चौकीदारों की पासिंग आउट परेड संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत झारखंड पुलिस जैप-9 परिसर में 264 नवनियुक्त चौकीदारों का फाइनल पासिंग आउट परेड समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह अवसर उन नवचयनित चौकीदारों के लिए गौरवपूर्ण रहा, जिन्होंने कठिन प्रशिक्षण और अनुशासन की परीक्षा के बाद आज औपचारिक रूप से अपनी सेवा यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला सशस्त्र न्यायाधीश अखिल कुमार, जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह, जैप-9 समादेष्टा कुसुम पूनिया, अपर समाहर्ता गौतम भगत व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में परेड निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात नवनियुक्त चौकीदारों द्वारा उत्कृष्ट मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। जैप-9 परिसर में उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों ने चौकीदारों की अनुशासन, सजगता और समर्पण भावना की सराहना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में डीसी हेमंत सती ने सभी नवनियुक्त चौकीदारों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि चौकीदार प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु हैं। वीर शहीदों की इस पावन धरती पर पासिंग आउट परेड का हिस्सा बनना गर्व का क्षण है। यह केवल एक औपचारिक समारोह नहीं बल्कि इस बात का प्रमाण है कि आप अब जिले के सजग प्रहरी के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि चौकीदार शब्द का अर्थ ही चौकस और ईमानदार होता है। आपके सतर्क रहने से ही बड़ी से बड़ी आपराधिक घटनाओं को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि आप अपने क्षेत्र के हर व्यक्ति, हर गतिविधि और घटनाक्रम पर गहरी नजर रखें। आप केवल कानून व्यवस्था के रखवाले नहीं हैं, बल्कि आप ग्रामीण क्षेत्रों और पुलिस व्यवस्था की सबसे पहली और महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आपकी भूमिका जनता और जिला प्रशासन के बीच एक मजबूत विश्वास सेतु के रूप में है। जनता आपसे उम्मीद रखती है कि आप सजग, निष्पक्ष और निष्ठावान रहेंगे। उन्होंने चौकीदारों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका आचरण और व्यवहार जनता के विश्वास को बनाए रखने वाला होना चाहिए। डीसी ने चौकीदारों को शपथ दिलाई कि वे निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और जिला प्रशासन की हर योजना के क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। एसपी अमित कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चौकीदार पुलिस तंत्र की रीढ़ हैं उन्होंने कहा –सुरक्षा और सूचना प्रणाली के पहले प्रहरी बनें। आपका कार्य सिर्फ अपराध की सूचना देना नहीं, बल्कि सामाजिक शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखना भी है। ग्रामीण इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आपकी भूमिका अत्यंत अहम है। आपके माध्यम से पुलिस प्रशासन को हर छोटी-बड़ी सूचना प्राप्त होती है, जिससे अपराध पर नियंत्रण संभव हो पाता है। उन्होंने सभी चौकीदारों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूरे मनोयोग और ईमानदारी से करें तथा पुलिस-प्रशासन को हर संभावित अपराध की पूर्व जानकारी दें। एसपी ने यह भी कहा कि चौकीदारों का प्रशिक्षण केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक अनुशासन से भी जुड़ा होता है। आज का दिन उनके परिश्रम, धैर्य और समर्पण का परिणाम है। समारोह के दौरान प्रशिक्षित चौकीदारों द्वारा शानदार परेड प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने परेड का निरीक्षण करते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। मंच संचालन के दौरान प्रशिक्षण दल के अधिकारियों ने चौकीदारों की चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा सुरक्षा शिक्षण की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी।

## एक नजर

### गम्हरिया सरकारी गोदाम अग्निकांड में झुलसे एजीएम अभिषेक हाजरा की मौत

**सरायकेला :** सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड स्थित सरकारी अनाज गोदाम में हुए भीषण अग्निकांड में झुलसे सहायक महाप्रबंधक अभिषेक हाजरा की मंगलवार को मौत हो गई। टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) के बर्न यूनिट में पिछले कई दिनों से उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया और पूरे खाद्य आपूर्ति विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। दरअसल, बीते मंगलवार को गम्हरिया प्रखंड परिसर स्थित झारखंड खाद्य निगम (जेएफसी) के सरकारी अनाज गोदाम में अचानक आग लग गई थी। आग की सूचना मिलते ही एजीएम अभिषेक हाजरा और गोदाम कर्मी राजू सेनापति मौके पर पहुंचे, आग इतनी भयंकर थी कि दोनों उसकी लपटों की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से झुलसने के बाद दोनों को टीएमएच में भर्ती करवाया गया, लेकिन सोमवार को इलाज के दौरान राजू सेनापति की मौत हो गई, जबकि आज अभिषेक हाजरा भी जिंदगी की जंग हार गए। दोनों की मौत के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिकारी और कर्मी की मौत से विभाग के कर्मचारी गहरे सदमे में हैं, जबकि परिजन न्याय और पारदर्शी जांच की मांग कर रहे हैं। इस हादसे के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच टीम मौके से सबूत इकट्ठा कर रही है और रिपोर्ट का सभी को इंतजार है।

### पश्चिमी सिंहभूम में सोनुआ-गुदड़ी मार्ग पर दो बाइक की सीधी भिड़ंत, छह लोग घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ–गुदड़ी मुख्य मार्ग पर स्थित सारंडियापोस गांव के पास मंगलवार की सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों का इलाज चाईबासा सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि दो लोगों को सोनुआ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे के वक्त सारंडियापोस निवासी जितेन महतो (25) अपने भतीजी जयश्री महतो (10) और भतीजे रूपेश महतो (7) को अर्जुनपुर स्कूल छोड़ने के लिए जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से जाटीसेरेंग गांव के दुर्गा मुंडा (30), संजय मुंडा (32) और 10 वर्षीय गुरुवा मुंडा सोनुआ की ओर से आ रहे थे। तेज गति और असंतुलन के कारण दोनों बाइकों में आमने–सामने की टकर हो गई।

## जेएसएलपीएस सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की एक हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पलाश बरहरवा के सौजन्य से जेएसएलपीएस सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी कर्मी, बीआरपी लाइवलीहुड एवं आईएफसी एंकर की समीक्षा तथा आगे की कार्ययोजना हेतु एक बैठक बीपीएम फैज आलम एवं बीपीओ गौरव सिद्धार्थ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस दौरान पिछले माह किये गए कार्यों की समीक्षा,उत्पादक समूहों का नियमित बैठक तथा खाता बही अपडेट,उत्पादक समूह का विस्तृत जानकारी, उत्पादक समूह का व्यवासिक योजना, मछली पालन लाभुकों का गावँ वॉइज सर्वे प्रपत्र, लाइवस्टॉक सर्विस सेंटर, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लाभुकों का चयन इत्यादि तथा खेती बाड़ी एवं पशुपालन से संबंधित कार्य आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। इस बैठक में बीएपी पवन कुमार, सभी सामुदायिक समन्वयक, पीआरपी, बीआरपी लाइवलीहुड, आईएफसी एंकर इत्यादि उपस्थित थे।

## अक्टूबर माह में 14,459 बिना टिकट यात्रियों पर कार्रवाई, 81.34 लाख से अधिक जुर्माना वसूला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में अनुशासित, नैतिक तथा यात्री हितैषी यात्रा को प्रोत्साहित करने हेतु सतत प्रयास जारी हैं। मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं मालदा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिस अंजन के निर्देशन में अक्टूबर 2025 के दौरान व्यापक टिकट जांच अभियान एवं यात्री जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।अक्टूबर माह में कुल 14,459 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के मामलों का पता लगाया गया तथा लगभग 81,34,580/- रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। ये जांचें मंडल के प्रमुख स्टेशनों तथा ट्रेनों में वाणिज्य निरीक्षकों, टिकट जांच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से की गईं। त्योहारों के इस मौसम में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, मालदा मंडल ने भीड़भाड़ वाले स्टेशनों तथा ट्रेनों में टिकट जांच गतिविधियों को और अधिक सघन किया है, ताकि यात्रियों को सुगम चढ़ाई, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके।इसके साथ ही मंडल द्वारा यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने तथा बुकिंग काउंटरों पर अंतिम समय की भीड़ से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। यात्रियों को रेलवन ऐप, यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप एवं एटीवीएम मशीनों जैसी डिजिटल टिकटिंग सुविधाओं के प्रयोग के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे कैशलेस, सुविधाजनक एवं सरल टिकट बुकिंग का लाभ उठा सकें। यह ध्यान देने योग्य है कि बिना वैध टिकट यात्रा करना भारतीय रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

## साहिबगंज में खेत बने तालाब, फसलों का भारी नुकसान, सर्वे को तरस रहे किसान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले भर में मोंथा चक्रवाती तूफान आने से पिछले बुधवार से शनिवार तक रुक-रुक कर हुई भारी बारिश से खेतों में सावन-भादो की तरह खेत खलियानों में लबालब पानी भर जाने से धान समेत फैसले बर्बाद हो गई है। दरअसल शनिवार तक सदर प्रखंड समेत जिले भर में हुई बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया है। जहां भारी बारिश के कारण करीब 60 फीसदी फसलें बर्बाद हो चुकी है। जिसमें मुख्य रूप से धान, गेहूं, आलू, उड़द, एवं अन्य फसलें शामिल है। राजमहल प्रखंड के सुखसेना, मुन्नापटाल, कन्हैयास्थान टपुवा, तालझारी प्रखंड के मदनशाही, सकरीगली, बोरियो प्रखंड के पंचगढ़, बांझी, पहाड़पुर, घोघी समेत सैकड़ो गांव की धान की फैसले करीब-करीब पानी में तैरते हुए सड़ने लगी है। यहां तक की धान की फसलें खेतों में अंकुरित भी होने लगी है। फसलों को बर्बाद होता देख अन्नदाताओं के आंखों में आशु छलक रहा है। अन्नदाताओं का आरोप है कि साहिबगंज के बरहेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक सह राज्य के मुख्यमंत्री आते हैं, लेकिन किसानों की पीड़ा को कोई नहीं समझ रहा है। जनप्रतिनिधि जश्न मनाने में लगे हैं। जिसके चलते राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अभी तक किसी भी गांव में सर्वे करने नहीं पहुंचे हैं। कई अन्नदाताओं ने डीसी हेमंत सती, राजमहल विधायक एमटी राजा, राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा, का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## कमलपुर पुलिस ने चिस्पाया इश्तेहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** कमलपुर थाना के कांड संख्या 08/2024 से संबंधित अभियुक्त संकेत उज्ज्वल, पिता स्व. बैजू राय, निवासी- ब्लॉक नं.-341, रोड नं.-06, निकट काली मंदिर, बागबेरा कॉलोनी, थाना-बागबेरा, जिला- पूर्वी सिंहभूम के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जमशेदपुर के आदेशानुसार दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत जारी उद्घोषणा की औपचारिक कार्यवाही की गई। उक्त उद्घोषणा आदेश को कमलपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम कुमार राय सशस्त्र बल सहित के द्वारा विधि अनुसार अभियुक्त संकेत उज्ज्वल के मुख्य द्वार पर चिपकाया गया एवं जोर-शोर से पढ़कर सूचित किया गया। यह कार्यवाही अभियुक्त के परिवार के सदस्यों तथा स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में की गई। साथ ही आदेश के बारे में परिवार एवं उपस्थित व्यक्तियों को विधिक रूप से सूचित किया गया कि यदि अभियुक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत नहीं होता है।तो उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई धारा 83 दंप्रसं के तहत की जाएगी। पुलिस प्रशासन आमजन को सूचित करता है कि अभियुक्त संकत उज्ज्वल को किसी भी रूप में शरण या सहायता प्रदान करना विधि विरुद्ध है। यदि किसी व्यक्ति को अभियुक्त के संबंध में कोई सूचना हो। तो संबंधित थाना-कमलपुर या थाना-बागबेरा अथवा पुलिस नियंत्रण कक्ष को तत्काल सूचित करें।

## जिला खनन टास्क फोर्स ने रात्रि में चलाया विशेष जांच अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा सोमवार की रात्रि में हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पाया गया कि कुछ भारी वाहनों द्वारा जिला प्रशासन के दिशा-निदेशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा था तथा नो एंट्री क्षेत्र का उल्लंघन किया जा रहा था। इस पर टीम द्वारा 20-25 वाहनों की जांच की गई, जिसमें से कुल 19 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए ?89,800/- (रुपए उन्यासी हजार आठ सौ मात्र) की राशि ऑनलाईन ई-पॉस मशीन के माध्यम से दंडस्वरूप वसूल की गई। वाहन चालकों को निर्देश दिया गया कि भविष्य में यदि पुनः इस प्रकार का कृत्य किया गया, तो संबंधित वाहन को जप्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि अवैध खनन एवं नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन की ओर से शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। आमजन की सुविधा और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ऐसे जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे। इस जांच अभियान में जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार, अंचल अधिकारी हिरणपुर मनोज कुमार, माइनिंग इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह, नवीन कुजूर, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, परिवहन विभाग के कर्मी एवं हिरणपुर थाना पुलिस बल उपस्थित रहे।

## कमल का फूल विकास, विश्वास और महिलाओं के सम्मान का प्रतीक : अन्नपूर्णा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जिला में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के गालूडीह और धालभूमगढ़ में आयोजित पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेकर कार्यकताओं में जोश भर दिया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कमल का फूल केवल एक चुनावी निशान नहीं, बल्कि यह विकास, विश्वास और महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास की दिशा में कदम बढ़ाया है और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, पीएम आवास योजना और मातृ वंदना योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की महिलाओं का आशीर्वाद इसलिए निरंतर मिलता रहा है, क्योंकि उन्होंने उनके सम्मान और सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया है। कार्यक्रम में हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि घाटशिला में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती आबादी बेहद चिंताजनक है और यह क्षेत्र के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने बाहर की मुस्लिम महिलाओं के नाम को मईयां सम्मान योजना से जोड़ दिया है, जिससे स्थानीय महिलाओं के अधिकारों पर आंच आ रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है। नवीन जायसवाल ने उपस्थित जनता से घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में भारी मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, विधायक शत्रुघन महतो, भाजपा के जिला और मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित सैकडों महिलाएं उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री से किया आग्रह, प्रतेक स्कुलों में एक विषय उर्दू की पढ़ाई हो : झामुमो पूर्व केंद्रीय सदस्य शाहिद इकबाल



**पाकुड़ :** रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर आलिम और फाजिल के डिग्री प्राप्त लोगों की पहले से चली आ रही शिक्षक आदि के नियुक्तियों में जो मान्यता सरकार दे रही थी उसे यथावत शिक्षक को रखने का आग्रह झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने की। उन्होंने यह माँग कि ताकि प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में उर्दू सहायक शिक्षक के रूप में इनलोगों की बहाली हो सके और उर्दू शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और प्रत्येक सरकारी स्कुलों में एक विषय उर्दू की पढ़ाई हो सकें क्योंकि उर्दू की पढ़ाई नहीं होने से मुस्लिम छात्र/छात्राएं उर्दू शिक्षा से दूर हो रहें है। उर्दू की पढ़ाई होने से अन्य भाषाओं की तरह उर्दू भाषा को भी झारखण्ड राज्य में सम्मान प्राप्त होगा।

### तेज रफ्तार टेंपो पलटी मारने से दो लोग हुए गंभीर घायल



**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो–साहिबगंज मुख्य पथ के चंपा के समीप तेज रफ्तार टेम्पो पलटने से दो व्यक्ति घायल। मिली जानकारी के अनुसार बीरबल कांदर पंचायत के वार्ड संख्या (6) के वार्ड सदस्य सुखदेव पहाड़िया(40) पिता स्वर्गीय बुद्धिनाथ पहाड़िया व देव पहाड़ निवासी सैमुएल पहाड़िया (25) पिता बेचू पहाड़िया, दोनों तेतरिया संथाली में फुटबॉल मैच देखकर मछली लाने के लिए टेम्पो में सवार होकर साहिबगंज जा रहा था, इसी दौरान चंपा के समीप अचानक टेम्पो के आगे एक वाहन आ गया टेम्पो चालक उसे बचाने के चक्कर में सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया जिससे सुखदेव पहाड़िया(40) एवं सैमुएल पहाड़िया (25) दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल साहिबगंज भेजा गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उक्त दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि उक्त दोनों घायलों को गंभीर चोटें लगी है। वहीं सदर अस्पताल में भर्ती कर दोनों घायलों का चिकित्सक के देखरेख में इलाज चल रहा है।

### देव दीपावली पर गंगा आरती व दीपोत्सव कार्यक्रम आज



**साहिबगंज :** बुधवार को संध्या मां गंगा सेवा समिति की ओर से कार्तिक शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा तिथि को देव दीपावली के अवसर पर शहर के स्थानीय मुक्तेश्वर धाम गंगा घाट पर समिति की ओर से भव्य मां गंगा की आरती और दीपोत्सव का कार्यक्रम होना है। समिति ने सभी शहरवासियों, समाजसेवी, समिति के सदस्य और श्रद्धालुजनों से आग्रह किया कि इस शुभ अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम सफल बनाए। बताया गया कि वर्ष 2011 से यहां प्रति वर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा तिथि को देव दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

### बिहार चुनाव से पूर्व झारखंड बिहार बोर्डर सील रहेगी, गंगा से सटे बोर्डर पर सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी



**साहिबगंज :** बिहार चुनाव को मद्देनजर अपर समाहर्ता गौतम भगत, जैप09 कमांडेंट कुसुम पुनिया, एसडीओ सदर अमर जॉन आइंद ने मंगलवार को गंगा से सटे बिहार झारखंड बोर्डर का जायजा मोटर बोट से लिया। अधिकारियों ने गंगा से सटे बिहार बोर्डर के दियारा क्षेत्र, गंगा क्षेत्र का बारीकी से जायजा लिया। वही उन्होंने बताया कि बिहार चुनाव से पूर्व झारखंड बिहार बोर्डर पूरी तरह से सिल रहेगा। मोटर बोट से गंगा में पुलिस की पैनी नजर रहेगी और दियारा में पुलिस बल तैनात रहेंगे। बिहार चुनाव को लेकर सीमा की सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी।आबादी वाले इलाकों में भरोसा जीतने के लिए एजेंटों को लगाया था, जो मोहल्लों में घूम–घूमकर लोगों को निवेश के लिए प्रेरित करते थे।

### प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर भक्ति के रंग में रंगा गुरुद्वारा साहिब

**पूर्वी सिंहभूम :** श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर साकची गुरुद्वारा साहिब आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंग गया। गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्प मालाओं और धार्मिक प्रतीकों से भव्य रूप से सजाया गया। मंगलवार को निशान साहिब का चोला बदला गया और अखंड पाठ साहिब की आरंभता की गई। साकची गुरुद्वारा साहिब में निशान साहिब चोला बदलने की सेवा परंपरागत रूप से सरदार हरमीत सिंह, सरदार जगजीत सिंह, सरदार गुरमीत सिंह मंगू, सतनाम सिंह सत्ते और फतेह सिंह करते रहे हैं। चोला बदलने से पूर्व जत्थेदार ज्ञानी जरनैल सिंह ने गुरु चरणों में अरदास कर श्रद्धालुओं के कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधान सरदार निशान सिंह, सरदार परमजीत सिंह काले, अजायब सिंह बरियार, सतनाम सिंह सिद्धू, जसबीर सिंह गांधी, सुरजीत सिंह छीते, सतनाम सिंह घुम्मन, सतपाल सिंह राजू, त्रिलोचन सिंह तोची, दलजीत सिंह, गुरपाल सिंह, मंजीत सिंह, जगजीत सिंह, मनमीत सिंह, मनोहर सिंह मित्ते और गुरप्रीत सिंह सहित संगत उपस्थित रही। साकची गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सरदार निशान सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व का यह पावन अवसर केवल उत्सव नहीं, बल्कि गुरु की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि साकची गुरुद्वारा साहिब को श्रद्धा और सेवा की भावना से सजाया गया है।

## एक नजर

### 8-9 नवंबर को होगी 14वीं रांची जिला खो-खो चैम्पियनशिप

**सिमडेगा :** जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में दिनांक 08 एवं 09 नवम्बर 2025 को 14वीं रांची जिला खो-खो चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुराने झारखंड विधानसभा के समीप एवं जगन्नाथपुर थाना के सामने वाले मैदान मे आयोजित किया जाना है। जिला स्तर पर आयोजित इस चैम्पियनशिप में रांची जिले के सभी इच्छुक विद्यालय, क्लब या प्रखंड की टीमें भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान देना एवं उन्हें राज्य स्तरीय पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए प्रतिभागी निम्नलिखित पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष: संतोष प्रसाद (7979884608) सचिव: सुनील कुमार (7463942434) रांची जिला खो-खो संघ ने जिले के सभी खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं विद्यालयों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है ताकि खो-खो खेल को एक नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

### डीसी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया राजकीय रामरेखा मेला का उद्घाटन

**सिमडेगा:** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल रामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले पारंपरिक मेले को इस वर्ष से राजकीय मेला का दर्जा प्रदान किया गया है। मंगलवार को उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेला का शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त ने रामरेखा धाम स्थित पवित्र गुफा में जाकर भगवान के विग्रह की विधिवत पूजा-अर्चना की और रामरेखा धाम स्मारिका का विमोचन किया। इस दौरान उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने कहा कि राजकीय स्तर पर आयोजित इस मेले के माध्यम से न केवल श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था से जोड़ा जा रहा है, बल्कि स्थानीय कला, संस्कृति और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जैसे पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई है। वहीं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने कहा कि मेले को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, रामरेखा धाम समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रामगढ़ में रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ अभियान चलाया गया

**रामगढ़:** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के मद्देनजर रफ्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता के तहत उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा जिले के मुख्य चौक चौराहे पर ओवर स्पीडिंग अवेयरनेस वीक के तहत रफ्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग झारखंड के निदेर्शानुसार 3 नवंबर से 11 नवंबर तक रफ्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया जाना है इसी क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी द्वारा जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा ओवर स्पीडिंग वाहन चालकों से कुल लगभग 70,000 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित कई जानकारियां दी गई ।

# चक्रवाती तूफान मोंथा से हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को देगी सरकार : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में मंगलवार को चक्रवात के कारण हुई बारिश के बाद हुई फसल क्षति और मुआवजा को लेकर कार्यशाला का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त ने बताया कि माह अक्टूबर 2025 के अंत में मोंथा चक्रवात के कारण जिला में दो-तीन दिनों तक बारिश हुई। बारिश के पूर्व कई किसानों ने धान की कटाई प्रारंभ कर दी थी जिसके कारण कई किसानों का कटा हुआ धान खेतों में ही रह गया और फसल की क्षति हुई। इसमें जिन किसानों ने खरीफ फसल अंतर्गत बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपना निबंधन कराया था उन्हें फसल नुकसान के 72 घंटे के अंदर ही बीमा कंपनी को सूचित करने का प्रावधान है। उन?होंने बताया कि ऐसे किसान टॉल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं। इस दौरान फसल क्षति और बीमा से संबंधित जानकारी मांगी जाएगी। उपायुक्त ने सभी मुखिया और कृषक मित्रों को उक्त जानकारी से संबंधित किसानों तक पहुंचाने और उनसे बात करने का निर्देश दिया। टॉल फ्री नम्बर पर कॉल कर बीमित किसान अपना पूरा विवरण देने को कहा। उपायुक?त ने कहा कि शिकायत प्राप्त होने के बाद नियत समय सीमा के अंदर बीमा कंपनियों की ओर से जिला कृषि पदाधिकारी और प्रखंड कृषि पदाधिकारी के साथ स्थल निरीक्षण कर नुकसान हुए फसल की जांच की जाएगी।उन?होंने कहा कि जो किसान बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में निबंधित हैं लेकिन उन्होंने अपनी फसल नहीं काटी है तो उन्हें क्रॉप कटिंग एक्सपेरिंट के अंतर्गत हुई क्षति का आकलन कर मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा जो किसान बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में निबंधित नहीं हैं, लेकिन उनकी फसल को क्षति पहुंची है वे कृषक मित्र, बीटीएम, एटीएम, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी या अंचल अधिकारी के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसमें पदाधिकारियों की ओर से किसानों के फसल क्षति का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा और ऐसे किसानों को आपदा के तहत लाभान्वित किये जाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा जाएगा।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर ठेकेदारों का कब्जा, जिप सदस्य ने लगाया प्रशासन पर लापरवाही का आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत कोरोमियां पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र रोयांटोली में कई महिनों से पुलिया निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों और मुंशी द्वारा कब्जा कर बच्चों के पठन-पाठन में बाधित किया जा रहा है। ठेकेदार व मुंशी वही आंगनवाड़ी केंद्र में रात्रि-विश्राम करते हैं तथा उनका खाना भी वहीं बनता है देखा गया कि ठेकेदार एवं मुंशी अपना सारा सामान भी आंगनबाड़ी केंद्र में रखे हुए हैं। ग्रामीणों की सूचना पर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने क्षेत्र दौरा कर मामलों से आवगत हुए ग्रमीणों ने बताया कि इसकी सूचना प्रशासन को दी जा चुकी है परंतु ये लोग हटने का नाम नहीं ले रहे हैं जिसके कारण बच्चों के पठन-पाठन में बाधित हो रही है। वहीं जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि प्रशासन को सूचना देने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र पर कब्जा बना रहना दुर्भाग्यपूर्ण है प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पर गंभीर नही है दो दिनों के अंदर कब्जा नहीं हटाया गया तो बच्चों का पठन-पाठन कार्य समाहरणालय भवन में संपन्न करेंगे। मौके पर वार्ड सदस्य सिलबानुस बिलुंग सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिरका कोलयरी क्षेत्र में प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन, खनन कार्य ठप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के सीसीएल सिरका कोलयरी के आसपास रिहायसी इलाके बालमंडली शनिचर बाजार, मुंडा पट्टी, दुकानो और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लगातार प्रदूषण से परेशान है, ग्रामीण बताते हैं कि सिरका कोलयरी प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा लगातार खदान में ओबी और कोयला खनन के दौरान प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिसके चपेट में आबादी वाले इलाके आ रहे हैं, डंपिंग बनाकर ओबी डंप कराया जा रहा है, जिससे सिरका कॉलोनी व गांव बुढ़ाबांध, तेलियाटांड़, बड़काटाड़, चाणक क्षेत्र में आसमान का रंग काला व वायु प्रदूषण लगातार फैल रहा है, घर में रखे सामान में धूलकण जम जा रहे हैं, कुआं जलाशय में गर्द बैठ रही है, जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है, लोगों ने कई बार प्रबंधन से प्रदूषण रोकने के उपाय को करने के बारे में कहा, लेकिन इस पर पहल नहीं की गई, जिससे हांलात बिगड़ते जा रहे हैं, लोग बताते हैं कि सांस लेने और फेफड़ों में भी परेशानी आ रही है, बिमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, दोपहर तक प्रबंधन के द्वारा कोई भी पहल नहीं की गई थी, केवल आउटसोर्सिंग के लोग सहानुभूति देने पहुंचे थे, लेकिन बात नहीं बन पाई, लोगों का कहना था प्रदूषण रोकने के लिए ठोस पहल की आवश्यकता है। समाचार लिखे जाने तक 7 घंटे से कोलयरी का खनन उत्पादन एवं डंपिंग का कार्य बाधित था, लोग आंदोलन में डटे हुए थे।

## झामुमो सिमडेगा टीम घाटशिला चुनावी मैदान में उतरी जिला सचिव के नेतृत्व में शुरू हुआ जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आगामी चुनावों को लेकर अपनी रणनीति को और धार देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में, झामुमो के कर्मठ और अनुभवी सिमडेगा जिला सचिव सफीक खान अपनी पूरी टीम के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए घाटशिला के लिए रवाना हो गए हैं। यह कदम झामुमो के लिए पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। सफीक खान और उनकी टीम का लक्ष्य घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के कोने कोने तक पार्टी की जन कल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों को पहुंचाना है। प्रचार का मुख्य एजेंडाः जनता से सीधा संवादः टीम का मुख्य फोकस मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करना और उनकी समस्याओं को समझना होगा। सरकार की उपलब्धियांः राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कृषि के क्षेत्र में किए गए कार्यों को प्रमुखता से बताना। संगठन को मजबूतीः बूथ स्तर पर कार्यकताओं को एकजुट करना और चुनाव के लिए तैयार करना। सफीक खान ने रवाना होने से पहले कार्यकताओं से कहा कि, हमें एकजुट होकर काम करना है और यह सुनिश्चित करना है कि पार्टी का संदेश हर घर तक पहुंचे। घाटशिला की जनता का आशीर्वाद पार्टी को मिलेगा। झामुमो के एक वरिष्ठ नेता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, सफीक खान और उनकी टीम का अनुभव घाटशिला में पार्टी की जीत के लिए निर्णायक साबित होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि सफीक खान की टीम अपने सघन प्रचार अभियान से घाटशिला के राजनीतिक परिदृश्य पर कितना असर डाल पाती है।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बासल थाना का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू सह सहायक पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने मंगलवार को बासल थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विपिन बिहारी, सहायक अवर निरीक्षक लालदेव महतो, विनोद सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू ने थाना के गुंडा पंजी, गिरोह पंजी, फिरारी पंजी, थाना मलखाना पंजी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं उन्होंने थाना भवन का जायजा लेते हुए चहारदीवारी निर्माण को लेकर भी चर्चा की।

# जादू से जागरूकता : आरबीआई रांची की अभिनव पहल से सिमडेगा में गूंजी वित्तीय साक्षरता की गूंज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** केंद्रीय बैंक के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रा प्रबंधन, मौद्रिक नीति के माध्यम से मँहगाई नियंत्रण एवं तरलता उपलब्धता, ऋण प्रवाह, विदेशी मुद्रा व्यवस्था एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था तथा बैंकिंग व वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने जैसे बुनियादी केंद्रीय बैंकिंग दायित्वों के सफल निर्वाह के साथ साथ देशहित और जनहित में वित्तीय शिक्षण, वित्तीय समावेशन व वित्तीय जनजागरण के प्रसार सरीखी विकासात्मक जिम्मेदारियों के लिए भी प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2023 से भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय ने इस दिशा में अनेक नवोन्मेषी कार्यक्रम, अभिनव पहल एवं संकल्पित अभियान आरंभ किये हैं, जिनमें तीरंदाजी के जरिये वित्तीय जागरूकता का कार्यक्रम ज्ञान बाण बैंक के 90वें वर्ष के सुअवसर पर विगत वर्ष 90 विद्यालयों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, हरा भरा सुंदर संसार सूत्रमंत्र के साथ 90 शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण व पर्यावरण जागरूकता अभियान, विभिन्न लक्षित समूहों के लिए प्रतियोगितायें एवं प्रश्नोत्तरी, आर्थिक व बैंकिंग विषयों पर व्याख्यान श्रृंखलायें, स्वच्छ मुद्रा अभियान, वित्तीय साक्षरता व समावेशन पत्रिका। उन्नयन तथा 90 जागरूकता सुभाषितों की पुस्तिका यात्रा अविराम का प्रकाशन शामिल है। इसी क्रम में, एक और अभिनव पहल करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय ने वित्तीय साक्षरता के रूचिकर ढंग से प्रसार हेतु इस वर्ष 'जादू से जागरूकता : The Magic of Financial Literacy अभियान का शुभारंभ किया है, जिसकी घोषणा क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने 14 मई 2025 को संपन्न राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 91वीं त्रैमासिक बैठक में की। इस अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय निदेशक महोदय की संकल्पना के अनुरूप उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेश भर के 101 शिक्षण संस्थानों में जादू से जागरूकता का यह अभियान चलाया जायेगा, जिसमें जादुई प्रदर्शनों के जरिये जरूरी वित्तीय जानकारियों एवं सावधानियों के संदेश रोचक व आकर्षक ढंग से विद्यार्थियों के बीच पहुँचाये जायेंगे, ताकि वे इन्हें आत्मसात कर स्वयं जानकार और समझदार बनें तथा उसके साथ साथ'वित्तीय साक्षरता मित्र' एवं 'वित्तीय जागरूकता अग्रदूत' की तरह इन संदेशों को घर परिवार, पास पड़ोस, अन्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों तक पहुँचा कर वित्तीय साक्षरता, समावेशन एवं जनजागरण को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय के इस अभियान के तहत दिनांक 04 नवंबर 2025 को सिमडेगा कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री अग्रसेन स्कूल में करियर एंड एजुकेशन फेयर का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को करियर एंड एजुकेशन फेयर का आयोजन हुआ। इस मेला में आर्ट एजुकेशनल सर्विसेज एंड कंसल्टेंसीज के बैनर तले देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को उनके करियर के लिए उपयोगी जानकारी प्रदान की। इससे पूर्व फेयर का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, कंसल्टेंसी की तूलिका सेनगुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मेला में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से पहुंचे प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध विकल्पों से परिचित कराया। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कॉमर्स, आट्र्स, प्रबंधन, आईटी, मीडिया, होटल मैनेजमेंट, डेटा साइंस आदि में विद्यार्थियों ने ज्यादा रुचि दिखाई। विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की भी जानकारी दी गई। एजुकेशन फेयर में एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड, आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली, क्वॅान्टम यूनिवर्सिटी रुड़की, जीआईबीएस बिजनेस स्कूल बेंगलुरु, झारखंड स्टेट ओपेन यूनिवर्सिटी, सेज यूनिवर्सिटी इंदौर, अरका जैन यूनिवर्सिटी, उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी पंजाब समेत कई अनेक यूनिवर्सिटी व कॉलेज के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि भविष्य में सफलता के लिए बच्चों को अभी से ही अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लेना चाहिए। उसके अनुरूप आगे कदम बढ़ाना चाहिए। इस तरह का आयोजन बच्चों को सही मार्गदर्शन देने और उनके मन में उठने वाले संशय को दूर करता है। इस आयोजन से बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी। वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकेंगे। मौके पर डॉ मनोज अगरिया, जयकिशन पाठक, सुष्मिता कुमारी उपस्थित थे।

### डीएवी रजरप्पा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री गुरुनानक जयंती का प्रकाश पर्व




**रजरप्पा :** डीएवी रजरप्पा के जूनियर विंग में मंगलवार 4 नवंबर को विद्यालय के प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में श्री गुरुनानक जयंती का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें डीएवी विद्यालय के सभी बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग के कक्षा एलकेजी से लेकर प्रथम तक के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति से हर किसी का दिल जीत लिया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने गुरु नानक देव के संदेश, उनकी विचारधारा व उनके धर्म से संबंधित महत्वपूर्ण बातों पर बखूबी प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों ने गीत संगीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। सभी छात्रझछात्राएँ अपने घर के बनाए हुए स्वादिष्ट भोजन को लंगर के रूप में एक साथ बैठकर आनंदमग्न होकर मजा लिया। विद्यालय प्राचार्य सह ए०आर०ओ० जोनझडी के डॉ० एस० के० शर्मा ने सिख धर्म के प्रवर्तक श्री गुरुनानक देव जी को नमन करते हुए उनकी विशेषताओं से बच्चों को अवगत कराया। वहीं सभी लोगों को पर्व की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि अगर हमें भारत को जानना है तो सभी धर्मों के पर्वों-त्योहारों में अपनी सहभागिता व उन्हें सम्मान के साथ मनाना होगा। भारत एक धार्मिक देश है, जहाँ सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए गुरुनानक देव जी के जीवन की महत्वपूर्ण बातों, सिख धर्म की विशेषताओं व सिख शब्द का अर्थ विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएवी जूनियर विंग के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना अहम योगदान दिया।

### आरक्षी जय कुमार सिंह को पुलिसमैन ऑफ द वीक पुरस्कार से सम्मानित किया गया



**सिमडेगा :** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, सिमडेगा जिला में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक(नैतिक) सोच वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिसमैन ऑफ द वीक: सिमडेगा पुलिस पुरस्कार का आरंभ किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों (आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी/पुलिस पदाधिकारी) का चयन कर अपने बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जाता है, और उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह थाना/ओ0पी0/प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगा रहेगा। इससे पुलिस कमीर्यो/पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगी और उनका मनोबल बना रहेगा। इसी कड़ी में इस सप्ताह आज दिनांक-04/11/25 को मुफस्सिल थाना में प्रतिनियुक्त लर्नर चालक आरक्षी/22 जय कुमार सिंह को माह अक्टूबर 2025 के चौथे सप्ताह में अपने उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक(नैतिक) सोच के लिए पुलिसमैन ऑफ द वीक: सिमडेगा पुलिस पुरस्कार से पुरस्कृत एंव सम्मानित किया जाता है। उक्त पुलिसकर्मी के द्वारा अपनी ड्यूटी पूरे लगन और कुशलता के साथ किया जाता है।

### तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया जी का घाटशिला में तूफानी दौरा



**सिमडेगा:** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के अंतर्गत झामुमो प्रत्याशी श्री सोमेश चंद्र सोरेन जी के समर्थन में मुसाबनी क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट किया और झामुमो के पक्ष में अधिकाधिक मतदान करने का आह्वान किया। 11 नवंबर को घाटशिला के सर्वांगीण विकास और उज्जवल भविष्य के लिए 2 नंबर का बटन दबाकर श्री सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजय बनाएं। मौके पर अरमान टोपनो, अमित बडिंग के अलावे अन्य लोग उपस्थित रहे।

देशभर में सिखों के पहले गुरु नानकदेव जी की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है। प्रकाश पर्व यानी मन की बुराइयों को दूर कर उसे सत्य, ईमानदारी और सेवा भाव से प्रकाशित करना। सिखों के प्रथम गुरू गुरुनानक देव जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशाल नगर कीर्तन निकाला जाता है। इस दौरान पांच प्यारें नगर कीर्तन की अगुवाई करते हैं।



# जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल



## दस सिद्धांत

गुरूनानक देव जी ने अपने अनुयायियों को जीवन के दस सिद्धांत दिए थे। यह सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है।

- ईश्वर एक है।
- सदैव एक ही ईश्वर की उपासना करो।
- जगत का कर्ता सब जगह और सब प्राणी मात्र में मौजूद है।
- सर्वशक्तिमान ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं रहता।
- ईमानदारी से मेहनत करके उदरपूर्ति करना चाहिए।
- बुरा कार्य करने के बारे में न सोचें और न किसी को सताएँ।
- सदा प्रसन्न रहना चाहिए। ईश्वर से सदा अपने को क्षमाशीलता माँगना चाहिए।
- मेहनत और ईमानदारी से कमाई करके उसमें से जरूरतमंद को भी कुछ देना चाहिए।
- सभी स्त्री और पुरुष बराबर हैं।
- भोजन शरीर को जिंदा रखने के लिए जरूरी है पर लोभ-लालच व संग्रहवृत्ति बुरी है।

गुरू नानक देव या नानक देव सिखों के प्रथम गुरू थे। गुरु नानक देवजी का जन्म 15 अप्रैल 1469 ई. (वैशाख सुदी 3, संवत 1526 विक्रमी) में तलवंडी रायभोय नामक स्थान पर हुआ। सुविधा की दृष्टि से गुरु नानक का प्रकाश उत्सव कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है। तलवंडी अब ननकाना साहिब के नाम से जाना जाता है। तलवंडी पाकिस्तान के लाहौर जिले से 30 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।

**जीवन** - नानकदेवजी के जन्म के समय प्रसूति गृह अलौकिक ज्योत से भर उठा। शिशु के मस्तक के आसपास तेज आभा फैली हुई थी, चेहरे पर अद्भुत शांति थी। पिता बाबा कालूचंद्र बेदी और माता त्रिपाता ने बालक का नाम नानक रखा। गाँव के पुरोहित पंडित हरदयाल ने जब बालक के बारे में सुना तो उन्हें समझने में देर न लगी कि इसमें जरूर ईश्वर का कोई रहस्य छुपा हुआ है।

**जीती नौखंड मेदनी सतिनाम दा चक्र चलाया,**
**भया आनंद जगत बिच कल तारण गुरू नानक आया।**

बचपन से ही नानक के मन में आध्यात्मिक भावनाएँ मौजूद थीं। पिता ने पंडित हरदयाल के पास उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा। पंडितजी ने नानक को और ज्ञान देना प्रारंभ किया तो बालक ने अक्षरों का अर्थ पूछा। पंडितजी निरुत्तर हो गए। नानकजी ने क से लेकर ड़ तक सारी पट्टी कविता रचना में सुना दी। पंडितजी आश्चर्य से भर उठे। उन्हें अहसास हो गया कि नानक को स्वयं ईश्वर ने पढ़ाकर संसार में भेजा है। इसके उपरांत नानक को मौलवी कुतुबुद्दीन के पास पढ़ने के लिए बिठाया गया। नानक के प्रश्न से मौलवी भी निरुत्तर हो गए तो उन्होंने अलफ, बे की सीफहीं के अर्थ सुना दिए। मौलवी भी नानकदेवजी की विद्वता से प्रभावित हुए।

विद्यालय की दीवारें नानक को बाँधकर न रख सकीं। गुरु द्वारा दिया गया पाठ उन्हें नीरस और व्यर्थ प्रतीत हुआ। अंतर्मुखी प्रवृत्ति और विरक्ति उनके स्वभाव के अंग बन गए। एक बार पिता ने उन्हें भैंस चराने के लिए जंगल में भेजा। जंगल में भैसों की फिक्र छोड़ वे आँख बंद कर अपनी मस्ती में लीन हो गए। भैंसें पास के खेत में घुस गईं और सारा खेत चर डाला। खेत का मालिक नानकदेव के पास जाकर शिकायत करने लगा। जब नानक ने नहीं सुना तो जमींदार रायबुलार के पास पहुँचा। नानक से पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि घबराओ मत, उसके ही जानवर हैं, उसका ही खेत है, उसने ही चरवाया है। उसने एक बार फसल उगाई है तो हजार बार उगा सकता है। मुझे नहीं लगता कोई नुकसान हुआ है। वे लोग खेत पर गए और वहाँ देखा तो दंग रह गए, खेत तो पहले की तरह ही लहलहा रहा था। एक बार जब वे भैंस चराते समय ध्यान में लीन हो गए तो खुले में ही लेट गए। सूरज तप रहा था जिसकी रोशनी सीधे बालक के चेहरे पर पड़ रही थी। तभी अचानक एक साँप आया और बालक नानक के चेहरे पर फन फैलाकर खड़ा हो गया। जमींदार रायबुलार वहाँ से गुजरे। उन्होंने इस अद्भुत दृश्य को देखा तो आश्चर्य का ठिकाना न रहा। उन्होंने नानक को मन ही मन प्रणाम किया। इस घटना की स्मृति में उस स्थल पर गुरुद्वारा मालजी साहिब का निर्माण किया गया। उस समय अंधविश्वास जन-जन में व्याप्त थे। आडंबरों का बोलबाला था और धार्मिक कट्टरता तेजी से बढ़ रही थी। नानकदेव इन सबके विरोधी थे। जब नानक का जनेऊ संस्कार होने वाला था तो उन्होंने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि अगर सूत के डालने से मेरा दूसरा जन्म हो जाएगा, मैं नया हो जाऊँगा, तो ठीक है। लेकिन अगर जनेऊ टूट गया तो? पंडित ने कहा कि बाजार से दूसरा खरीद लेना। इस पर नानक बोल उठे- तो फिर इसे रहने दीजिए। जो खुद टूट जाता है, जो बाजार में बिकता है, जो दो पैसे में मिल जाता है, उससे उस परमात्मा की खोज क्या होगी। मुझे जिस जनेऊ की आवश्यकता है उसके लिए दया की कपास हो, संतोष का सूत हो, संयम की गाँठ हो और उस जनेऊ सत्य की पूरन हो। यही जीव के लिए आध्यात्मिक जनेऊ है। यह न टूटता है, न इसमें मैल लगता है, न ही जलता है और न ही खोता है। एक बार पिता ने सोचा कि नानक आलसी हो गया है तो उन्होंने खेती करने की सलाह दी। इस पर नानकजी ने कहा कि वह सिर्फ सच्ची खेती-बाड़ी ही करेंगे, जिसमें मन को हलवाहा, शुभ कर्मों को कृषि, श्रम को पानी तथा शरीर को खेत बनाकर नाम को बीज तथा संतोष को अपना भाग्य बनाना चाहिए। नम्रता को ही रक्षक बाड़ बनाने पर भावपूर्ण कार्य करने से जो बीज जमेगा, उससे ही घर-बार संपन्न होगा।

### जीवन की घटनाएं

भादों की अमावस की धुप अँधेरी रात में बादलों की डरावनी गड़गड़ाहट, बिजली की कौंध और वर्षा के झोंके के बीच जबकि पूरा गाँव नींद में निमग्न था, उस समय एक ही व्यक्ति जाग रहा था, नानक। नानक देर रात तक जागते रहे और गाते रहे। आधी रात के बाद माँ ने दस्तक दी और कहा- बेटे, अब सो भी जाओ। रात कितनी बीत गई है। नानक रुके, लेकिन उसी वक्त पपीहे ने शोर मचाना शुरू कर दिया। नानक ने माँ से कहा- माँ अभी तो पपीहा भी चुप नहीं हुआ। यह अब तक अपने प्यारे को पुकार रहा है। मैं कैसे चुप हो जाऊँ जब तक यह गाता रहेगा, तब तक मैं भी अपने प्रिय को पुकारता रहूँगा। नानक ने फिर गाना प्रारंभ कर दिया। धीरे-धीरे उनका मन पुन: प्रियतम में लीन हो गया। कौन है ये नानक, क्या केवल सिख धर्म के संस्थापक। नहीं, मानव धर्म के उत्थापक। क्या वे केवल सिखों के आदि गुरु थे? नहीं, वे मानव मात्र के गुरु थे। पाँच सौ वर्षों पूर्व दिए उनके पावन उपदेशों का प्रकाश आज भी मानवता को आलोकित कर रहा है।

## प्रमुख गुरुद्वारा साहिब

**गुरुद्वारा कंध साहिब** - बटाला (गुरुदासपुर) गुरु नानक का यहाँ बीबी सुलक्षणा से 18 वर्ष की आयु में संवत 1544 की 24वीं जेठ को विवाह हुआ था। यहाँ गुरु नानक की विवाह वर्षगाँठ पर प्रतिवर्ष उत्सव का आयोजन होता है।

**गुरुद्वारा हाट साहिब**- सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) गुरुनानक ने बहनोई जैराम के माध्यम से सुल्तानपुर के नवाब के यहाँ शाही भंडार के देखरेख की नौकरी प्रारंभ की। वे यहाँ पर मोदी बना दिए गए। नवाब युवा नानक से काफी प्रभावित थे। यहीं से नानक को तेरा शब्द के माध्यम से अपनी मंजिल का आभास हुआ था।

**गुरुद्वारा गुरु का बाग**- सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) यह गुरु नानकदेवजी का घर था, जहाँ उनके दो बेटों बाबा श्रीचंद और बाबा लक्ष्मीदास का जन्म हुआ था।

**गुरुद्वारा कोठी साहिब**- सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) नवाब दौलतखान लोधी ने हिसाब-किताब में गड़बड़ी की आशंका में नानकदेवजी को जेल भिजवा दिया। लेकिन जब नवाब को अपनी गलती का पता चला तो उन्होंने नानकदेवजी को छोड़ कर माफी ही नहीं माँगी, बल्कि प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव भी रखा, लेकिन गुरु नानक ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

**गुरुद्वारा बेर साहिब**- सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) जब एक बार गुरु नानक अपने सखा मर्दाना के साथ वैन नदी के किनारे बैठे थे तो अचानक उन्होंने नदी में डुबकी लगा दी और तीन दिनों तक लापता हो गए, जहाँ पर कि उन्होंने ईश्वर से साक्षात्कार किया। सभी लोग उन्हें डूबा हुआ समझ रहे थे, लेकिन वे वापस लौटे तो उन्होंने कहा- एक ओंकार सतिनाम। गुरु नानक ने वहाँ एक बेर का बीज बोया, जो आज बहुत बड़ा वृक्ष बन चुका है।

**गुरुद्वारा अचल साहिब**- गुरुदासपुर अपनी यात्राओं के दौरान नानकदेव यहाँ रुके और नाथपंथी योगियों के प्रमुख योगी भांगर नाथ के साथ उनका धार्मिक वाद-विवाद यहाँ पर हुआ। योगी सभी प्रकार से परास्त होने पर जादुई प्रदर्शन करने लगे। नानकदेवजी ने उन्हें ईश्वर तक प्रेम के माध्यम से ही पहुँचा जा सकता है, ऐसा बताया।

**गुरुद्वारा डेरा बाबा नानक**- गुरुदासपुर जीवनभर धार्मिक यात्राओं के माध्यम से बहुत से लोगों को सिख धर्म का अनुयायी बनाने के बाद नानकदेवजी रावी नदी के तट पर स्थित अपने फार्म पर अपना डेरा जमाया और 70 वर्ष की साधना के पश्चात सन्? 1539 ई. में परम ज्योति में विलीन हुए।

## क्यों मनाते हैं गुरुनानक जयंती

सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देवजी के जन्मदिवस को प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है. गुरुनानक जयंती के पर्व को सिक्ख धर्म के लोगों के अलावा अन्य धर्म के लोग भी खासे उत्साह से मनाते हैं. गुरुनानक का जहां जन्म हुआ था, उस स्थान का नाम उनके नाम 'ननकाना' से जाना जाता है. ननकाना अब पाकिस्तान में है. नानकजी का विवाह 16 वर्ष की उम्र में ही हो गया था. नानकदेव का मन धर्म और अध्यात्म की ओर था, इसलिए वो अपनी पत्नी और बच्चों को ससुराल में छोड़कर धर्म के मार्ग पर निकल गए. गुरुनानकजी ने अपने पूरे जीवन में सामाजिक कुरीतियों का पुरजोर विरोध किया. समाज में एकरूपता लाने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन अर्पित कर दिया. ऐसा माना जाता है कि गुरुनानक देव ने 1539 में देह का त्याग किया.

### धूमधाम से मनाते हैं इस पर्व को

इस दिन सभी गुरुद्वारों में पूजनीय ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ किया जाता है और गुरु ग्रंथ साहिब को फूलों से सजाया जाता है. इसके बाद इस पवित्र ग्रंथ को पालकी में रखकर नगर कीर्तन का आयोजन किया जाता है. नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की सुसज्जित पालकी भव्य समारोह के रूप में निकाली जाती है. पालकी के आगे-आगे पंजप्यारे चलते हैं और श्रद्धालु चल समारोह के लिए मार्ग को साफ करते हैं. इस पर्व के दिन लोगों में खासा उत्साह देखने को मिलता है.

सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। गुरु नानकदेव से मोक्ष तक पहुँचने के एक नए मार्ग का अवतरण होता है। इतना प्यारा और सरल मार्ग कि सहज ही मोक्ष तक या ईश्वर तक पहुँचा जा सकता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का महत्व आदिकाल से ही रहा है। कबीर साहब ने कहा था कि गुरु बिन ज्ञान न होए साधु बाबा। तब फिर ज्यादा सोचने-विचारने की आवश्यकता नहीं है बस गुरु के प्रति समर्पण कर दो। हमारे सुख-दुःख और हमारे आध्यात्मिक लक्ष्य गुरु को ही साधने दो। ज्यादा सोचोगे तो भटक जाओगे। अहंकार से किसी ने कुछ नहीं पाया। सिर और चप्पलों को बाहर ही छोड़कर जरा अदब से गुरु के द्वार खड़े हो जाओ बस। गुरु को ही करने दो हमारी चिंता। हम क्यों करें।

### जीवन दर्शन

कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन 1469 को राएभोए के तलवंडी नामक स्थान में, कल्याणचंद (मेहता कालू) नाम के एक किसान के घर गुरु नानक का जन्म हुआ। उनकी माता का नाम तृप्ता था। तलवंडी को ही अब नानक के नाम पर ननकाना साहब कहा जाता है, जो पाकिस्तान में है। माना जाता है कि 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ। श्रीचंद और लक्ष्मीचंद नाम के दो पुत्र भी उन्हें हुए। 1507 में वे अपने परिवार का भार अपने श्वसुर पर छोड़कर यात्रा के लिए निकल पड़े। 1521 तक उन्होंने भारत, अफगानिस्तान, फारस और अरब के प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। कहते हैं कि उन्होंने चारों दिशाओं में भ्रमण किया था। लगभग पूरे विश्व में भ्रमण के दौरान नानकदेव के साथ अनेक रोचक घटनाएँ घटित हुईं। 1539 में उन्होंने देह त्याग दी। नाम धरियो हिंदुस्तान - कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ।



## कैसे मनाई जाती है गुरुनानक जयंती

सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देवजी के जन्मदिवस को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व को सिक्ख धर्म के साथ ही अन्य धर्मों के लोग भी खासे उत्साह से मनाते हैं। इस दिन दुनियाभर के सभी गुरुद्वारों में कई धार्मिक आयोजन किए जाते हैं।

### अंधकार मिटाता है प्रकाश पर्व

गुरुनानक ने अपना पूरा जीवन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अर्पित कर दिया और समाज को एक नई दिशा दिखाई। उनका जन्म ऐसे समय हुआ जब मुगलों द्वारा भारत पर आक्रमण किए जा रहे थे। चारों ओर अत्याचार और हिंसा का वातावरण था। ऐसे समय में गुरुनानक ने सभी को शांति और सद्भाव बनाए रखने की शिक्षा दी। नानकदेवजी ने समाज से ऊंच-नीच का भेद खत्म किया और सभी के साथ समान व्यवहार करने बात कही। गुरुनानक का जन्मदिन प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है, प्रकाश पर्व का अर्थ है हम अपने मन का अंधकार मिटाकर ईश्वर की भक्ति करें, साथ ही समाज में फैली कुरीतियां, भेदभाव रूपी अंधकार को मिटा दें।

### गुरुद्वारों की आकर्षक सजावट

गुरुनानक जयंती को लेकर गुरुद्वारों पर कई दिनों पहले से ही तैयारियां शुरू हो जाती हैं। गुरुद्वारों को सजाया जाता है, जिससे इनकी सुंदरता देखते ही बनती है। रात के समय रंग-बिरंगी झिलमिलाती विद्युत सज्जा सभी का मन मोह लेती है।

### नगर कीर्तन का आयोजन

प्रकाश पर्व पर सभी गुरुद्वारों पर सिक्ख धर्म पवित्र और पूजनीय ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु ग्रंथ साहिब की फूलों से आकर्षक सजावट की जाती है। तत्पश्चात इस पवित्र ग्रंथ को पालकी में रखकर नगर कीर्तन का आयोजन किया जाता है। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की सुसज्जित पालकी भव्य चल समारोह के रूप में निकाली जाती है। पालकी के आगे-आगे पंजप्यारे चलते हैं। पंजप्यारे की पारंपरिक वेशभूषा सभी के आकर्षण का केंद्र होती है। ग्रंथ साहिब में आस्था रखने वाले श्रद्धालु चल समारोह के लिए मार्ग को साफ करते हुए चलते हैं। बच्चे और नौजवान कई तरह के खेल दिखाते हैं। जिसे देखकर उपस्थित लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं।

### सांप्रदायिक सद्भाव के प्रतीक लंगर

प्रकाश पर्व के दिन लगभग सभी गुरुद्वारों में लंगर का आयोजन किया जाता है। लंगर में किसी भी प्रकार का कोई जाति-बंधन नहीं होता यहां सभी बराबर से भोजन प्रसादी प्राप्त करते हैं। साथ ही यहां सभी धर्मों को समभाव से भोजन कराया है। लंगर सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल माने जाते हैं।





# महिला विश्व कप जीतने के बाद स्मृति मंधाना को लगा झटका, आईसीसी रैंकिंग में पहला स्थान गंवाया

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की नई महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही।

भारत ने रविवार को खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। नवी मुंबई में सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली रोड्रिग्स ने अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। डिवाइन पहले ही वनडे से संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं।

गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



# यशस्वी ने रणजी में शतक के साथ ही पूरे किये 1000 रन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी आजकल रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। यशस्वी ने रणजी में मुंबई की ओर से शतक लगाने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यशस्वी ने रणजी में अपना पांचवां शतक लगाने के साथ ही घरेलू क्रिकेट में 1000 रन भी पूरे किये हैं।

यशस्वी ने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में मुंबई की ओर से दूसरी पारी में शतक लगाया। राजस्थान की टीम ने अपनी पहली पारी 617/7 का विशाल स्कोर बनाने के बाद घोषित की थी। वहीं मुंबई ने पहली पारी में 254 रन बनाए थे। पहली पारी में पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में मुंबई के लिए पारी की शुरुआत करते हुए यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की सहायता से शतक लगाया। इस मैच की पहली पारी में उन्होंने अर्धशतक लगाया था और वह 67 रनों पर आउट हुए थे। वहीं राजस्थान की ओर से दीपक हुड्डा ने 248 और कार्तिक शर्मा ने 139 रन बनाये थे। यशस्वी के शतक से टीम हार से बची हुई है।

यशस्वी ने शतक के साथ ही रणजी में अपने 1000 रनों का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका ये 17वां शतक है, क्योंकि 7 शतक उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में हैं। 5 शतक रणजी ट्रॉफी में और 5 अन्य फर्स्ट क्लास मैचों में उनके नाम हैं। 2-2 शतक उन्होंने रेस्ट ऑफ इंडिया और वेस्ट जोन के लिए लगाये हैं, जबकि एक शतक उन्होंने इंडिया ए के लिए लगाया है। 11 मैचों की 21 पारियों में 3 बार नाबाद रहते हुए वह अब तक 1000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। रणजी ट्रॉफी में उनका सर्वाधिक स्कोर 181 रन है।

# अश्विन बीबीएल से बाहर, आईपीएल से रिटायरमेंट लेकर टूर्नामेंट में खेलने चले थे



**मुम्बई (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क -रविचंद्रन अश्विन घुटने की चोट के कारण बिग बैश लीग (BBL) के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। गेंदबाज और सिडनी थंडर दोनों के लिए यह एक बड़ा झटका है। इस अनुभवी स्पिनर ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से रिटायरमेंट की घोषणा की थी और थंडर के साथ पूरे सीजन के लिए साइन किया था। अश्विन ने यह फैसला तब लिया जब वह ILT20 नीलामी के पहले राउंड में अनसोल्ड रहे।

शुरुआत में उन्हें सीजन में सिर्फ 3-4 मैच खेलने थे, लेकिन बाद में अनसोल्ड रहने और फिर ILT20 नीलामी से हटने के बाद उन्होंने पूरा सीजन खेलने का फैसला किया था। अश्विन बिग बैश लीग में खेलने वाले सबसे बड़े हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में से एक बनने वाले थे। अश्विन को अब सिडनी थंडर के लिए BBL में डेब्यू करने के लिए एक और साल इंतजार करना होगा।

IPL 2025 मेगा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपए में बिकने के बाद अश्विन अपनी कीमत को सही साबित नहीं कर पाए। उन्होंने 9 मैचों में सिर्फ 7 विकेट लिए और काफी महंगे भी साबित हुए। अश्विन ने IPL से रिटायरमेंट के अपने फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि वह दुनिया भर की दूसरी T20 लीग में खेलना चाहते हैं। यह बताना जरूरी है कि भारतीय खिलाड़ियों को दूसरी T20 लीग में तभी खेलने की इजाजत है जब वे इंटरनेशनल क्रिकेट और IPL से रिटायर हो जाएं।

### बिग बैश लीग 2025/26 के लिए सिडनी थंडर की टीम

डेविड वार्नर (कप्तान), वेस अगर, टॉम एंड्रयूज, कैमरन बैनक्रॉफ्ट, सैम बिलिंग्स, ओली डेविस, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट गिल्क्स, क्रिस ग्रीन, रयान हैडली, सैम कोनस्टास, नाथन मैकएंड्रयू, डैनियल सैम्स, तनवीर संघा, शादाब खान

# आईसीसी महिला विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में मंधाना सहित तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल

**-हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह**



**दुबई (एजेंसी)।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा की है। इसमें भारत की तीन खिलाड़ियों स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को शामिल किया है। हैरानी की बात है कि इसमें भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का नाम नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की भी 3 खिलाड़ी इस टीम में शामिल हैं, जिनमें कप्तान लॉरा वोल्वार्ट, ऑलराउंडर मारिजैन काप और नडीन डीक्लर्क शामिल हैं। वोल्वार्ट को आईसीसी ने टीम का कप्तान बनाया है। ऑस्ट्रेलिया की भी तीन खिलाड़ी खिलाड़ियों ऐश गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और एलाना किंग को भी इस टीम में जगह मिली है पर इंग्लैंड की एक ही खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन ही अंतिम ग्यारह में शामिल है। टीम में पाकिस्तान की सिद्रा नवाज को विकेटकीपर के तौर पर रखा गया है 12वें नंबर पर इंग्लैंड की नैट स्कीवर ब्रंट को जगह दी गयी है।

### आईसीसी महिला विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट

लॉरा वोल्वार्ट (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, मारिजैन कैप, ऐश गार्डनर, दीप्ति शर्मा, एनाबेल सदरलैंड, नडीन डीक्लर्क, सिद्रा नवाज, अलाना किंग, सोफी एक्लेस्टोन,नैट स्कीवर ब्रंट.

# जितेश की कप्तानी में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में उतरेगी भारत ए टीम



**-16 नवंबर को होगा पाकिस्तान ए टीम से मुकाबला**

**मुम्बई (एजेंसी)।** जितेश शर्मा की कप्तानी में भारत ए टीम कतर में 14 नवंबर से शुरु हो रहे राइजिंग स्टार्स एशिया कप में उतरेगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) का यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 16 नवंबर को भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए टीम से होगा। वहीं 23 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई को रखा गया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत साल 2013 में हुई थी. अब तक इसके छह सत्र खेले गये हैं।. टूर्नामेंट की शुरुआत अंडर-23 के रूप में हुई थी और बाद में इसे 'ए' टीमों के बची खेला जाने लगा है। पाकिस्तान और श्रीलंका की ए टीमों ने इसे दो-दो बार जीता है, जबकि भारत और अफगानिस्तान की ए टीमों ने इसे एक-एक बार जीता है। साल 2024 में श्रीलंका को हराकर अफगानिस्तान डिफेंडिंग चैंपियन विजेता बनी थी।

टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में में तीन एसोसिएट टीम यानी हांगकांग, ओमान और यूएई की टीमें भी उतरेंगी। इन तीनों को ही मुख्य टीम उतारने की अनुमति है।


### भारत ए टीम इस प्रकार है

जितेश शर्मा (कप्तान ), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजापनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर) और सुयश शर्मा

स्टैंड-बाय खिलाड़ी- गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिजवी और शेख रशीद।

# टेस्ट क्रिकेट को दी जानी चाहये पहली प्राथमिकता : स्टार्क

मेलबर्न ।ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।इसलिए उसे पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिये।स्टार्क ने कहा है कि बिग बैश लीग (बीबीएल) मुकाबलों के लिए टेस्ट कार्यक्रम में फेरबदल नहीं होना चाहिये।साथ ही कहा कि इसे किसी भी टी20 लीग के लिए पीछे नहीं किया जा सकता।



उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट सबसे ऊपर है। इसे टी20 क्रिकेट के लिए जगह नहीं देनी चाहिए, चाहे वह बीबीएल हो, आईपीएल हो या कुछ और।टेस्ट क्रिकेट हमेशा सबसे आगे रहना चाहिये।' स्टार्क ने कहा कि बीबीएल के मैच लगातार दो दिन खेले जा सकते हैं, क्योंकि टी20 प्रारूप में अधिक थकान नहीं होती है उन्होंने वर्तमान समय के छोटे सत्र की भी प्रशंसा की और कहा कि इसका सही प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट हमेशा प्राथमिकता रही है और अब इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।' स्टार्क ने माना है कि आधुनिक क्रिकेट में लीगों की बढ़ती संख्या और फैंचाइज़ी क्रिकेट का आकर्षण खेल की दुनिया बदल रहा है पर मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट ही पहली प्राथमिकता रहेगा।मैं इसी मानसिकता के साथ जब तक खेल सकता हूं, खेलता रहूंगा।स्टार्क ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ फैंक वॉरेल ट्रॉफी जीतने के बाद दो महीने का ब्रेक उनके लिए फायदेमंद रहा।

# एशेज की तैयारियों के लिए टी20 सीरीज के बचे हुए मैच नहीं खेलेंगे हेड



सिडनी (ईएमएस)।ऑस्ट्रेलिया के आक्रमक बल्लेबाज ट्रेविस हेड आगामी एशेज सीरीज को देखते हुए भारतीय टीम के खिलाफ जारी टी20 सीरीज से बाहर हो गये हैं।हेड ने सीरीज के शुरुआती तीन मैचों में खेले थे पर अब वह बचे हुए दो मैचों में नहीं खेलेंगी।हेड अब एशेज से पहले अभ्यास के लिए शेफील्ड शील्ड मुकाबले खेलेंगे।टीम मैनेजमेंट के अनुसार बचे हुए दो टी20 मैचों में हेड की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। भी खिलाड़ी को रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल नहीं किया हेड अब 10 नवंबर से शुरू होने वाले दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया मुकाबले में खेलकर लंबे समय के बाद लाल गेंद के प्रारुप में उतरेंगे।हेड पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पा रहे हैं।हाल की 8 पारियों में वह कोई अर्धशतक नहीं बना सके।टीम प्रबंधन चाहता है कि वह एशेज से पहले अपनी फॉर्म और लय वापस पा सकें।हेड के अलाव ऑस्ट्रेलिया के कुछ और खिलाड़ियों को भी भी घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी गयी है।ये खिलाड़ी हैं सीन एबॉट और तनवीर संगा।एबॉट न्यू साउथ वेल्स के लिए अगले शील्ड मैच में खेलेंगे, जबकि तनवीर संगा वन-डे कप मुकाबले में खेलेंगे। वहीं स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की वापसी की उम्मीद है। ऐसे में अब टीम संयोजन में बदलाव की संभावना के बीच, मैट शॉर्ट को बचे हुए दो टी20 मैचों पारी की शुरुआत का अवसर मिल सकता है। चौथा टी20 मैच 6 नवंबर कोओवल, गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा।

# नए सीजन से पहले आरसीबी ने बदली कोचिंग टीम, अन्या और रंगराजन को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2026 सीजन से पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज अन्या श्रब्सोल को टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है, जबकि मलोलन रंगराजन को हेड कोच पद पर प्रमोट किया गया है।

पिछले सीजन में RCB चौथे स्थान पर रही थी, जिसके बाद यह बदलाव किया गया। श्रब्सोल ने सुनेत्रा परांजपे की जगह ली है, जो पहले इस भूमिका में थीं।

रंगराजन, जो तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर हैं, शुरुआत से ही आरसीबी महिला टीम के सेटअप का हिस्सा रहे हैं और पुरुष टीम के लिए लीड स्काउट की भूमिका भी निभाते हैं। ल्यूक विलियम्स के अनुपलब्ध रहने के कारण यह बदलाव किया गया है, क्योंकि वह इस सीजन एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग में व्यस्त रहेंगे।

### जनवरी में शुरू होगा WPL 2026 सीजन

महिला प्रीमियर लीग 8 जनवरी से शुरू होकर फरवरी के पहले सप्ताह तक चलेगी। यह बदलाव इसलिए किया गया है ताकि टूर्नामेंट का शेड्यूल पुरुष टी20 विश्व कप 2026 से न टकराए, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे।

### RCB का कोर ग्रुप बरकरार

टीम प्रबंधन ने कप्तान स्मृति मंधाना को रिटेन करने का फैसला किया है। इसके अलावा एलिस पेरी, ऋचा घोष, सोफी मोलिन्यू और श्रेयंका पाटिल को भी टीम के कोर ग्रुप में बनाए रखा जाएगा। आर. मुरलीधर बल्लेबाजी कोच के रूप में और नवनीता गौतम मुख्य फिजियो के रूप में अपनी भूमिका निभाती रहेंगी।

# धर्म को लेकर जेमिमा के ट्रोल्स पर भड़की शिखा पांडे, कहा- हां, वो भगवान की पसंदीदा संतान है



नवी मुम्बई ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स ने वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनकी नाबाद 127 रन की पारी ने भारत को रिकॉर्ड जीत दिलाई और टीम को फाइनल में पहुंचाया।लेकिन वर्ल्ड कप जीत के बाद भी कुछ सोशल मीडिया ट्रोल्स ने जेमिमा को उनके धर्म को लेकर निशाना बनाया। इस पर उनकी साथी खिलाड़ी शिखा पांडे ने करारा जवाब दिया।शिखा ने एक्स पर लिखा, 'जिन्हें सच्चाई जाननी है – हां, जेमी भगवान की पसंदीदा संतान है।अगर इससे जलन है, तो कोई कुछ नहीं कर सकता!' जेमिमा को पिछले कुछ सालों से सोशल मीडिया पर नफरत भरे कमेंट्स झेलने पड़े हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा शांत रहकर जवाब दिया। उनके आत्मविश्वास और खेल भावना ने उन्हें फैंस के दिलों में खास जगह दिलाई है।हालांकि फाइनल में वह अपनी सेमीफाइनल जैसी पारी नहीं दोहरा सकीं, मगर उनकी फील्डिंग और एनर्जी ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई।मैच के बाद जेमिमा ने कहा कि टीम ने यह जीत पूरी एकजुटता और समर्पण से हासिल की।

# इस कारण विजेता टीम से असली ट्रॉफी वापस ले लेती है आईसीसी



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में पहली बार आईसीसी विश्वकप जीता है। इस जीत के बाद भारतीय टीम को चमचमाती हुई ट्रॉफी दी गयी पर ये ट्रॉफी टीम अपने साथ नहीं रख सकती। इससे वापस ले लिया जाएगा। इसका कारण है कि आईसीसी विजेता टीमों को असली ट्रॉफी नहीं देती बल्कि इसकी जगह पर टीमों को उस ट्रॉफी की प्रतिकृति ट्रॉफी दी जाती है। मैच के बाद फोटो सूट और अवॉर्ड समारोह में ही टीम को असली ट्रॉफी दी जाती है उसके बाद फोटो सेशन के बाद उनसे ट्रॉफी वापस ले ली जाती है।

ट्रॉफी वापसी लेने का नियम आईसीसी ने कई साल पहले ही बना दिया था। इसके तहत विजेता टीम को ट्रॉफी लौटानी पड़ती है। वह आईसीसी मुख्यालय में रखी जाती है। असली ट्रॉफी की तरह नकली ट्रॉफी में भी सोने और चांदी लगे होंगे। असली ट्रॉफी को चोरी या किसी अन्य कारण होने नुकसान पहुंचाने से बचाने के लिए ऐसा किया जाता है।

### 11 किलो वजन है विश्व कप की असली ट्रॉफी का

विश्व कप ट्रॉफी का वजन लगभग 11 किलो है। इसकी लंबाई करीब 60 सेंटीमीटर है। ट्रॉफी में सोना और चांदी लगी है। ट्रॉफी में स्टंप और बेल्स के आकार के जो तीन कॉलम बने हैं वो चांदी के हैं। ट्रॉफी के शीर्ष पर जो ग्लोब है वह सोने का है। इस ट्रॉफी पर विश्वकप विजेता टीमों के नाम लिखे हैं।

# अब अगले साल ही मैदान पर उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

नई दिल्ली ।आईसीसी एकदिवसीय महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम अब अगले साल की शुरुआत में ही मैदान में उतरेगी।ऐसे में उसकी खिलाड़ियों के पास जीत का जश्न मनाने के साथ ही खेल से ब्रेक लेने का भी अच्छा समय है।हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार खिताब जीता है। भारतीय टीम को अब फरवरी 2026 में ही ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में तीन टी20, तीन एकदिवसीय और एक टेस्ट मैच खेलना है। इस दौरे की शुरुआत टी20 सीरीज से होगी। इसके बाद एकदिवसीय और टेस्ट सीरीज रखी गयी है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच पहला टी20 मैच 15 फरवरी को सिडनी में खेला जाएगा। वहीं सीरीज का दूसरा टी20 मैच 19 को कैनबरा में जबकि आखिरी टी20 मैच 21 फरवरी को एडिलेडे में होगा। टी20 के बाद एकदिवसीय सीरीज 24 फरवरी से बिस्ब्रेन में शुरु होगी। वहीं दूसरा एकदिवसीय 27 फरवरी जबकि तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच एक मार्च को होबार्ट में खेला जाएगा।इसके बाद6 मार्च से पर्थ में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद भारतीय महिला टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। टीम मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी।इसमें उसे 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।इस सीरीज का आयोजन 28 मई से 2 जून तक होगा।इसके बाद टीम इंडिया को टी20 विश्व कप में खेलना है जिसका आयोजन इंग्लैंड में ही होना है।टी20 विश्व कप में भारतीय टीम 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।यह मुकाबला बर्मिंघम में खेला जाएगा।

# वर्ल्ड कप जीत के बाद युवाओं के लिए हरमनप्रीत का प्रेरणादायक संदेश: सपने देखना कभी मत छोड़ो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का बचपन का सपना आखिरकार रविवार रात सच हो गया, जब उन्होंने नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर भारत को पहला वनडे विश्व कप खिताब दिलाया।

विश्व कप जीतने के बाद हरमनप्रीत ने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश दिया, 'सपने देखना कभी मत छोड़ो, क्योंकि कौन जानता है तुम्हारी किस्मत तुम्हें कहां ले जाए।'

बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में हरमनप्रीत ने अपने बचपन के दिनों को याद किया जब वह अपने पिता के बड़े बल्ले से खेला करती थीं। उन्होंने कहा, 'जब से मुझे पसंद-नापसंद का अहसास हुआ, तभी से हाथ में बल्ला देखा है। पापा अपने पुराने बल्ले को छोटा करके मेरे लिए बनाते थे। तभी से सपना देखा कि एक दिन भारत के लिए खेलूं।'

हरमनप्रीत ने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता था कि महिला क्रिकेट भी होती है, लेकिन सपना सिर्फ यही था कि मैं वो बदलाव लाना चाहती हूं जिससे देश में महिलाओं के लिए क्रिकेट का नाम हो।'

36 वर्षीय कप्तान ने कहा, 'यह पल मेरे लिए बेहद भावनात्मक है। बचपन से यही सपना था – टीम इंडिया को विश्व कप जिताना। और जब मौका मिला, तो भगवान ने हर दुआ सुन ली। अब हम विश्व चैंपियन हैं, और यह अहसास शब्दों से परे है।'

उन्होंने 2017 विश्व कप फाइनल की हार को भी याद किया, जब भारत इंग्लैंड से 9 रन से हार गया था। 'वो हार बहुत दर्दनाक थी, लेकिन उसी ने हमें और मजबूत बनाया। तब से पूरा देश हमारे साथ खड़ा रहा, और आज हम सबने मिलकर ये सपना पूरा किया।'

अंत में हरमनप्रीत ने कहा, 'यह जीत सिर्फ हमारी नहीं, पूरे देश की है। मैदान पर खेलने वाली हर खिलाड़ी और टीवी पर देखने वाले हर फैन की जीत है।'



## मुठभेड़ में चार उग्रवादी ढेर, सेना की टुकड़ी पर की थी गोलीबारी

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार सुबह सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार उग्रवादी मारे गए। अधिकारियों के अनुसार यह मुठभेड़ हेंगलेप उपखंड के अंतर्गत आने वाले खानपी गांव में हुई। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि खानपी गांव, चुराचांदपुर से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। सेना की एक टुकड़ी वहां नियमित गश्ती पर थी, तभी उग्रवादियों ने उन पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने चार उग्रवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है और सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

## सब्जी वाले की 11 करोड़ की लॉटरी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब सरकार की दिवाली बंपर लॉटरी का 11 करोड़ का इनाम जीतने वाला आखिरकार 4 दिन बाद मिल गया। अमित राजस्थान के जयपुर में सब्जी की रेहड़ी लगाते हैं। मंगलवार को वह अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ चंडीगढ़ स्थित पंजाब स्टेट लॉटरीज ऑफिस में लॉटरी क्लेम करने पहुंचे। सरकार उन्हें चेक सौपेंगी। अमित ने बताया कि मैं गलियों में आलू-टमाटर बेचकर अपने परिवार का गुजारा करता हूं। विश्वास नहीं हो रहा कि मेरी लॉटरी निकली है। कभी रेहड़ी लगाते समय पुलिस वालों से गालियां सुननी पड़ती थीं। मैं हनुमान जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे इस काबिल बना दिया। मैंने पहली बार टिकट खरीदा है। यहां आने के लिए मेरे पास किराए के पैसे भी नहीं थे। लोगों से उधार लेकर यहां पहुंचा हूं। अब मेरी किस्मत पूरी तरह बदल गई है।

## कटनी रेल मार्ग ठप

### 10 की मौत, इलेक्ट्रिक लाइन और सिग्नल सिस्टम को नुकसान,

बिलासपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। 10 लोगों की मौत की खबर है। कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हादसा बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन के लाल खदान इलाके में हुआ। रेस्क्यू जारी है। सूचना मिलते ही रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एक मासूम को भी रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिलहाल रेस्क्यू अभियान जारी है। रेस्क्यू टीमों ने अब तक कई यात्रियों को सुरक्षित निकाला है, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा। हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी बिलासपुर से रवाना हो चुके हैं। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है। कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद ओवरहेड वायरिंग और सिग्नलिंग सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे बहाली में समय लग सकता है। तकनीकी टीमें मरम्मत और ट्रैक क्लियरेंस का काम कर रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था शुरू की है। वहीं अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि टक्कर कैसे हुई। रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक संभावना है कि सिग्नलिंग सिस्टम की गड़बड़ी या मानवीय त्रुटि के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है।

## ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामला, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा, कहा

# ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन ले सरकार

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें। ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें।



बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इसपर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को बैन किया जाए। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है। 8 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका को मंजूरी दी थी जिसमें प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी ताकि अलग-अलग फैसलों से बचा जा सके।

### 26 नवंबर को अगली सुनवाई

अब यह मामला 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुंदरम कहा, मैं एक शतरंज खिलाड़ी हूं और यह मेरा जीविका का साधन है। मैं एक एप लॉन्च करने वाला था। इस पर जस्टिस पारदीवाला ने कहा, भारत अजीब देश है। आप खिलाड़ी हैं, खेलना चाहते हैं, यह आपकी आजीविका का साधन है, इसलिए आप कार्यवाही में शामिल होना चाहते हैं। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता ऑनलाइन मैच में हिस्सा लेते हैं और इसके लिए भागीदारी शुल्क भी देते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि उनकी याचिका को भी बाकी लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए।

## हंगामेदार रही उत्तराखंड विधानसभा सत्र की शुरुआत, विपक्ष ने गंगा सफाई पर चर्चा की मांग उठाई




देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही मंगलवार को हंगामे के साथ शुरू हुई। सत्र के आरंभ होते ही धारचूला से कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने गंगा नदी की सफाई पर चर्चा कराने की मांग की। इस पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने जवाब देते हुए कहा कि गंगा सफाई को लेकर समय-समय पर सेमिनार और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें विस्तृत जानकारी दी जाती है। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने और चर्चा को क्रमवार चलाने की अपील की। इस विशेष सत्र में राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर 'राज्य की प्रगति और भविष्य का रोडमैप' विषय पर चर्चा हो रही है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने किया था सत्र का शुभारंभ

इससे एक दिन पहले सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विधानसभा सत्र का शुभारंभ किया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि उत्तराखंड को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए ठोस नीतियां और योजनाएं तैयार करनी होंगी। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को राज्य की प्रगति की प्रमुख दिशा बताया था। विशेष सत्र में राज्य के विकास की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा जारी है।

## पराली जलाने की घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में आई कमी : सीएक्यूएम

नई दिल्ली(एजेंसी)। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने मंगलवार को बताया कि इस बार पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई, जिसके वजह से दिल्ली के एक्यूआई में गिरावट दर्ज हुई। दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को 291 दर्ज हुआ, जबकि सोमवार को एक्यूआई 309 था। आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पंजाब और हरियाणा में 15 सितंबर से 3 नवंबर तक की मौजूदा कटाई के मौसम के दौरान दर्ज की गई पराली जलाने की घटनाओं(फायर काउंट्स) में भी पिछले वर्ष की तुलना में कमी देखी गई। इस वर्ष पंजाब में 2,518 फायर काउंट दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 4,132 थी। इसी तरह हरियाणा में इस वर्ष 145 फायर काउंट दर्ज हुए, जबकि 2024 में यह संख्या 857 थी। पंजाब में 2,161 खेतों और हरियाणा में 121 खेतों का निरीक्षण किया गया है तथा पंजाब में 52,75,000 रुपये और हरियाणा में तीन लाख रुपये का पर्यावरण जुर्माना लगाया गया है।

# जयपुर डंपरकांड के बाद सीएम शर्मा का एक्शन, शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस रद्द करो

जयपुर (एजेंसी)। पिंक नगरी के नाम से मशहूर जयपुर में डंपर के कहर से 14 लोगों की मौत होने के बाद भजनलाल सरकार ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आदेश जारी किए है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए।




परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से प्रदेशभर में मंगलवार (4 नवम्बर) से आगामी 15 दिन तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाएंगे। हादसे के बाद देर रात मुख्यमंत्री आवास पर सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में ट्रैफिक व रोड सेफ्टी को लेकर हाईलेवल बैठक हुई।

सीएम शर्मा ने आदेश दिया कि हाईवे के आस-पास अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाएं। प्रदेश में अवैध कटों को बंद किया जाए, ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। समय पर कार्यवाही नहीं करने वाले विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई होगी।

सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से प्रदेशभर में मंगलवार (4 नवम्बर) से आगामी 15 दिन तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाए। यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर काम करें। उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक नहीं लेने वाले जिला कलेक्टर्स से जवाब लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी वाहन लाइसेंस नवीनीकरण के समय प्रस्तुत की जाने वाली आंखों की जांच रिपोर्ट गलत पाए जाने पर उसे जारी करने वाली संबंधित डॉक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# फिलीपींस में तूफान 'कलमाएगी' से आई बाढ़ में 26 की मौत



बैंकाक (एजेंसी)। मध्य फिलीपींस में तूफान 'कलमाएगी' के कारण आई बाढ़ में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण सेबू द्वीप लगभग पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। उधर सेना ने बताया है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत प्रयासों के लिए तैनात एक हेलीकॉप्टर उत्तरी मिंडानाओ द्वीप पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया गया है कि तूफान विसायन द्वीप से गुजरते हुए पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक अधिकारियों ने सेबू में 21 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है और इससे तूफान में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई है। अधिकारी ने कहा, हमारे पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर, ज्यादातर मौतें बाढ़ के पानी में लोगों के डूबने या बह जाने के कारण हुईं। इस बीच तूफान के यहां पहुंचने से 24 घंटे पहले प्रांतीय राजधानी सेबू सिटी के आसपास 183 मिलीमीटर बारिश हुई, जो उसके मासिक औसत 131 मिलीमीटर से कहीं ज्यादा है। प्रांतीय गवर्नर पामेला बर्रिक्वाट्रो ने मंगलवार को फेसबुक पोस्ट में कहा, सेबू की स्थिति वास्तव में गंभीर है। हम हवाओं को खतरनाक मान रहे थे, लेकिन पानी ही वास्तव में हमारे लोगों के लिए खतरा बन गया है। बाढ़ का पानी विनाशकारी है। स्थानीय आपदा अधिकारी एथेल मिनोजा के अनुसार सेबू सिटी में दो बच्चों के शव बरामद किए गए हैं, जहां बचावकर्मी अभी भी बाढ़ में फंसे निवासियों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। लेयते प्रांत में एक बुजुर्ग निवासी अपने घर की ऊपरी मंजिल में बाढ़ के पानी में डूब गया जबकि बोहोल में एक व्यक्ति की पेड़ के गिरने से मौत हो गई। बर्रिक्वाट्रो के अनुसार तूफान से पहले लगभग चार लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया था। इस बीच फिलीपींस की सेना ने पुष्टि की कि राहत प्रयासों के लिए तैनात एक हेलीकाप्टर मंगलवार शाम को उत्तरी मिंडानाओ द्वीप पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पूर्वी मिंडानाओ कमांड ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुपर ह्यूई हेलीकॉप्टर 'बुटुअन' तटीय शहर की ओर जा रहा था।

## पाकिस्तान में लाहौर की हवा सबसे खराब


लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में धुंध यानि स्मॉग के खतरनाक स्तर पर पहुँचने के कारण लाहौर वायु गुणवत्ता के मामले में देश का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। सरकारी खबरों के मुताबिक लाहौर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 379 तक पहुँच गया है,जबकि लोअर मॉल क्षेत्र में यह 743 दर्ज किया गया। इससे यह एक बार फिर पाकिस्तान का सबसे ज्यादा वायु प्रदूषित शहर बन गया है। पंजाब के अन्य शहर भी गंभीर वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं। गुजरांवाला का एक्यूआई 280, मुल्तान का 210, सियालकोट का 184 और फैसलाबाद का एक्यूआई 251 तक पहुँच गया है। पंजाब सरकार और पर्यावरण विभाग ने स्थिति पर काबू पाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। प्रदूषण फैलाने वाली कई औद्योगिक इकाइयों को बंद कर दिया गया है और ऐसे कारखानों को सील कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक 41 आधुनिक वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणालियाँ सक्रिय कर दी गई हैं।

# गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर को बॉस्टन ग्लोबल फोरम द्वारा 2025 वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

बॉस्टन (एजेंसी) । बॉस्टन ग्लोबल फोरम और ए आई वर्ल्ड सोसाइटी ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी को वैश्विक शांति स्थापना, मेल-मिलाप, और मानवीय नेतृत्व के क्षेत्र में किए गए असाधारण योगदानों के लिए2025 वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया, यह सम्मान इस पुरस्कार की 10वीं वर्षगांठ (2015-2025) को भी चिह्नित करता है, जो उन विश्व नेताओं को समर्पित है जिन्होंने नैतिक साहस, दूरदर्शी शासन और करुणा के माध्यम से वैश्विक शांति और नैतिक प्रगति को आगे बढ़ाया है। एक दशक की वैश्विक नैतिक नेतृत्व यात्रा 2015 में आरंभ हुए इस पुरस्कार ने उन विशिष्ट नेताओं को सम्मानित किया है जिन्होंने विश्व शांति की नैतिक



और रणनीतिक नींव को सुदृढ़ किया। पिछले सम्मानित नेताओं में शामिल हैंः जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे और जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल 2015 संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बान की-मून झ 2016 फि नलैंड के राष्ट्रपति सॉली निनिस्टो झ 2018 यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूक्रेन की जनता झ 2022 फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 2024 अपनी दसवीं वर्षगांठ पर, बॉस्टन ग्लोबल फोरम ने गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का सम्मान करते हुए यह पुनः स्थापित किया कि 21वीं सदी की शांति आंतरिक संतुलन, अंतर-धार्मिक संवाद और नैतिक प्रौद्योगिकी पर आधारित होनी चाहिए। शांति और मेल-मिलाप में वैश्विक नेतृत्व गुरुदेव को विश्वभर में शांति और मेल-मिलाप के क्षेत्र में उनके नेतृत्व, 180 देशों में उनके मानवीय प्रभाव, और ए आई के युग में उनके नैतिक मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। फोरम ने उन्हें निष्पक्ष और निर्मल सेतु-निमार्ता बताया। उनके शांति प्रयास संवाद से कहीं आगे बढ़े हैं -उन्होंने कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में व्यक्तिगत रूप से मध्यस्थता की है, जिनमें शामिल हैंः कोलंबिया, जहाँ उनके हस्तक्षेप ने सरकार और ऋछअफ्ठ के बीच 52 साल पुराने सशस्त्र संघर्ष को समाप्त करने में मदद की। इराक, श्रीलंका, म्यांमार और वेनेजुएला, जहाँ उन्होंने विश्वास और करुणा के माध्यम से विरोधी पक्षों को एक मंच पर लाया। कश्मीर, जहाँ उन्होंने हजारों उग्रवादियों को हिंसा त्यागने और समाज में पुनः शामिल होने के लिए प्रेरित किया। गुरुदेव का सम्मानित करते हुए हम एक ऐसे आध्यात्मिक प्रकाशपुंज का उत्सव मना रहे हैं जो पूर्व की प्रज्ञा और पश्चिम के नवाचार को जोड़ता है।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902